

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बजटसे पूर्व उद्यमियों से संवाद करती हुई और उनका सुझाव लेती हुई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 19 अंक: 64 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# उत्तराखंड की प्रगति में पर्यटन का अहम रोल: प्रधानमंत्री मोदी

● प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के पर्यटन क्षेत्र में विविधता लाने पर दिया जोर, बोले- कोई ऑफ सीजन नहीं होना चाहिए

**पर्यटन पर बल**

**उत्तराखंड में कोई भी मौसम ऑफ सीजन नहीं होना चाहिए और पर्यटन को यहां हर मौसम में चालू रहना चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि उत्तराखंड में कोई भी मौसम ऑफ सीजन नहीं होना चाहिए और पर्यटन को यहां हर मौसम में चालू रहना चाहिए। उन्होंने राज्य में बारहमासी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड के हर्षिल में ट्रेक और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाने के बाद शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने उत्तरकाशी जिले के हर्षिल में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने माणा गांव में हुई हिमस्खलन की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में देश के लोग प्रभावित परिवारों के साथ एकजुटता के साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में विविधता लाना और इसे सालभर चलने वाली गतिविधि बनाना उत्तराखंड के लिए महत्वपूर्ण और आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कोई ऑफ-सीजन नहीं होना चाहिए और पर्यटन को हर मौसम में फलना-फूलना चाहिए। वर्तमान में पहाड़ों में पर्यटन मौसमी है, जिसमें मार्च, अप्रैल, मई और जून के दौरान पर्यटकों की अच्छी-खासी आमद होती है। हालांकि, इसके बाद पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आती है, जिससे सर्दियों के दौरान अधिकांश होटल, रिसॉर्ट और होमस्टे खाली हो जाते हैं। इस असंतुलन के कारण उत्तराखंड में साल के एक बड़े हिस्से में आर्थिक स्थिरता बनी रहती है।




## विशेष वन्यजीव सफारी के आयोजन का भी सुझाव

**पीएम** ने कहा कि योग गुरुओं से उत्तराखंड में सालाना योग शिविर आयोजित करने का आग्रह किया। उन्होंने उत्तराखंड की एक विशिष्ट पहचान स्थापित करने के लिए सर्दियों के मौसम में विशेष वन्यजीव सफारी के आयोजन का भी सुझाव दिया। 360 डिग्री दृष्टिकोण अपनाने और हर स्तर पर काम करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सुविधाओं के विकास के साथ-साथ जागरुकता फैलाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

## पीएम ने साहसिक खेलों को एक नई दिशा और संभावना दी

**गंगा** मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद तय कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री 10 :30 बजे हर्षिल पहुंचे। प्रधानमंत्री ने उच्च हिमालय क्षेत्र के अनछुए ट्रेक नीलपानी-मुलुंगला, जनकताल, जादुंग, मोटर बाइक व एटीवी-आरटीवी ट्रैकिंग अभियानों को फ्लैग ऑफ किया। उच्च हिमालय क्षेत्र के इन ट्रैकिंग अभियानों की पहली बार शुरूआत कर प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के साहसिक खेलों को एक नई दिशा और संभावना दी है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा, सांसद राजलक्ष्मी शाह, राज्य के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, श्रीपांच गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल आदि मौजूद रहे।

## पीएम ने मुखवा मंदिर में की पूजा-अर्चना

**देहरादून/उत्तरकाशी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड के अपने एक दिवसीय दौरे में आज गंगोत्री के शीतकालीन प्रवास मुखवा मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ ही हर्षिल से उच्च हिमालय क्षेत्र के अनछुए ट्रेक नीलपानी-मुलुंगला, जनकताल, जादुंग, मोटर बाइक एवं एटीवी-आरटीवी ट्रैकिंग अभियानों को फ्लैग ऑफ कर नया इतिहास रचा है। पहली बार उत्तराखंड की शीतकालीन यात्रा को विश्वस्तर पर प्रोत्साहन मिला है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता महिला समूह की महिलाओं से लखपति दीदी योजना को लेकर बातचीत की।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड के अपने एक दिवसीय दौरे में गंगोत्री के शीतकालीन प्रवास मुखवा मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## किसी की आजादी के मामलों में लंबी तारीख देने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के एक जमानत याचिका की सुनवाई को दो महीने बाद की तारीख देने पर टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि अदालतों से आजादी से जुड़े मामलों को लंबे अंतराल के बाद रखने की उम्मीद नहीं है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट की ओर मेडिकल आधार पर अस्थायी जमानत की याचिका पर सुनवाई दो महीने बाद के लिए टालने पर सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह टिप्पणी की। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता ने अपनी दो साल की बेटी की तत्काल सर्जरी को लेकर अस्थायी जमानत के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट ने 21 फरवरी को पारित अपने आदेश में मामले की सुनवाई 22 अप्रैल के लिए टाल दी थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट में पीठ ने कहा कि आजादी के मामलों में अदालतों से मामले को इतनी लंबी तारीख तक रखने की उम्मीद नहीं की जाती है।

## ध्यान, योग, उपवास निवारक स्वास्थ्य सेवा के प्रमुख घटक: मनसुख

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को कहा कि ध्यान, योग और उपवास निवारक स्वास्थ्य सेवा के प्रमुख घटक हैं।डॉ. मंडाविया हरियाणा के फरीदाबाद में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सहयोग से आरोग्य भारती द्वारा आयोजित "स्वास्थ्य चुनौतियां और स्वस्थ जीवन शैली" विषय पर आयोजित एक सेमिनार में बोल रहे थे। अनुक्रमण अनुप्रयोग सहित उन्नत चिकित्सा सुविधाओं का लोकार्पण किया।

## यूपी में आंतकी गिरफ्तार: महाकुंभ में तबाही की थी योजना

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के एक आंतकी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि महाकुंभ में तबाही की योजना थी। इसके पास जो हथियार बरामद हुए हैं, उसे देखकर टीम के होश उड़ गए। यूपी एसटीएफ ने गुरुवार को बब्बर खालसा इंटरनेशनल (खालिस्तानी आतंकी संगठन) एवं आईएसआई के माड्यूल के सक्रिय आतंकी को गिरफ्तार किया है। इसे कौशांबी जिले से पकड़ा गया है। इसकी पहचान लजर मसीह पुत्र कुलविंदर के रूप में हुई है। इसके कब्जे से खतरनाक हथियार बरामद हुए हैं। पकड़ा गया आतंकवादी महाकुंभ में हमला करने की योजना बनाकर यहां पहुंचा था। केंद्रीय एजेंसियों से प्राप्त इनपुट पर काम करते हुए यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अपर पुलिस अधीक्षक लाल प्रताप सिंह की टीम ने पंजाब का भगोड़ा एवं बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े खालिस्तानी आतंकी लजर को गिरफ्तार कर लिया है। यह कुरतियां, पोस्ट मकीवल, थाना रामदास, अमृतसर, पंजाब का रहने वाला है।



**हथियार बरामद**

**बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े खालिस्तानी आतंकी लजर को गिरफ्तार कर लिया**

**फर्जी पासपोर्ट बनवाने की फिराक में था**

इसके कब्जे से तीन सक्रिय हैंड ग्रेनेड, दो जिलेटिन रॉड, दो सक्रिय डेटोनेटर, एक विदेशी पिस्टल, 13 र&इ विदेशी कारतूस जिंदा, एक मोबाइल (बिना सिम कार्ड) और एक फर्जी पते का आधार कार्ड बरामद हुआ है। बताया गया कि इसने फर्जी अभिलेखों के आधार पर गाजियाबाद से आधार कार्ड बनवाया था। उसी के माध्यम से फर्जी पासपोर्ट बनवाने की फिराक में था। आतंकी लजर पाकिस्तान में बैठे तीन आईएसआई एजेंटों के संपर्क में है।

## ईडी ने एसडीपीआई के 12 दफ्तरों पर देशभर में छापेमारी की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। प्रव**र्तन निदेशालय (ईडी) ने सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) से जुड़े 12 ठिकानों पर छापेमारी की है। केंद्रीय जांच एजेंसी की ये छापेमारी एसडीपीआई मुख्यालय समेत दिल्ली में दो जगहों पर चल रही है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि ईडी ने एसडीपीआई के करीब 12 ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की है। कर्नाटक के बेंगलुरु, आंध्र प्रदेश के नांदयाल, महाराष्ट्र के ठाणे, पश्चिम बंगाल के कोलकाता और राजस्थान के जयपुर में चल रही है।

## बारबाडोस ने मोदी को सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कैरेबियाई देश बारबाडोस ने कोविड-19 महामारी के दौरान रणनीतिक नेतृत्व और बहुमूल्य सहायता के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस से सम्मानित किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से पुरस्कार भारत के विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने ग्रहण किया। बयान के अनुसार, 20 नवंबर 2024 को गुयाना के जॉर्जटाउन में दूसरे भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया अमोर मोटले और प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात हुई थी। इस दौरान बाराडोस की प्रधानमंत्री मोटले ने कोविड-19 महामारी की विकट परिस्थिति में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समर्थन को मजबूत करने में प्रधानमंत्री मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहते हुए उन्हें ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस देने की घोषणा की थी। विदेश राज्यमंत्री मार्गेरिटा ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का प्रतिनिधित्व करना और उनकी ओर से यह प्रतिष्ठित पुरस्कार स्वीकार करना उनके लिए बहुत सम्मान की बात है। यह सम्मान भारत और बारबाडोस के बीच प्रगाढ़ होते संबंधों को रेखांकित करता है साथ ही विशेष रूप से संकट के समय में सहयोग और विकास के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। वर्ष 1966 में राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से भारत और बारबाडोस ने निरंतर जुड़ाव और विकास पहलों द्वारा एक मजबूत साझेदारी को बढ़ावा दिया है।

**सम्मान**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से पुरस्कार भारत के विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने ग्रहण किया**

## ब्रिटेन यात्रा: जयशंकर की सुरक्षा में चूक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारत ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान सुरक्षा संबंधी उल्लंघन की निंदा की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम चरमपंथियों के एक छोटे समूह की उकसावे की गतिविधियों की निंदा करते हैं। हम कुछ तत्वों द्वारा लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग किए जाने की निंदा करते हैं। हम अपेक्षा करते हैं कि मेजबान सरकार ऐसे मामलों में अपने कूटनीतिक दायित्वों का निर्वहन करेगी। जयशंकर ब्रिटेन और आयरलैंड के छह दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने लंदन के चैथम हाउस थिंक टैंक में हिस्सा लिया था। इसी चैथम हाउस के बाहर खालिस्तानी उपद्रवियों ने उत्पात मचाया था। उन्होंने खालिस्तानी समर्थक नारे लगाए और झंडे लहराए। दरअसल, लंदन के चैथम हाउस थिंक टैंक में बुधवार शाम विश्व में भारत का उदय और भूमिका' शीर्षक पर सत्र आयोजित किया गया था।



**प्रदर्शन**

**खालिस्तानी उपद्रवियों ने उत्पात मचाया था। खालिस्तानी समर्थक नारे लगाए और झंडे लहराए**

## उदयनिधि के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज करने पर रोक



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सनातन धर्म को लेकर आपत्तिजनक बयान देने के मामले में तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज करने पर रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने उदयनिधि स्टालिन को मिली अंतरिम संरक्षण को बरकरार रखा है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने ट्रायल कोर्ट में पेशी से दी गई छूट को भी बरकरार रखा है। इससे पहले 14 अगस्त, 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने कुछ राज्यों में दर्ज एफआईआर को एकसाथ जोड़ने की मांग पर सुनवाई करते हुए महाराष्ट्र और बिहार सरकार को नोटिस जारी किया था।

## महिला दिवस: मुर्मु 'नारी शक्ति से विकसित भारत' सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। अं**तरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय विज्ञान भवन में नारी शक्ति से विकसित भारत विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारी और विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। इस अवसर पर हैश टैग शी बिल्ड भारत के माध्यम से एक व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों तथा दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों के साथ-साथ ह्यमेरा युवा भारतह्न के स्वयंसेवक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की सदस्य आदि भाग लेंगी।

**विशिष्ट**

**अन्नपूर्णा देवी और राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारी और विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे**

**समारोह** | **लोक निर्माण मंत्री ने देवता साहिब पलथान शोली में मन्दिर प्रतिष्ठा में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की:-**

## टिक्कर-खामड़ी के सड़क के लिए 55 करोड़ स्वीकृत: लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**रामपुर: रामपुर** उपमंडल के ननखड़ी स्थित देवता साहब पल्थान शोली के पुनः निर्मित मंदिर की प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोक निर्माण एवम शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने लोगों को संबोधित करते कहा कि वर्तमान सरकार ननखरी खंड में 100 करोड़ रूपए के विकास कार्य हो रहे है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में टिक्कर- खामडी सड़क के लिए 55 करोड़ रूपए स्वीकृत किया गया है और एक महीने के भीतर ही कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना - 4 में ननखड़ी खण्ड के लिए 21 सड़कों का प्रावधान रखा है। उन्होंने लोगों से अपील की इस सड़क के निर्माण के लिए भूमि विभाग के नाम करे ताकि इसका कार्य को जल्दी आरम्भ किया जा सके।



**विकास पर बल**

**वर्तमान सरकार ननखरी खंड में 100 करोड़ रूपए के विकास कार्य हो रहे है: विक्रमादित्य सिंह**

इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष दर्शन दास ठाकुर ने बताया कि इस पुनः निर्माण में लगभग सवा करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इस मन्दिर के पुनः निर्माण के लिए पांच लंबरदारी के 1800 परिवारो ने लगभग 80 लाख रुपये का सहयोग दिया है।

जबकि तीस लाख रुपये विधायक निधि, भाषा संस्कृति विभाग और उपायुक्त शिमला के सहयोग से प्राप्त हुए है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है, जिसके पुनर्निर्माण की आवश्यकता महसूस की गई। नए मंदिर में देवता साहब के प्रवेश के पश्चात साथ वाले पुराने मंदिर का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा। पांच दिवसीय इस आयोजन में पांच लंबरदारी के लोगों सहित क्षेत्रभर और बाहरी स्थानों से सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूर्णाहुति के साथ मन्दिर प्रतिष्ठा समारोह का विधिवत समापन हुआ और श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया। इसके उपरान्त लोक निर्माण मंत्री ने शोली में लोगों की जन समस्याएं भी सुनी और इनका निदान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी नागरिक रामपुर निशांत तोमर, निदेशक पर्यटन यश पाल, चेयरमैन एफएमसी जगत भंडारी व लोक निर्माण, विद्युत के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## 12वीं कक्षा के बाद बीएड पाठ्यक्रम शुरू करने पर हो रहा विचार: सुक्खू




**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला। मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार 12वीं कक्षा के बाद सीधे बीएड कोर्स शुरू करने पर विचार कर रही है। वह आज यहां सेंट बीड्स कॉलेज, शिमला के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सरकार ने युवाओं को कौशलयुक्त बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा स्टोरेज जैसे नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। उन्होंने कॉलेज के मेधावी छात्रों के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा की और कहा कि सरकार राज्य में महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

# दुधेश्वरनाथ मंदिर का तर्ज पर जीर्णोद्धार शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** ऐतिहासिक श्रीदूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर कॉरिडोर के प्रथम चरण में मुख्य द्वार और यात्री निवास का निर्माण कार्य आज शुरू हो गया। पिछले दिनों प्रदेश सरकार ने पिछले दिनों काशी के विश्वनाथ मंदिर और उज्जैन के महाकालेश्वर की तर्ज पर इसका जीर्णोद्धार करने का निर्णय लिया था। इसी के अंतर्गत निर्माण कार्य शुरू हुआ है। यहां के महंत नारायण गिरी ने बताया कि ऐतिहासिक श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर से गाजियाबाद की देश ही नहीं पूरे विश्व में पहचान है। मंदिर में लंका नरेश रावण के पिता से लेकर रावण और छत्रपति शिवाजी महाराज तक पूजा-अर्चना कर चुके हैं। मंदिर की ऐतिहासिकता को देखते हुए केंद्र व उत्तर प्रदेश की सरकार ने कॉरिडोर बनाकर मंदिर का काशी के विश्वनाथ मंदिर व उज्जैन के महाकालेश्वर की तर्ज पर जीर्णोद्धार करने का निर्णय लिया था। कॉरिडोर के तहत मुख्य द्वार के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। यात्री निवास का कार्य भी शुरू होने जा रहा है। कॉरिडोर का कार्य पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से किया जा रहा है। निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज व मंदिर के पीठाधीश्वर श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटेड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का आभार व्यक्त किया। महंत नारायण गिरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान राम का भव्य मंदिर बना और 500 वर्ष के बाद रामलला विराजमान हुए। आज अयोध्या का भव्य मंदिर पूरे विश्व में धर्म व आध्यात्म का प्रमुख केंद्र बन गया है। देश भर में प्रमुख मंदिरों के जीर्णोद्धार व सौंदर्यकरण का कार्य किया जा रहा है, जिससे सनातन धर्म व भारतीय संस्कृति का परचम पूरे विश्व में फहरा रहा है। श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर ऐतिहासिक व सिद्धपीठ है। इस मंदिर की स्थापना खुद लंकापति रावण के पिता ऋषि विश्रवा ने की थी। रावण भगवान दूधेश्वर की पूजा करने के लिए आता था। छत्रपति शिवाजी महाराज ने मंदिर में पूजा-अर्चना करने के साथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था। उन्होंने कहा कि मंदिर की बहुत अधिक मान्यता होने से यहां विश्व भर से श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने के लिए आते हैं। मंदिर में कॉरिडोर बनने से जहां उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और धर्म व आध्यात्म की पताका फहराएगी।



**निर्माण कार्य**

मठ महादेव मंदिर कॉरिडोर के प्रथम चरण में मुख्य द्वार और यात्री निवास का निर्माण कार्य आज शुरू हो गया

# टीमें बिल्डर ग्रुप से जुड़े प्रॉपर्टी एजेंटों तक भी पहुंचीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा :** आयकर विभाग की नोएडा यूनिट ने बुधवार को रियल एस्टेट से जुड़े काउंटी बिल्डर ग्रुप पर छापा मारा। कैश में फ्लैट व अन्य संपत्तियों को बेचकर आयकर चोरी के इनपुट पर 5 शहरों में ग्रुप के 26 ठिकानों पर टीमें पहुंचीं। कोलकाता, गुड़गांव के दो-दो, गाजियाबाद के पांच, दिल्ली के चार, नोएडा के 12 ठिकानों पर कार्रवाई की गई। टीमें बिल्डर ग्रुप से जुड़े प्रॉपर्टी एजेंटों तक भी पहुंचीं। देर शाम तक जारी रही कार्रवाई में आयकर विभाग ने किसी तरह की बरामदगी की सूचना आधिकारिक तौर पर नहीं दी है। लेकिन बड़ी तादाद में दस्तावेज, लैपटॉप व कम्प्यूटर विभाग ने कब्जे में लिए हैं। काउंटी ग्रुप मौजूदा समय में कई ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं का निर्माण अलग-अलग शहरों में कर रहा है। ग्रुप की परियोजनाओं में फ्लैट उच्च आय वर्ग व कारोबारियों की आय की पहुंच में होते हैं। अधिकतर फ्लैट की कीमत 3 करोड़ से शुरू होती है। नोएडा में इस समय सेक्टर-120 में आईवी काउंटी और सेक्टर-107 में काउंटी-107 परियोजनाएं चल रही हैं।


## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना संख्याः** ए.जी.सी.-ई.एल.जी.-टी-29-2024-25 **दिनांकः** 03.03.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है।

**कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल के एमटीजे-पीडब्ल्यूएल खंड में तीसरी और चौथी लाइन पर स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग के प्रावधान के लिए विद्युतीकरण कार्य।

**कार्य पूरा करने की अवधिः** 08 माह। **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹3762343.62

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways Website **www.ireps.gov.in** देखें। टेंडर्स केवल वेब पोर्टल Indian Railways website **www.ireps.gov.in** पर **15:00 बजे** तक **दिनांक 31.03.2025** तक टेन्डर डाल सकते है। **416/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# पेड़ से टकराई कार, एक छात्र की मौत; तीन की हालत नाजुक

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा :** बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार दोपहर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में गलगोटिया यूनिवर्सिटी के एक छात्र की मौत हो गई, जबकि तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा चुहड़पुर एनएसजी चौक से पहले शारदा यूनिवर्सिटी रोड पर हुआ। जब छात्रों की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ने के बाद पेड़ से टकरा गई। सूचना पर पहुंची बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। कार को कब्जे में लेकर मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, एनआरआई सिटी सोसाइटी के शिवम उर्फ अभिनव, सिवान बिहार के आर्य, अल्फा-2 के अभय और और झांसी के पंडित उर्फ ध्रुव गलगोटिया के छात्र हैं। आर्य अभय वर्तमान में अल्फा-2 में रहते थे। वहीं उनके साथ ध्रुव भी साथ रहता था। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे चारों छात्र स्कार्पियो कार से अल्फा-2 स्थित घर पर जा रहे थे। कार को शिवम चला रहा था। शारदा यूनिवर्सिटी रोड पर चुहड़पुर एनएसजी चौक से पहले तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर पर चढ़ी फिर इसके बाद पेड़ से जा टकरा गई। हादसे में चारों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई।

वहां से गुजर रहे लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के आने से पहले ही किसी छात्रों को कार का दरवाजा खोलने के साथ शीशा तोड़कर बाहर निकाला। वहीं सूचना पर पहुंची बीटा-2 कोतवाली कोतवाली पुलिस ने पहले एंबुलेंस बुलाकर ध्रुव को इलाज के लिए कासना स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे इलाज शुरू करने से पहले ही मृत घोषित कर दिया।

हादसे में मार गए युवक की उम्र 22 साल बताई गई है।

# खुद कटवाया अपना प्राइवेट पार्ट, वजह जान पुलिस ने पकड़ा माथा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद:** वेव सिटी थाना क्षेत्र में 28 फरवरी की रात डेरी संचालक का अंदरूनी अंग काटने के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार किए गए हैं। आरोपितों में दो किन्नर भी शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि किन्नर गुरु बनने के लिए खुद डेरी संचालक ने साजिश रची थी और काम करने के लिए भुगतान भी किया था।

**किन्नर गुरू पारो पर लगाया था आरोप :** एसीपी वेव सिटी उपासना पांडे के मुताबिक, बधाई मांगने में होने वाली कमाई को देखते हुए डेरी संचालक ने खुद किन्नर गुरु बनने की योजना बनाई। इसी के तहत उसने अपने अंदरूनी अंग को काटकर आरोप किन्नर गुरु पारो पर लगवाया है।

**तीन आरोपित पकड़े गए :**



मामले में दिल्ली के शास्त्री पार्क निवासी तानिया खान उर्फ बंगालन, बम्हेटा निवासी जोगेंद्र उर्फ मोहिनी और मानसरोवर पार्क कॉलोनी निवासी ब्रह्म सिंह उर्फ अजय पकड़े गए हैं।

**पूछताछ में आरोपियों कबूला सच:** पुलिस के मुताबिक, आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि मानसरोवर पार्क में पारो नाम का किन्नर रहता है। जिसके पास काफी संपत्ति है। हम लोग पारो किन्नर से क्षेत्र को लेकर दुश्मनी रखते हैं। जिसे लेकर हम लोगों ने यह योजना बनाई थी कि हम लोग अपने पुराने साथी डेरी संचालक को किन्नर गुरु बना दें, लेकिन किन्नर समुदाय में बिना प्राइवेट पार्ट हटवाये शामिल नहीं हो सकता था और न ही पारो किन्नर का गुरु पद ग्रहण कर सकता था।

**साजिश रची**

किन्नर गुरु बनने के लिए खुद डेरी संचालक ने साजिश रची थी और काम करने के लिए भुगतान भी किया

**कब हुई थी घटना ?**

28 फरवरी की रात घटनाक्रम को अंजाम दिया गया था। तानिया खान उर्फ बंगालन ने शेविंग में इस्तेमाल होने वाले ब्लेड से डेरी संचालक का प्राइवेट पार्ट काट दिया और अपने साथ ले गए। प्राइवेट पार्ट को आरोपितों ने हरनंदी में फेंक दिया। डेरी संचालक ने अपने भतीजे कपिल यादव के जरिए जोगेंद्र उर्फ मोहिनी को पांच हजार रुपये पेटीएम किए और पांच हजार रुपये नकद दिए थे।


## प्रत्यक्षदर्शियों से जानलेवा सड़क दुर्घटना में जांच मे सहायता के लिए अपील

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना दरियागंज, दिल्ली, मे दिनाँक 31.10.2023, को बाहरी रिंग रोड पर, यू–टर्न, राजघाट बस डिपो के पास, कश्मीरी गेट बस टर्मिनल की ओर जाने वाली तरफ, दिल्ली में एक सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई थी जिसमे एक स्कूटी सवार सख्स की असामयिक मृत्यु हो गयी थी जिसका नाम–पता **प्रशांत जैन पुत्र** श्री प्रदीप जैन **निवासी** मकान नंबर टी–178/3, गली नंबर. 4, गौतमपुरी, न्यू सीलमपुर, उत्तरी–पूर्वी दिल्ली, उम्र–26 वर्ष। उपरोक्त सड़क दुर्घटना की बाबत थाना दरियागंज, दिल्ली मे मुकदमा संख्या **544/2023, U/s 279/304A IPC** के तहत, दिनाँक **31.10.2023** को दर्ज किया गया।

पुलिस के अथक प्रयासो के बावजूद उपरोक्त घटना मे टक्कर मारने वाली गाड़ी और उस गाड़ी के चालक के बारे मे कोई शुराग नहीं मिल सका था, लिहाजा हम उन व्यक्तियों से सहायता की अपील करते हैं, जिन्होंने निम्नलिखित घटना को घटते हुये देखा है या जिनके पास इस मामले से संबंधित कोई महत्वपूर्ण जानकारी हो।

आपकी सहायता इस मामले को हल करने और जिम्मेदार व्यक्तियों को दंडित करने में और पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाने मे अत्यंत महत्वपूर्ण है। सूचना देने वाले व्यक्तियों की जानकारी को गोपनीय रखा जाएगा और उसे सम्मानित किया जाएगा। जिस किसी को भी इस सड़क दुर्घटना के बारे मे जानकारी हो तो वह तुरन्त DIU/Central Distt, PS Daryaganj में निम्नलिखित फोन न० पर जल्द से जल्द सूचित करे।

**ACP/DIU/Central Distt.**
**PS Daryaganj, New Delhi.**
**Ph. 91-6828401912, 9992352000**
**Email: ACP-DIU-Central@delhipolice.gov.in** **DP/2757/CD/2025**


# बीसा कॉलोनी के पास झुग्गी-झोपड़ियों में लगी भीषण आग, कई परिवारों का हजारों का सामान जलकर राख

**टीम एक्शन इंडिया**

**बुलंदशहर:** बुलंदशहर नगर की बीसा कॉलोनी स्थित ईदगाह के बाद झुग्गी-झोपड़ियों में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। पीड़ित लोगों के मुताबिक आग में तीन बकरी और सात बकरे और 15 मुर्गियां मर गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। पीड़ित लोगों के मुताबिक झोपड़ियों में रखा लाखों का सामान भी जलकर राख हो गया। बीसा कॉलोनी ईदगाह के पास झुग्गी-झोपड़ियां रखी हुई है।





बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12 बजे झुग्गी-झोपड़ियों में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने से इश्तियाक, अहतारुल चौधरी, कुर्बान शेख, सुबराती और इम्तियाज की झोपड़ी जलकर राख हो गईं। इश्तियाक ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी के निकाह के लिए दहेज का सामान भी झोपड़ी में रखा था। अहतारुल ने बताया कि झोपड़ी में रखी 50 हजार की नकदी व घरेलू सामान, कुर्बान शेख का घरेलू सामान, इम्तियाज की झोपड़ी में 50 हजार का सामान, सुबराती का घरेलू सामान, 20 हजार की नकदी, तीन बकरी, सात बकरे और 15 मुर्गी जलकर मर गई। झोपड़ियों में आग लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथ ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशीष** पुत्र मुर्शीद, निवासी आर-7/डबल्यू-49, झुग्गी नं. 115, सुल्तान पुरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 668/21 धारा 380/411 भा.दं.स. थाना राज पार्क, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आशीष** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आशीष** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 668/21 धारा 380/411 भा.दं.स. थाना राज पार्क, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आशीष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **22.04.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री इब्बानी अग्रवाल,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-03 (उत्तर-पश्चिम),**
**कमरा नं. 107, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली।**

**DP/2808/OD/2025**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कोमल** पत्नी **दुर्गेश** निवासी **भूतल, प्रथम तल, म.नं. 172 के सामने की परिसर, प्रेम नगर, जी–ब्लॉक, पोल नं. एनजेएफएफ 732, नजफगढ़, नई दिल्ली–110043** ने **Ct. Case No. 785/2022 U/s 135 of the Indian Electricity Act,** थाना छावला, **दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **कोमल** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कोमल** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है।)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **Ct. Case No. 785/2022 U/s 135 of the Indian Electricity Act,** थाना छावला, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **कोमल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **07.04.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद कुमार मीणा
अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश, (दक्षिण पश्चिम),
विशेष अदालत (इलेक्ट्रिसिटी) कमरा नं. 609,
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/2830/DW/2025(Court Matter)


# बहलोलपुर की झुग्गियों में लगी भयंकर आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा :** मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि देर रात को बहलोलपुर गांव में झुग्गी बस्ती में आग लगने की सूचना मिली थी। शुरुआत में दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था लेकिन वहां पर आग के भयंकर रूप लेने के कारण सात अन्य दमकल वाहनों को भेजा गया। अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाने के साथ-साथ लोगों को झुग्गियों से बाहर निकालने में लग गए। आग लगने से 50 से अधिक झुग्गियां जलकर खाक हो गई। वहीं करीब 50 से 100 झुग्गियों को बचा लिया गया। आग लगने के बाद लगातार कई सिलेंडर के फटने से आग में भयंकर रूप ले लिया।

# पार्क में मिला श्रमिक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** इंदिरापुरम में अभयखंड चौकी से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित ग्रीन पार्क एक में बृहस्पतिवार सुबह करीब सात बजे युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान खोड़ा थानाक्षेत्र के लोकप्रिय विहार में रहने वाले मोहम्मद जलाल (26) के तौर पर हुई। वह मूलरूप से बिहार के पूर्णिया का रहने वाला था। पांच मार्च की शाम करीब पांच बजे वह खाना खाकर घर से निकला था।


## नौएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर–6, नौएडा–201301, उ0प्र0
वेबसाईट : www.noidaauthorityonline.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाईट **Website: www.noidaauthorityonline.in** एवं **http://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 27/महा०प्र०/पीई(पीएच–II)/ई०टी०/2024–25 | जन स्वास्थ्य खण्ड–द्वितीय के कार्यक्षेत्र में साईनबोर्ड एवं डस्टबिन लगाने का कार्य। | Rs. 1796380.40 | द्वितीय बार |

उपरोक्त निविदाओं को **दिनांक 06.03.2025 से 17.03.2025 को 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन **दिनांक 18.03.2025 को 11.00 बजे** खोली जायेगी।

**कार्यालयः**
**सैक्टर – 94**

महाप्रबन्धक
(जन स्वास्थ्य) नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **रहीश अहमद पुत्रः अनीष अहमद, पताः** मकान नं. जे–73, ई–49, ब्लॉक, नियर खजूर वाली मस्जिद जनता मजदूर कॉलोनी, वेलकम दिल्ली, **FIR No. 183/2016, U/s 380/457/34 IPC,** थानाः जाफराबाद, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रहीश अहमद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रहीश अहमद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 183/2016, U/s 380/457/34 IPC,** थानाः जाफराबाद, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रहीश अहमद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आयुषी सक्सेना, एलडी.**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी—05**
**कमरा नं. 07, दूसरी मंजिल**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/2854/NE/2025**
**(Court Matter)**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। 2

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। 2

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक, नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# उद्यमियों ने बजट को लेकर मुख्यमंत्री को दिया सुझाव

## मुख्यमंत्री ने व्यापार जगत की चिंताओं को गंभीरता से सुना

**सुझाव**

**महत्वपूर्ण सुझावों को बजट नीति-निर्माण प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली के** व्यापार संगठनों एवं उद्यमियों ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2025-26 के बजट को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के समक्ष अपने सुझाव रखे। मुख्यमंत्री ने व्यापार जगत की चिंताओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उनके महत्वपूर्ण सुझावों को बजट नीति-निर्माण प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। इस कार्यक्रम का संचालन कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री एवं संसद सदस्य प्रवीण खंडेलवाल ने किया। खंडेलवाल ने इस बैठक के बाद एक बयान में कहा कि दिल्ली में "विकसित दिल्ली" कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने व्यापार और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद किया। खंडेलवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम में दिल्ली के विभिन्न कारोबारी संगठनों एवं उद्यमियों ने भाग लिया। उन्होंने आगामी बजट को लेकर अपने सुझाव एवं अपेक्षाएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री ने व्यापार जगत की चिंताओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उनके महत्वपूर्ण सुझावों को बजट नीति-निर्माण प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली के विकास में व्यापारियों की भूमिका अहम है। हमें खुशी है कि सरकार व्यापारियों की जरूरतों और चिंताओं को प्राथमिकता दे रही है। हमें पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सही दिशा में विकास की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में व्यापारिक समुदाय और सरकार के बीच बेहतर समन्वय की नींव रखी गई और दिल्ली के समग्र विकास में व्यापार जगत की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर मख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारियों और उद्यमियों के सहयोग से हम दिल्ली की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## विस अध्यक्ष ने के लिए सदन समितियों का गठन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को कार्य मंत्रणा समिति एवं गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों एवं संकल्पों संबंधी समिति का गठन वर्ष 2024-2025 के लिए किया है। ये समितियां विधानसभाई कार्यों के सुचारू संचालन और सार्थक चचाओं को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह समिति सदन की कार्यसूची निर्धारित करने और चचाओं को सुव्यवस्थित करने का कार्य करती है। समिति के अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष होंगे।

## शुक्रवार से हवाओं की रफ्तार होगी कम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में गुरुवार की शुरूआत तेज सतही हवा के साथ हुई। इस दौरान उत्तर-पश्चिमी हवा की रफ्तार 20-24 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई लेकिन पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे के बाद हवा की रफ्तार कम हो गई और खिली धूप ने हल्की गर्मी का अहसास कराया। हवा की रफ्तार कम होकर 8-10 किलोमीटर दर्ज हुई जबकि शाम साढ़े 5 बजे के बाद हवा की रफ्तार और भी कम होकर 4-6 किलोमीटर प्रतिघंटा रह गई। हालांकि, आज का न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस कम था जबकि अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि शुक्रवार से हवा की रफ्तार और भी घटेगी। अमूमन सुबह के समय तेज चलने वाली हवा की रफ्तार घट कर 12-14 किलोमीटर प्रति घंटा रह जाएगी। हालांकि, 11 मार्च के बाद एक बार दोबारा हवा की रफ्तार बढ़ेगी और वह 18-20 किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की जा सकती है। अगर तापमान की बात करें तो दिल्ली के अधिकतर इलाकों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। रिज क्षेत्र में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री कम यानि 10.5 डिग्री दर्ज किया गया



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के बजट पर व्यापार एवं औद्योगिक संगठनों के साथ किया संवाद।

## डीयू ने होली पर महिला सुरक्षा को लेकर स्थापित किया नियंत्रण कक्ष

**नई दिल्ली। दिल्ली** विश्वविद्यालय (डीयू) ने होली के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था और विशेषकर महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। इसके अलावा 24 घंटे चलने वाली वामिकापुलिस वैन भी तैनात रहेगी। डीयू कुलसचिव ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 14 मार्च को रंगों का त्योहार मनाया जाएगा। होली से जुड़े उत्सव पूरे सप्ताह चलते हैं और लोग होली मूड में दिखाई देते हैं। विश्वविद्यालय होली खेलने के खिलाफ नहीं है, लेकिन होली को सुरक्षित तरीके से खेलने पर जोर दिया जाता है।

## मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग क्षेत्र का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने विधानसभा क्षेत्र शालीमार बाग के शालीमार गांव चौक, मैक्स रोड, हैदरपुर गांव चौक सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल, सफाई और सड़कों की स्थिति का गहन मूल्यांकन करने के लिए अधिकारियों के साथ गुरुवार को दौरा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय नागरिकों से उनकी समस्याओं पर बात करने के बाद अधिकारियों को पानी, सड़कों और गंदगी से संबंधित समस्याओं का तुरंत समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार का उद्देश्य दिल्ली के हर नागरिक तक सभी मूलभूत सुविधाएं उचित रूप से पहुंचने का है। इसके लिए भाजपा सरकार निरंतर कार्यरत हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री बुधवार को अपने आवास पर स्थानीय लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दिल्ली के हर व्यक्ति का स्नेह और आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी शक्ति है। लोगों से मिलकर जो आत्मीयता और विश्वास मिला, वही जनसेवा की मेरी प्रेरणा है। आपकी समस्याओं का समाधान और आपके सपनों को साकार करना ही मेरी प्राथमिकता है। आप सभी ने दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों से जो समस्याएं साझा की हैं, उनके जल्द समाधान के लिए मैं पूर्णतः प्रतिबद्ध हूं। दिल्ली में भाजपा सरकार बनाने के बाद मुख्यमंत्री स्थानीय लोगों से लगातार मिल कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दे रही हैं। मुख्यमंत्री दिल्ली बजट को लेकर भी विभिन्न वर्गों से संवाद कर रही हैं।



**दिशा-निर्देश**

**पानी, सड़कों और गंदगी से संबंधित समस्याओं का तुरंत समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए**

## क्यों लगता है जाम, पुलिस ने बताया- ठीक नहीं है सड़कों की सोशल इंजीनियरिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी में जगह-जगह लगने वाले जाम का मुद्दा दिल्लीवासियों की परेशानी का सबब बना हुआ है। इस मामले में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कई जगहों पर जबरदस्त जाम लगता है। इसमें नई दिल्ली जैसा वीआईपी एरिया भी शामिल है। इस मामले में उन्होंने दिल्ली पुलिस से जवाब तलब किया है। इसका जवाब देते हुए दिल्ली पुलिस ने सड़कों की सोशल इंजीनियरिंग को खराब बताते हुए 90 दिन की कार्ययोजना बनाकर समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हाल ही में दिल्ली की मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व दिल्ली पुलिस आयुक्त समेत सभी निकाय प्रमुखों की गृहमंत्रालय में बैठक बुलाई थी। इसमें अमित शाह ने ट्रैफिक जाम की समस्या को बड़ी बताते हुए कहा था कि दिल्ली में कई जगहों पर जबरदस्त जाम लगता है। इससे निपटने के लिए क्या इंतजाम हैं। दिल्ली पुलिस इस मामले में क्या कर रही है। समस्या को जल्द से जल्द दूर किया जाए। मामले में सफाई पेश करते हुए पुलिस ने सड़कों की सोशल इंजीनियरिंग को समस्या के लिए जिम्मेदार बताते हुए कहा कि समस्या से निपटने के लिए हमने 90 दिन में जाम को हटाने की कार्ययोजना तैयार की है।



**जाम की समस्या के लिए जिम्मेदार घटक**

दोषपूर्ण सड़क डिजाइन, बस स्टैंड, आवारा पशु, सेंट्रल वर्ज का न होना।
गड्ढों और अवरोधों आदि के कारण असुरक्षित सड़कें।
पैदल यात्रियों के लिए रोड क्रॉसिंग सुविधाओं का अभाव।

### 25 बिंदुओं में जोर दिया गया है कार्ययोजना में

- बस शेल्टर व स्टैंडों की जगह बदलना।
- सड़क की मरम्मत व कारपेटिंग।
- रोड मार्किंग, साइनेज व जेब्रा क्रॉसिंग।
- जल निकासी, गड्ढे और पानी का रिसाव की मरम्मत।
- बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर आदि की शिफ्टिंग।
- कूड़ाघरों को हटाना।
- आवारा पशुओं को हटाना।
- सड़कों पर कट को खोलना व बंद करना।
- साप्ताहिक बाजारों का प्रबंधन व स्थानांतरण।
- एमसीडी द्वारा वेंडिंग जोन निर्धारित करना।
- अधिकृत पार्किंग का प्रबंधन और पार्किंग की जगह बदलना।
- अंडरपास-फुट ओवर ब्रिज का उचित इस्तेमाल।
- सेंट्रल वर्ज पर ग्रिल लगवाने की व्यवस्था करना।
- सड़कों व सेंट्रल वर्ज पर धार्मिक ढ़ांचों को हटाना या उनकी जगह बदलना।
- भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में टैक्स वसूलने के लिए नीति बनाना।
- बस अड्डों की वजह से लगता है जाम-
- अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार ने बताया है कि जिन 114 मार्गों व जाम लगने वाली जगहों का निरीक्षण किया है तो ज्यादातर जगहों पर बस स्टेंड या तो लाइट सिग्नल, फुटओवर ब्रिज आदि जगहों के पास हैं। इस कारण कारण जाम लगता है। ज्यादातर जगहों पर सड़कों की हालत ठीक नहीं है। कई जगहों पर सड़कों पर बिजली के पोल समेत अन्य पोल लगे हुए हैं।

## साकेत की जुर्माना का आदेश वापस लेने की मांग पर लक्ष्मी को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने अपमानजनक ट्वीट के मामले में तृणमूल कांग्रेस सांसद साकेत गोखले की 50 लाख रुपये जुर्माना का आदेश वापस लेने की मांग पर संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव लक्ष्मी पुरी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस पुरुषेंद्र कौरव की अदालत के समक्ष गुरुवार को सुनवाई के दौरान साकेत गोखले की ओर से पेश वकील ने कहा कि हाई कोर्ट का यह आदेश एकतरफा था, क्योंकि उनका वकील पेश नहीं हो पाया। दरअसल, दिल्ली हाई कोर्ट ने 01 जुलाई 2024 के अपने आदेश में साकेत गोखले को लक्ष्मी पुरी के खिलाफ किए गए अपमानजनक ट्वीट के मामले में लक्ष्मी पुरी को 50 लाख रुपये का जुर्माना देने का निर्देश दिया था।

## शिवाजी के समय में बहुत ही सुगठित था राजस्व का संग्रहण और वितरण



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली विश्व**विद्यालय (डीयू) के दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम स्वराज उत्सव 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज- द मैनेजमेंट गुरु विषय पर विशेष व्याख्यान भी हुआ। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए ऑयल एंड गैस प्रोफेशनल, अनकंवेंशनल के सलाहकार विलास तावड़े ने कहा कि शिवाजी महाराज के समय में राजस्व का संग्रहण और वितरण बहुत ही सुगठित था। इस दौरान तावड़े ने शिवाजी महाराज के प्रबंधन कौशल की बारीकियों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। तावड़े ने बताया कि छत्रपति शिवाजी के काल में किसानों को बीज और खाद के रूप में कर्ज तक देने की व्यवस्था थी। उनके समय में सब्जियों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की भी व्यवस्था थी, ताकि वे जल्दी खराब न हों और अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त हो सके। यही नहीं शिवाजी महाराज को ह्यफादर ऑफ इंडियन नेवीह्न भी कहा जाता है। उनके समय में शासन एवं सैन्य व्यवस्था भी बहुत सुगठित थी। उनके सैनिकों में दो तरह के सैनिक होते थे, जिनमें स्थायी व 8 महीने के लिए अस्थाई सैनिक भर्ती करने की व्यवस्था थी। उन्होंने कहा कि माता-पिता ही बच्चों में संस्कारों की नींव रखते हैं। शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व निर्माण में भी माता जीजाबाई की भूमिका महत्वपूर्ण थी।
इस अवसर पर तावड़े ने विद्यार्थियों से शिवाजी जैसी नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के आरंभ में दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म की मानद निदेशिका प्रो. भारती गोरे ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि शिवाजी केवल योद्धा ही नहीं थे, बल्कि भारत के इतिहास के सबसे कुशल प्रशासकों में से एक थे।

**विशेष कार्यक्रम**

**विद्यार्थियों ने सीखे शिवाजी के प्रबंधन कौशल के गुर स्वराज उत्सव का हुआ आयोजन**

## हाशिम के खिलाफ मकोका के मामले में कोर्ट का आदेश निरस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस संजीव नरुला की बेंच ने जिम संचालक नादिर शाह की हत्या के मामले में गैंगस्टर हाशिम बाबा के खिलाफ मकोका के मामले में ट्रायल कोर्ट के आदेश को निरस्त कर दिया है। ट्रायल कोर्ट ने कहा था कि हाशिम बाबा के खिलाफ मकोका लगाने का आधार गलत था। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से पेश स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर अखंड प्रताप सिंह ने ट्रायल कोर्ट की ओर से 18 जनवरी के दिए आदेश को निरस्त करने की मांग की थी। कड़कड़डूमा कोर्ट ने हाशिम बाबा के एक सहयोगी असरार से पूछताछ की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि आरोपियों से पूछताछ की अनुमति नहीं देने का ट्रायल कोर्ट का आदेश गलत है। उन्होंने कहा कि असरार अहमद से पूछताछ करना और उसे गिरफ्तार करने से रोकना कानून-सम्मत नहीं है। असरार अहमद का नाम गोकुल पुरी थाने में मकोका के तहत दर्ज एफआईआर में आरोपितों की सूची में है। कड़कड़डूमा कोर्ट के एडिशनल सेशंस जज पुलस्त्य प्रमाचल ने 18 जनवरी को दिल्ली पुलिस की याचिका खारिज कर दी थी।

## सांसद चड्ढा को मिला हार्वर्ड स्कूल के प्रोग्राम का न्योता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा को अमेरिका के प्रतिष्ठित हार्वर्ड कैनेडी स्कूल ने ग्लोबल लीडरशिप प्रोग्राम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। यह कार्यक्रम 5 से 13 मार्च तक अमेरिका के बोस्टन में होगा। यह जानकारी राघव चड्ढा ने आज यहां जारी एक बयान में दी। उन्होंने बताया कि यह प्रोग्राम प्रतिभागियों को सार्वजनिक नीति, नवाचार और वैश्विक नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं पर गहन अध्ययन और विचार-विमर्श का मंच प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में दुनिया भर के शीर्ष नेता, नीति निमार्ता, अधिकारी और विशेषज्ञ एक मंच पर इकट्ठा होकर वैश्विक राजनीति, नेतृत्व और नीतिगत नवाचारों पर चर्चा करेंगे। राघव चड्ढा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हार्वर्ड कैनेडी स्कूल के ग्लोबल लीडरशिप प्रोग्राम में शामिल होने का निमंत्रण पाकर बेहद सम्मानित और उत्साहित महसूस कर रहा हूं। यह एक अनूठा अवसर है, जहां दुनिया भर के विशेषज्ञों और नेताओं से सीखने के साथ-साथ अपनी समझ को और गहरा कर सकूंगा। यह बैक टू स्कूल जैसा मौका है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए वैश्विक दृष्टिकोण से भारत की नीतिगत चुनौतियों को समझने और उनके समाधान खोजने में मदद मिलेगी। इस अनुभव से भारत के नीति निर्माण में और अधिक प्रभावी योगदान दे पाऊंगा। यह कार्यक्रम युवा नेताओं को वैश्विक समस्याओं जैसे बेरोजगारी, जलवायु परिवर्तन,



**नीतिगत**

**यह कार्यक्रम 5 से 13 मार्च तक अमेरिका के बोस्टन में होगा। यह जानकारी राघव चड्ढा ने बयान में दी**

## ट्रेन से ट्रैक पर कचरा फेंकते कर्मचारी का वीडियो वायरल, रेल मंत्रालय ने की कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे के एक कर्मचारी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह डस्टबिन से कूड़ा उठाकर चलती ट्रेन से ट्रैक पर फेंकते नजर आ रहा है। इस पर लोग कड़ी आपत्ति जताते हुए देश में कचरे के निपटान पर सवाल उठा रहे हैं। रेल मंत्रालय ने गुरुवार को इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि घटना वाले दिन ही संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे हटा दिया गया था। रेल मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इस कर्मचारी को 27/2 को हटा दिया गया था, उसी दिन जिस दिन उसने यह कृत्य किया था। 49 सेकंड का वायरल वीडियो रिकॉर्ड करने वाले यात्री को अपनी निराशा व्यक्त करते हुए सुना जा सकता है, ये अंकल सारा कचरा बाहर पटरियों पर फेंक रहे हैं। ये भारतीय रेलवे की हालत है। डस्टबिन क्यों लगा रखा है। क्या ऐसे देश आगे बढ़ेगा। द स्किन डॉक्टर नामक एक एक्स यूजर ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, उसे पता था कि उसकी रिकॉर्डिंग की जा रही है और लोग उसे बुरा-भला कह रहे हैं, फिर भी यह सब इस कथित रेलवे कर्मचारी को रोकने के लिए काफी नहीं था।
इतना अहंकार और आत्मविश्वास कहां से आता है? घटना का संज्ञान लेते हुए रेलयात्रियों की सहायता के लिए एक्स अकाउंट रेलवेसेवा ने कहा, भारतीय रेलवे में कचरा निपटान के लिए एक सुव्यवस्थित तंत्र है।

**एक्शन**

**वायरल हो रहा है। इसमें वह डस्टबिन से कूड़ा उठाकर चलती ट्रेन से ट्रैक पर फेंकते नजर आ रहा है।**

## रमजान में रोजेदारों पर महंगाई की मार, कीमतों में उछाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी में रमजान के पाक महीने में फल और सब्जियों की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। इफ्तार और सहरी के लिए जरूरी फल-सब्जियां अब लोगों की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। बाजारों में सेब, केले, खजूर, तरबूज से लेकर अंगूर के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे रोजेदारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हर साल रमजान में फलों और सब्जियों की मांग बढ़ती है, लेकिन इस बार महंगाई ने आम जनता की जेब पर भारी असर डाला है। इंद्रपुरी, राजेंद्र नगर, मोती नगर, करोल बाग, लाजपत नगर, कनॉट प्लेस, शादीपुर, उत्तम नगर और द्वारका की मार्केट में सेब 200 रुपए किलो, केले 100 रुपये दर्जन, अमरूद 150 रुपये किलो, अंगूर 150 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं। ग्राहक परेशान हैं कि रोजा रखने के लिए जरूरी सामान खरीदना भी अब भारी पड़ा है।

**फलों और सब्जियों के बढ़ते दामों से लोग परेशान**

दिल्ली के कई बाजारों में फलों और सब्जियों के दामों में भारी बढ़ोतरी देखने को मिली है, जिसकी वजह से आम लोगों की जेब पर काफी असर पड़ा है। ऐसे में इंद्रपुरी निवासी अनिल गुप्ता ने बताया कि पहले जो फल किलो में खरीदे जाते थे, अब वही 250-500 ग्राम में लेने पड़ रहा हैं। वहीं, छोटे दुकानदारों को भी इस महंगाई का असर झेलना पड़ा है। करोल बाग के दुकानदार राजेश वर्मा ने बताया कि थोक में ही सब्जियां महंगी मिल रही हैं, जिससे ग्राहक भी कम हो गए हैं। रोजेदार सलमा ने बताया कि रमजान में इफ्तार के लिए फल जरूरी होते हैं, लेकिन महंगे दामों के कारण अब पहले जितनी खरीदारी करना मुश्किल हो गया है।

**मंडी में सब्जियों की आवक घटी, दामों में उछाल**

दिल्ली की आजादपुर, केशोपुर, नजफगढ़, गाजीपुर मंडी में फल व सब्जियों की आवक कम होने से उनके दामों में उछाल आया हैं। ऐसे में आजादपुर मंडी के थोक विक्रेता शहाबुद्दीन ने बताया कि हाल ही में फल की आपूर्ति में कमी आई है, जिससे दाम बढ़ गए हैं। रमजान के दौरान फलों की मांग बढ़ जाती है, क्योंकि रोजेदार इफ्तार में अधिक फल खाते हैं।
उन्होंने बताया कि इस समय मंडी में माल कम आ रहा है, जिससे कीमतों में और उछाल देखने को मिला है।
आमतौर पर, इस सीजन में मांग बढ़ने और आपूर्ति कम होने से दाम ऊपर चले जाते हैं। अगर सप्लाई सामान्य होती तो दाम स्थिर रहते, लेकिन अभी खरीदारों को महंगे दामों पर खरीदारी करनी पड़ी है।




**महंगाई की मार**

**सेब, केले, खजूर, तरबूज से लेकर अंगूर के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे रोजेदारों की मुश्किलें बढ़ गई है**

# सैनी ने विकास परियोजनाओं की ली समीक्षा बैठक

## जिले में विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए आधारभूत संरचनाओं का विकास बेहद जरूरी - मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को गुरुग्राम जिला की विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को राज्य सरकार की प्रमुख परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और उन्हें समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि तीव्र गति से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए।

बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, सोहना के विधायक तेजपाल तंवर, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी (वीडियो कॉन्फ्रेंस से) सहित प्रिंसिपल एडवाइजर डी.एस ढेसी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों से गुरुग्राम में सीवरेज, ड्रेनेज, स्वच्छता, जलापूर्ति, सी एंड डी वेस्ट तथा सड़क व्यवस्था की



विस्तृत रिपार्ट लेने उपरान्त कहा कि राज्य सरकार जिले में विकास के नये आयाम स्थापित करने के लिए आधारभूत संरचनाओं का विकास बेहद जरूरी है। इसके लिए कार्यों की समय सीमा सुनिश्चित कर सभी विभाग आपसी समन्वय से इन्हें पूरा करें। उन्होंने कहा कि जनता के प्रति सरकार की जवाबदेही है, इसलिए सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें के वे शहर में क्रियान्वित सभी विकास परियोजनाओं की प्रगति की निरंतर समीक्षा करें। जिन परियोजनाओं में संबंधित एजेंसी द्वारा देर की जा रही है, उन पर पेनल्टी लगाने के साथ-साथ एफआईआर भी दर्ज कराई जाए।

**निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की बेहतरी के लिए एचकेआरएनएल के माध्यम से लगाए जाएंगे सफाई कर्मचारी**

बैठक में मुख्यमंत्री ने निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि गुरुग्राम प्रदेश की आर्थिक उन्नति का प्रमुख आधार है। ऐसे में शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। मैनपावर की समस्या

**निर्देश जारी**

**सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए मैन पावर की कमी एचकेआरएनएल के माध्यम से की जाएगी पूरी**

के निदान के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के माध्यम से संबंधित निकाय क्षेत्र आवश्यकता अनुसार सफाई कर्मचारी रख सकते हैं। बैठक में निगम क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन पर भी सार्थक चर्चा की गई।

**जीएमडीए समयबद्धता के साथ कराए सड़कों का जीर्णोद्धार**

मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे शहर में आमजन को सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने के लक्ष्यों के साथ समयबद्ध रूप से सभी सड़कों का जीर्णोद्धार कार्य पूरा करवाएं।

उन्होंने कहा कि अभी मानसून आने में काफी समय है। ऐसे में अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जून माह के अंत तक यह कार्य पूरा कर लिया जाए।बैठक में जानकारी दी गई कि गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के पास 284.5 किलोमीटर सड़क मार्ग है, जिसमें अभी तक 135 किलोमीटर सड़कों का जीर्णोद्धार कार्य पूरा हो चुका है। ग्रेप की पाबंदियां हटने के उपरान्त 100 किलोमीटर सड़कों का जीर्णोद्धार का कार्य 15 फरवरी से शुरू हो गया है। जोकि निर्धारित समय में पूरा कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान सी एंड डी वेस्ट के उठान, ड्रेनेज सिस्टम के अपग्रेडेशन कार्य, मेट्रो विस्तार परियोजना में तेजी लाने और कार्यान्वयन में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# अधिक मतदान कराकर लोकतंत्र को मजबूत करने का काम करें: सीएम

**ट्रिपल इंजन**

**कार्यकर्ता 9 मार्च तक घर में ना बैठें, भाजपा को वोट देने के लिए एक-एक व्यक्ति को करना है जागरूक**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पानीपत में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जन आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत के परिणाम से हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है और अब ट्रिपल इंजन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भी तीन गुणा ताकत से हरियाणा को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने पानीपत के चहुमुंखी विकास के लिए भाजपा मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी व वार्ड प्रत्याशियों को विजयी बनाने की



अपील की। श्री सैनी ने कहा कि लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत बनाने के लिए पन्ना प्रमुख निकाय चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि हमें 9 मार्च तक घर नहीं बैठना है, एक-एक व्यक्ति को जागरूक करना है और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की लोगों से अपील करनी है। पन्ना प्रमुख सम्मेलन को पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, विधायक प्रमोद विज ने भी संबोधित किया। इन सभी नेताओं ने 9 मार्च रविवार को सभी बूथों पर अधिकतम मतदान करवाने की अपील की।

सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की और मंच संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता ने किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि निकाय चुनाव में कांग्रेस ठंडी बैठ गई है और कांग्रेस के नेता भी शांत हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस निकाय चुनाव में जीरो पर आउट होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने 21 संकल्प किए हैं जिन्हें हम गारंटी के साथ पूरा करेंगे।

# प्रदेश सरकार का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना: राणा



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के कृषि एवं** किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और कृषि को एक लाभकारी व्यवसाय बनाना है। वे आज एक निजी चैनल के कार्यक्रम में बोल रहे थे। कृषि मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत झींगा मछली पालन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती, कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ), कृषि यंत्रीकरण और एग्रो टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार इसके उत्पादों को बेहतर समर्थन मूल्य देने की योजना बना रही है। किसानों को अपने उत्पादों का अधिक मूल्य दिलाने के लिए एफपीओ से जोड़ा जा रहा है।

**किसान हित में**

**प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे ह**

आधुनिक कृषि उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है और एग्रो टूरिज्म को भी बढ़ावा दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि किसानों को पारंपरिक खेती से हटकर विविधिकृत फसलों की ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है। श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाने पर एक देशी गाय खरीदने के लिए 25,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, जिसे जल्द ही 30,000 रुपये तक बढ़ाया जाएगा। हरियाणा में गुरुकुल (कुरुक्षेत्र), घरौंडा (करनाल), जींद और मंगियाना (सिरसा) में चार प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केंद्र शुरू किए गए हैं।

# उद्योग तथा वाणिज्य विभाग की 42 सेवाएं अधिसूचित

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने उद्योग तथा वाणिज्य विभाग की 42 सेवाओं को सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में लाते हुए इनकी समय-सीमा निर्धारित की है। साथ ही, इन सेवाओं की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए पदनामित अधिकारी, प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी तथा द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी भी अधिसूचित किए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है। अब बॉयलर अधिनियम, 1923 (1923 का अधिनियम 5) के अधीन बॉयलर के पंजीकरण के लिए 22 दिन तथा बॉयलर

**अधिसूचित**

**प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी तथा द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी भी अधिसूचित किए**

पंजीकरण के नवीकरण के लिए 15 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है। बॉयलर अधिनियम, 1923 (1923 का अधिनियम 5) के अधीन बॉयलर के रूपांतरण के लिए अनुमोदन हेतु 10 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है। लुब्रिकेटिंग ऑयल और ग्रीज (प्रसंस्करण, आपूर्ति और वितरण विनियमन) आदेश, 1987 के अधीन प्रसंस्करण तथा ट्रेडिंग के लिए अंतरिम लाइसेंस तथा लाइसेंस 20 दिन के अन्दर दिया जाएगा। इसी प्रकार, प्रसंस्करण तथा ट्रेडिंग हेतु नवीकरण के लिए भी 20 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है। भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (1932 का केन्द्रीय अधिनियम 9) के अधीन फर्म का पंजीकरण 7 दिन, भागीदारों में परिवर्तन के लिए अनुमोदन 3 दिन तथा पंजीकृत कार्यालय के परिवर्तन के लिए अनुमोदन 3 दिन के अन्दर किया जाएगा। हरियाणा सोसाइटी पंजीकरण तथा विनियमन अधिनियम, 2012 (2012 का 1) के अधीन सोसाइटियों के नाम का अनुमोदन 3 दिन, शासकीय निकाय के लिए अनुमोदन 15 दिन, सोसाइटी के नाम या पंजीकृत कार्यालय के परिवर्तन के लिए 7 दिन, सोसाइटी के उप-नियमों में संशोधनों के लिए 60 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

मौजूदा सोसाइटी का पंजीकरण तथा कॉलेजियम की योजना का अनुमोदन 15 दिन, फर्म के नाम में परिवर्तन तथा फर्म का विघटन 7 दिन के अन्दर हो सकेगा। हरियाणा सोसाइटी पंजीकरण तथा विनियमन अधिनियम, 2012 (2012 का 1) की धारा 50 की उप-धारा (1) के अधीन अनिवार्य वार्षिक विवरणियां 30 दिन के अंदर दायर की जा सकेंगी।

# नए विधान भवन को लेकर हरियाणा के सभी दल एकमत

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** विधान सभा के नए भवन के निर्माण को लेकर प्रदेश के सभी दल एकमत हैं। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में वीरवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में इस मसले में गहन चर्चा हुई है। सभी दलों के नेता इस विषय पर एकमत दिखाई दिए कि निकट भविष्य में होने वाले परिसीमन में प्रदेश में विधान सभा क्षेत्रों की संख्या बढ़ने के मद्देनजर अपेक्षाकृत बड़े विधान भवन की जरूरत पड़ेगी। फिलहाल हरियाणा विधान सभा के सदन में 90 विधायकों के बैठने के लिए ही स्थान उपलब्ध है। ऐसे में विधायकों की संख्या बढ़ने पर यहां सदन की कार्यवाही संचालित करना संभव नहीं है। इसके अलावा वर्तमान में भी समितियों की बैठकों और विभिन्न कार्यालयों के लिए स्थान अभाव का सामना करना पड़ा रहा है। गौरतलब है कि 7 मार्च से शुरू हो रहे बजट सत्र के दौरान कार्य उत्पादकता बढ़ाने और अनुशासनपूर्ण ढंग से विमर्श की संस्कृति को बढ़ाने के उद्देश्य से विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने वीरवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई।

# मानेसर मेयर चुनाव में ईवीएम की सील खोलने से लेकर मतगणना तक वीडियोग्राफी कराने के हाइकोर्ट के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट ने हरियाणा के मानेसर नगर निगम के मेयर चुनाव में ई वी एम मशीन की सील खोलने से लेकर मतगणना तक पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाने के आदेश दिए है।हाइकोर्ट ने निर्दलीय प्रत्याशी इंद्रजीत कौर की याचिका पर यह आदेश दिया। इस मामले में याची के वकील मनीष सोनी ने बताया कि निर्दलीय प्रत्याशी इंद्रजीत कौर ने हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। अदालत से मांग की है कि ईवीएम मशीनों से होने वाली वोटों की गिनती की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई जाए। याचिका में आरोप लगाया गया है कि सत्तारूढ़ दल ने चुनाव में धांधली करने के लिए कई गैरकानूनी तरीके अपनाए। खासतौर पर, मानेसर से मेयर पद के भाजपा प्रत्याशी सुंदर लाल यादव को जिताने के लिए स्थानीय मंत्री राव नरबीर सिंह ने पूरी ताकत झोंक दी। यहां तक कि सत्ता पक्ष के प्रभावशाली लोगों ने इंदरजीत कौर के समर्थकों और प्रभावशाली वोटरों को पुलिस हिरासत में भिजवा दिया, जिससे उनके चुनाव प्रचार और समर्थन को कमजोर किया जा सके। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि राज्य चुनाव आयोग ने पुरानी एम2 प्रकार की ईवीएम मशीनों का इस्तेमाल किया है, जो कि वीवीपैट सिस्टम के साथ उचित नहीं हैं। इससे चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है।

# सैनी ने राजपत्रित अधिकारियों से सेवा में निष्पक्षता की शपथ लेने का किया आह्वान

**आह्वान**

**मुख्यमंत्री ने सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री का किया धन्यवाद**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के नव-नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों से निष्पक्षता और निडरता से अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ लेने का आह्वान किया। उन्होंने उनसे कानून और संविधान की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहने, संवेदनशीलता के साथ लोगों के अधिकारों की रक्षा करने और परिस्थितियों की परवाह किए बिना सच्चाई, ईमानदारी और समर्पण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग रहने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री आज गुरुग्राम में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के नव-नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों के 55वें बैच के पासिंग आउट परेड समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। सीआरपीएफ अकादमी से आज 2 महिला



अधिकारियों सहित कुल 39 प्रशिक्षु अधिकारी कठोर प्रशिक्षण पूरा करने के बाद पास हुए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राष्ट्र की सेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये 39 प्रशिक्षु अधिकारी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा सीआरपीएफ की गौरवशाली विरासत के अनुरूप राष्ट्र की अखंडता, एकता और संप्रभुता में योगदान देंगे। देश की आंतरिक सुरक्षा में अमूल्य योगदान के लिए सीआरपीएफ की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने बल को देश की सुरक्षा की रीढ़ बताया। उन्होंने सीआरपीएफ की आधुनिक तकनीकों और प्रशिक्षण तकनीकों को अपनाने के लिए भी सराहना की, जो क्षेत्र में किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार पेशेवर और सक्षम अधिकारियों को विकसित करने में मदद कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अधिकारियों को निरंतर सीखने के लिए प्रोत्साहित किया और इस बात पर जोर दिया कि सफलता के लिए निरंतर शिक्षा और पुनः सीखना आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सीआरपीएफ आधुनिकीकरण और सशक्तीकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है,

जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि बल उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए सुसज्जित रहे। प्रशिक्षु अधिकारियों, उनके परिवारों और पूरे सीआरपीएफ को बधाई देते हुए

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि ये अधिकारी देश की आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# विभागों की विभागीय परीक्षाओं की डेटशीट की गई जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा सरकार ने मार्च 2025 के दौरान होने वाली विभिन्न विभागों की विभागीय परीक्षाओं की डेटशीट जारी की है। ये परीक्षाएं 19 से 26 मार्च, 2025 तक प्रातःकालीन और सायंकालीन सत्र में सार्थक गर्वनमेंट इंटिग्रेटिड सीनियर सैकेण्डरी स्कूल सैक्टर-12ए, पंचकूला में संचालित की जाएंगी। प्रशासनिक सुधार विभाग के एक प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि असिस्टेंट कमिश्नर (एसीज), एक्स्ट्रा असिस्टेंट कमिश्नर (इएसीज) और इएसीज के पद के उम्मीदवारों व तहसीलदार के लिए क्रिमिनल लॉ का पहला पेपर, वन विभाग का फॉरेस्ट लॉ, पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा मत्स्य पालन विभाग के लिए अकाऊंट्स पेपर, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारियों के लिए ग्रुप एक पेपर-ए तथा वन्य प्राणी संरक्षण विभाग के लिए लेखा और विभागीय नियम पेपर 22 मार्च, 2025 को प्रातःकालीन सत्र सुबह 10.00 बजे से 1.00 बजे तक लिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, इसीदिन असिस्टेंट कमिश्नर्स (एसीज), एक्स्ट्रा असिस्टेंट कमिश्नर (इएसीज) और इएसीज के पद के उम्मीदवारों व तहसीलदारों के लिए सिविल लॉ का पेपर तथा वन विभाग के लिए लैंड रेवन्यू पेपर, पशु पालन एवं डेयरी विभाग व मत्स्य पालन विभाग के

**संचालित**

**प्रात :कालीन और सायंकालीन सत्र में सैकेण्डरी स्कूल सैक्टर-12ए, पंचकूला में संचालित की जाएंगी**

लिए विभागीय नियमों का पेपर तथा पंचायती राज विभाग (इंजीनियरिंग ग्रुप) के एसडीओ के लिए ए पीडब्ल्यूडी स्पेशिफिकेशनज पेपर का आयोजन सायंकालीन सत्र दोपहर 2.00 बजे से 5.00 बजे तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि असिस्टेंट कमिश्नर्स (एसीज), एक्स्ट्रा असिस्टैन्ट कमिश्नर्ज (इएसीज)और इएसीज के पद के उम्मीदवारों व तहसीलदारों के लिए क्रिमिनल लॉ का दूसरा पेपर, वन विभाग के लिए प्रोसिजर एण्ड अकाउंट्स तथा खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारियों के लिए ग्रुप-1 पेपर-बी का आयोजन 23 मार्च, 2025 को प्रातःकालीन सत्र सुबह 10.00 बजे से 1.00 बजे तक तक होगा। इसी प्रकार, इसीदिन असिस्टेंट कमिश्नर्स (एसीज), एक्स्ट्रा असिस्टैन्ट कमिश्नर्ज (इएसीज)और इएसीज के पद के उम्मीदवारों व तहसीलदारों के लिए वित्तीय नियमों का पेपर और वन विभाग के लिए हिन्दी पेपर, सहकरिता विभाग के लिए अकाऊंट्स पेपर, पंचायती राज विभाग (इंजीनियरिंग ग्रुपस) के एसडीओज के लिए ए डिजाईन पेपर का आयोजन सायंकालीन सत्र दोपहर 2.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि असिस्टेंट कमिश्नर्स (एसीज), एक्स्ट्रा असिस्टैन्ट कमिश्नर्ज (इएसीज) और इएसीज के पद के उम्मीदवारों के लिए क्रिमिनल लॉ का तीसरा पेपर (जेल सहित) और तहसीलदारों के लिए क्रिमिनल लॉ का तीसरा पेपर (जेलों को छोडकर), जेल विभाग के लिए सब्जेक्ट-ए (बिना परिशिष्ट के पंजाब जेल मैनुअल) और खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारियों के लिए ग्रुप-ए (बजट एण्ड अकाऊंट्स) जारी है।

# इनेलो पार्टी ही एकमात्र पार्टी है जो विपक्ष की भूमिका निभा रही है: अदित्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: विधान**सभा में इनेलो के विधायक दल के नेता अदित्य देवीलाल ने बजट सत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी की तरफ से बजट सत्र के लिए 12 ध्यान आकर्षण प्रस्ताव स्पीकर को भेजे हैं। शुक्रवार से शुरू होने वाले विधानसभा बजट सत्र को लेकर इनेलो पार्टी पूरी तरीके से तैयार है। आज प्रदेश में जनहित से जुड़े अनेक मुद्दे हैं जिनको विधानसभा में उठाएंगे और सरकार से उन मुद्दों को जल्द से जल्द सुलझाने और रूके हुए विकास के कार्यों को पूरा करने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि



आज प्रदेश में इनेलो पार्टी ही एक मात्र पार्टी है जो विपक्ष की भूमिका निभा रही है अन्यथा कांग्रेस तो पूरी तरह से बीजेपी की एजेंट बनी हुई है। पिछले सभी विधानसभा की कार्रवाई उठा करके देख लो विपक्ष के नेता के तौर पर भूपेंद्र हुड्डा ने सिर्फ शेरो शायरी करने और चुटकुले सुनाने के अलावा जनहित से जुड़े कोई मुद्दे नहीं उठाए हैं।

**हरियाणा प्रदेश में आज नशाखोरी और बेरोजगारी अहम मुद्दे हैं: अर्जुन चौटाला**

वहीं इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में आज नशाखोरी और बेरोजगारी अहम मुद्दे हैं। प्रदेश में लगातार बढ़ते नशे के चलते युवा बर्बाद हो रहे हैं। इसका समाधान होना चाहिए। वही हरियाणा में आज भी 35 प्रतिशत के करीब बेरोजगारी है। बीजेपी सरकार बेरोजगारी घटाने में पूरी तरह से नाकाम रही है। पिछले 5 साल के

# प्राइवेट स्कूलों को प्रोत्साहित कर रही है सरकार: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा का बेड़ा गर्क करने पर तुली हुई है। भाजपा सरकारी सरकारी स्कूलों की ओर ध्यान देने के बजाए प्राइवेट स्कूलों को प्रोत्साहित कर रही है। प्राइवेट स्कूलों के हाथों में शिक्षा जाने से गरीब वर्ग के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे जबकि शिक्षा हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और सरकार इससे किसी को भी वंचित नहीं कर सकती। चिराग योजना के नाम पर बच्चों को प्राइवेट स्कूलों के हवाले करने से बेहतर होगा कि उन बच्चों को वहीं वातावरण सरकारी स्कूलों में



ही उपलब्ध करवाया जाए। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश में सरकारी स्कूलों की संख्या 14303 जबकि प्राइवेट स्कूलों की संख्या 9216 है यानि प्रदेश में 60. 82 प्रतिशत स्कूल सरकारी है जबकि 39.18 प्रतिशत स्कूल प्राइवेट है। सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या 2146888 है जबकि प्राइवेट स्कूलों में यह संख्या 3153075 है यानि 40.51 प्रतिशत बच्चे सरकारी स्कूलों में और 59.49 प्रतिशत बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते है। सरकारी स्कूलों की संख्या अधिक होने के बावजूद सबसे ज्यादा बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते है यानि अभिभावक मानते है कि उनके बच्चों को सरकारी स्कूलों

**वंचित**

**कहा-प्राइवेट स्कूल संचालकों के हाथों में शिक्षा जाने से गरीब वर्ग के बच्चे शिक्षा से हो जाएंगे वंचित**

में बेहतर शिक्षा नहीं मिल सकती अगर सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता की ओर ध्यान दिया होता तो बच्चे प्राइवेट स्कूलों की ओर रुख न करते। सरकार खुद मानती है कि अंबाला, सिरसा, फतेहाबाद और नूंह जिलों में शिक्षा को लेकर विशेष फोकस की जरूरत है, सरकार मानती है पर उस दिशा में कोई काम नहीं करती। नूंह पर तो सबसे अधिक ध्यान दिए जाने की जरूरत है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि गरीब बच्चों के लिए सरकार ने पहले भी एक योजना शुरू की थी पर वह भी सिरे नहीं चढ़ सकी। प्राइवेट स्कूल संचालकों न सरकार की एक न मानी और दाखिले को लेकर मनमानी करते रहे और सरकार हाथ पर हाथ रखकर बैठी रही। हरियाणा सरकार ने गरीब परिवार के बच्चों के लिए एक नई योजना को शुरू किया है जिसका नाम हरियाणा चिराग योजना है। यह योजना उन बच्चों के लिए शुरू की गई है जो प्राइवेट स्कूल में पढ़ना चाहते हैं, लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह प्राइवेट स्कूल की फीस भरने में असमर्थ हैं। सरकार की यह योजना सीधे तौर पर प्राइवेट

# हकेंवि करेगा सर्विकल कैंसर का पता लगाने के लिए बायोसेंसर पर शोध

### हकेंवि संकाय सदस्य डॉ. नीलम को मिला एएनआरएफ-डीएसटी से 56.44 लाख रुपये का अनुदान

**विचार विमर्श**

अवश्य ही यह शोध कार्य महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से निपटने में मददगार होगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा महिलाओं में हो रहे सर्विकल कैंसर के लिए प्रमुख रूप से जिम्मेदार ह्यूमन पैपिलोमा वायरस का पता लगाने के लिए अल्ट्रासेंसिटिव इलेक्ट्रोकेमिकल बायोसेंसर पर शोध होगा। इस कार्य के लिए विश्वविद्यालय के जैव रसायन विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. नीलम को भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) से 56.44 लाख रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने डॉ. नीलम को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि अवश्य ही यह शोध कार्य महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से निपटने में मददगार होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय की ओर से इस शोध कार्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कि यह शोध न केवल सर्विकल कैंसर से निपटने में मदद करेगा, बल्कि भविष्य के नवाचारों के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा, जो किफायती और सुलभ समाधान में और विकास को प्रोत्साहित करेगा। डॉ. नीलम ने बताया कि सर्विकल कैंसर से होने वाली जान की हानि की रोकथाम के लिए इसकी समय पर पहचान करना बेहद आवश्यक है। इस दिशा में इस अनुसंधान और नवीन स्क्रीनिंग टूल में निवेश इस घातक बीमारी के खिलाफ लड़ाई में आशा प्रदान करता है, जिससे संभावित रूप से हर साल हजारों लोगों की जान बचाई जा सकती है। डॉ. नीलम ने बताया कि सर्विकल कैंसर महिलाओं में होने वाला चौथा प्रमुख कैंसर है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर नजर डाले तो वर्ष 2022 में लगभग 6,60,000 कैंसर के नए मामले सामने आए और 3,50,000 मृत्यु कैंसर के कारण हुईं। इस कैंसर का प्राथमिक कारक ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से ग्रस्त होना है। अवश्य इस शोध के माध्यम से राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस रोग की समय पर पहचान सुनिश्चित कर उपचार का मार्ग प्रशस्त होगा। विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, शोध अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार शर्मा, स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज (एसआईएएस) के डीन प्रो. दिनेश कुमार गुप्ता, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, प्रो. नीलम सिंह सांगवान, प्रो. सुरेंद्र सिंह और जैव विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अंतरेश कुमार सहित विश्वविद्यालय के अन्य संकाय सदस्यों ने इस परियोजना के लिए डॉ. नीलम को बधाई दी।

# कुंआ पूजन की खुशी में हुआ सुंदरकांड पाठ

**संकीर्तन**

कुंआ पूजन की खुशी में रामायण के संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन संकीर्तन का आयोजन करवाया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

महेंद्रगढ़। रेलवे रोड पर स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के नजदीक शेखावत कॉलोनी में माधव के कुंआ पूजन की खुशी में रामायण के संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन संकीर्तन का आयोजन करवाया गया। पूर्व पोस्ट मास्टर रमेश कुमार वर्मा एवं विश्वरतन की देखरेख में करवाए गए, इस कार्यक्रम के यजमान डॉ. शिप्रा एवं इंजिनियर विश्वविकास थे, जबकि दरबार पूजन का कार्य बुचियावाली स्थित बालाजी धाम मंदिर के पुजारी राजन शर्मा के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण से करवाया गया। कार्यक्रम का आगाज श्री आदर्श संकीर्तन मंडल संचालक मास्टर अमरसिंह सोनी के द्वारा गणेश वंदना "गजानन कर दो बेड़ा पार आज हम तुम्हें मनाते हैं" गाकर किया गया। उन्होंने लहर लहर लहराए रे झंडा बजरंगबली का और सुनलो पावन राम कहानी आदि अनेक भजनों का संपुट लगाकर रामायण की सुंदर चौपाइयों का गुणगान किया तथा अनेक बधाई गीत गाकर नवजात शिशु माधव के कुआं पूजन की बधाई दी और दर्शकों को खूब नचाया। कलाकार सोनू सोनी ने हे मानव तू कर्म किए जा, कर्म किए का फल मिल जा, आज नहीं तो कल मिल जा" तथा राम प्रताप जांगिड़ ने बजरंगी संभालो परिवार तेरा है भजन गाकर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। अन्य कलाकार राजसिंह इंदौरा, मोहित कुमार और लीलाराम ने भी संगीत वाद्ययंत्रों के माध्यम से अपनी संगीत कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान अखंड ज्योत, भव्य दरबार और फौजी साउंड सर्विस की भी लोगों ने खूब सराहना की।

इस अवसर ताऊ डॉ. विश्वशक्ति, चाचा शिव कुमार, सेवानिवृत्त पीएनबी मैनेजर बलबीर सिंह यादव, ओमप्रकाश वर्मा, नेशनल प्रेजिडेंट सुरेश कुमार शर्मा, महाबीर शर्मा, सतीश कुमार शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# नई ट्रेन का हुआ संचालन शुरू, महेंद्रगढ़ स्टेशन पर भी होगा ठहराव



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** रेलवे विभाग की ओर से जोधपुर से गोरखपुर के लिए नई स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू किया है। इस गाड़ी का महेंद्रगढ़ स्टेशन पर भी ठहराव होगा। दैनिक रेलयात्री महासंघ के अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि यह गाडी छह से 27 तक प्रत्येक वीरवार को गाड़ी संख्या 04829 जोधपुर से गोरखपुर जाएंगी। वहीं चार मार्च से 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को गाड़ी संख्या 04830 गोरखपुर से जोधपुर के लिए चलेगी। इस गाड़ी की आठ ट्रिप होगी। उन्होंने बताया कि यह गाड़ी छह मार्च को शाम को 4.15 बजे जोधपुर से रवाना होकर, 9.35 बजे रतनगढ़, सात मार्च को रात 12.30 बजे लोहारू, 1.07 बजे महेंद्रगढ़, 2.50 बजे रेवाडी, 4.45 बजे दिल्ली, 15.10 बजे लखनऊ से अयोध्या होकर शुक्रवार की सुबह 8.50 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वहीं शुक्रवार की रात 11.25 बजे गोरखपुर से रवाना होकर वाया अयोध्या, लखनऊ, दिल्ली, रेवाड़ी, शाम को 3.18 बजे महेंद्रगढ़, लोहारू, सादलपुर, चुरु, रतनगढ़, सुजानगढ से होते हुए शाम को जोधपुर पहुंचेगी। रामनिवास पाटोदा ने रेलवे विभाग से इस ट्रेन प्रतिदिन संचालन शुरू करके सतनाली व डहीना स्टेशन पर ठहराव करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रेलवे के उच्च अधिकारियों की द्वारा दक्षिण हरियाणा की अनदेखी की जा रहीं है। दक्षिण हरियाणा के कई मुख्य स्टेशनों पर एक्सप्रैस ट्रेनों का ठहराव नहीं हैं। वहीं राजस्थान में छोटे-छोटे स्टेशनों पर एक्सप्रैस गाड़ियों का ठहराव दिया गया है।

## आय दोगुनी करने बारे हाई पावर कमेटी की रिपोर्ट अढ़ाई वर्षो से लंबित

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) तीन कृषि कानूनों के** खिलाफ चार वर्ष पूर्व हुए ऐतिहासिक किसान आंदोलन के चलते मोदी सरकार ने दिसंबर 2021 में संसद में प्रस्ताव पारित करके तीनों कृषि कानूनों को रद्द कर दिया था । साथ ही सरकार ने आंदोलंकारी किसान संगठनों से समझौता वाताएं करके कई वायदे भी किये थे । इसी बारे आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने केंद्रीय कृषि मंत्रालय में आरटीआई लगाई तो चौकाने वाली सूचनाएं सामने आई हैं । कपूर ने इन तीन कृषि कानूनों के खिलाफ हुए ऐतिहासिक किसान आंदोलन के चलते सरकार और किसानों के बीच हुए समझौते की कॉपी व इस समझौते की शर्तों को पूरा करने के लिये सरकार द्वारा की गई कारवाई की रिपोर्ट मांगी थी । कृषि फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद बारे कारवाई तीनो कृषि कानून रद्द करने के नोटिफिकेशन की कॉपी भी मांगी थी ।

## जीआरपी पुलिस ने यात्रियों को साइबर सुरक्षा की दी जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। जीआरपी पुलिस** ने रेलवे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाकर यात्रियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। साथ ही यात्रियों को साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए गए। इस दौरान सभी को नशे से दूर रहने का आह्वान भी किया। जीआरपी पुलिस चौकी इंचार्ज विक्रम श्योराण ने यात्रियों को बताया कि तकनीकी युग में हर व्यक्ति मोबाइल व कंप्यूटर से जुड़ा है। नौकरी व पढ़ाई भी मोबाइल व कंप्यूटर जैसे संसाधनों से जुड़ गए हैं। इंटरनेट की दुनिया में साइबर अपराधी अलग-अलग तरीके अपनाकर लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। साइबर अपराधी मेल या मोबाइल पर मैसेज भेजकर लोगों से लिंक को ओपन करने का आग्रह करते हैं। बाद में उन्हें झांसे में लेकर लिंक के माध्यम से मोबाइल को हैक कर ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार हुए तुषार को भेजा जेल



**गन्नौर। नाबालिग लड़की से दुष्कर्म व आत्महत्या** के लिए मजबूर करने के मामले में गिरफ्तार हुए तुषार को जीआरपी ने वीरवार को अदालत में पेश किया। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपित को जेल भेजने के आदेश दिए, जिसके बाद पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया। वहीं वीरवार को मृतका का खानपुर मेडिकल में पोस्टमार्टम करवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद स्वजन ने गांव में उसका अंतिम संस्कार किया गया। स्वजन बाकी आरोपितों की भी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। जीआरपी चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस बाकी आरोपितों की तलाश कर रही है। वहीं पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही दुष्कर्म की पुष्टी की जा सकती है।

**यह था मामला**

गन्नौर और भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन के बीच 17 वर्षीय नाबालिग ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद जीआरपी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भिजवा दिया। मृतका के पिता ने जीआरपी में तीन आरोपितों के खिलाफ शिकायत दी थी। शिकायत पीड़ित पिता ने बताया कि पिछले कई दिनों से गांव का ही तुषार व कमल ने उसकी बेटी को अपने जाल में फसा रखा था। 4 मार्च को तुषर व कमल उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ गांव के मंदिर में पुजारी मंजीत के पास ले गए। 5 मार्च को पुजारी मंजीत ने उन्हें फोन पर बताया कि उनकी बेटी ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली है। पिता ने आरोप लगाया कि तीनों आरोपितों ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। जिसके चलते उसकी बेटी ने ट्रेन से कट कर आत्महत्या कर ली। शिकायत पर जीआरपी पुलिस चौकी ने आरोपित तुषार, कमल व मंजीत पर पाक्सो एक्ट, अपहरण व आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया था।

### विधायक कृष्णा गहलावत ने किया रेणु विद्या मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ



**राई राई हलका** विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने बतौर मुख्यातिथि बहालगढ़ स्थित रेणु विद्या मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। साथ ही समाज का आह्वान किया कि दिव्यांगजनों और उनके परिवारों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए हर संभव मदद करे। इसके लिए एकजुट प्रयास जरूरी है। दिव्यांगजनों और उनके परिवारों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने संबंधी विषय पर 6 से 8 मार्च तक राष्ट्रीय सम्मेलन का दीप प्रज्जवलित कर विधायक कृष्णा गहलावत ने शुभारम्भ किया। सुशील गुप्ता सभागार में आयोजित सम्मेलन के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं। उन्हें दया की दृष्टि से देखने की बजाय सशक्त बनाने के लिए प्रयास करने चाहिए।

## आज से लगेंगे होलाष्टक, नहीं होंगे कोई भी शुभ कार्य



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। आज से होलाष्टक** प्रारंभ हो रहे हैं। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से होलाष्टक प्रारंभ हो जाते हैं, जो फाल्गुन माह की पूर्णिमा यानि होलिका दहन तक चलते है। जो 13 मार्च होलिका दहन के बाद होलाष्टक समाप्त हो जाएंगे। होलाष्टक के दौरान शादी-विवाह मुंडन, नामकरण, गृह प्रवेश आदि के शुभ कार्य करना वर्जित है। होलाष्टक में सभी ग्रह उग्र अवस्था में आ जाते हैं, इससे नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ जाता है। इस कारण शुभ कार्य वर्जित बताए गए है। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि होलाष्टक की आठ रात्रियों का काफी अधिक महत्व है। इन आठ रात्रियों में की गई साधनाएं जल्दी सफल होती हैं। इन रातों में तंत्र-मंत्र से जुड़े लोग विशेष साधनाएं करते हैं। ज्योतिष की मान्यता है कि होलाष्टक के आठ दिनों की अलग-अलग तिथियों पर अलग-अलग ग्रह उग्र स्थिति में रहते हैं। अष्टमी को चंद्र, नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध, चतुर्दशी को मंगल, पूर्णिमा को राहु उग्र स्थिति में रहता है। नौ ग्रहों की उग्र स्थिति की वजह से इन दिनों में मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहते हैं। उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार होलाष्टक का संबंध भक्त प्रह्लाद और हिरण्यकश्यप की कथा से जोड़ा जाता है।

# बजट को ले कर नगरपालिका बैठक हुई सफल



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। नगरपालिका** का बजट पास करने को लेकर वीरवार को बैठक नपाध्यक्ष अरुण त्यागी की अध्यक्षता में दूसरी बैठक हुई। इस बैठक में भी अधिकतर पार्षदों ने अपने वार्डों में विकास कार्यों, गली नाली निर्माण, स्ट्रीट लाईटों व सफाई कार्यों को ले कर कड़ी नाराजगी जताई। हालांकि बाद में नपाध्यक्ष के आश्वासन के बाद पार्षदों ने वर्ष 2025-26 के लिए 39 करोड 99 लाख 11 हजार 500 रुपये का बजट पास किया। बैठक में मौजूद पार्षदों ने कहा कि उनके वार्डों में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। सफाई कर्मचारी सफाई नही करते, अगर शिकायत करते है तो उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नही करते। नालों की सफाई नही होती। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत रूरतमंद लोगों को तीसरी किश्त मिल नही रही। जिनकों जरूरत नही थी उनके मकान भी बनकर तैयार हो गए। नगरपालिका के कर्मचारी अपनी मनमानी करते है। उनके काम कहने पर सुनवाई भी नही करते। पार्षदों ने नगरपालिका अध्यक्ष पर भी भेदभाव के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वार्डों में विकास कार्य शुरू होते हैं और इस बारे में पार्षदों को कोई सूचना तक नहीं दी जाती। खुद अध्यक्ष उनके उद्घाटन पर पहुंच जाते हैं। वार्डों में कार्यों होने के बाद बिना पार्षदों के संज्ञान में लाए ठेकेदारों को पेमेंट कर दी जाती है, जबकि काम अधूरे पड़े रहते हैं। उन्होंने ठेकेदार को पेमेंट करने से पहले पार्षदों की अनुमति लेने की मांग करी। इसके अलावा सभी 17 वार्डों में 50-50 लाख रुपये के विकास कार्यों के टेंडर जल्द लगवाने की मांग की।

**नपाध्यक्ष बोले 14 दिन में बन जाएंगे टेंडर**

नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने आश्वासन दिया कि दो वार्डों में 50-50 लाख रुपये के विकास कार्यों के एस्टिमेट बन चुके हैं। टेंडर लगा दिया जाएगा। वहीं 14 दिन के भीतर बाकी बचे वार्डों का भी एस्टिमेट तैयार करवा कर उनका टेंडर लगा दिए जाएंगे। वहीं स्ट्रीट लाइट के लिए एजेंसी को टेंडर अलाट होने के बाद सभी वार्डों में नई स्ट्रीट लाइट लगवा दी जाएंगी। जिसके बाद पार्षदों ने बजट पास किया। नगरपालिका अध्यक्ष को चेताया कि अगर निर्धारित समय पर टेंडर नही लगे तो वे उनके खिलाफ मोर्चा खोल देंगे।

# बैडमिंटन हाल निर्माण पूरा करने में करीब एक करोड़ रुपए और खर्च होंगे: कादियान



**टीम एक्शन ंडिया**

**गन्नौर। मुख्यमंत्री घोषण** के तहत शहर में रुके हुए बैडमिंटन हाल का निर्माण कार्य अब फिर से शुरू होगा। नगरपालिका ने नई एजेंसी को वर्क आर्डर दे दिया है। इसका निर्माण पूरा करने में करीब एक करोड़ रुपए और खर्च होंगे। निर्माण कार्य पूरा करने की डेडलाइन मार्च 2026 रखी गई है। वीरवार को विधायक देवेंद्र कादियान के अनुज समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने नारियल फोड़ कर कार्य का शिलान्यास किया है। गौरतलब है कि साल 2016 में तत्कालीन सीएम मनोहर लाल ने गन्नौर में बैडमिंटन हाल की घोषणा की थी, जो करीब 93 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार होना था, लेकिन कई साल बीत जाने के बाद करीब 73 लाख खर्च होने पर भी बैडमिंटन हाल का निर्माण 50 प्रतिशत ही पूरा हो पाया। जिसके बाद ठेकेदार ने बीच में काम छोड़ दिया। बार-बार नोटिस देने के बाद काम चालू नहीं किया। इस पर नगरपालिका ने एजेंसी का टेंडर निरस्त कर दोबारा टेंडर लगाया। अब एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। एजेंसी के अनुसार अगर बजट का अभाव नहीं रहा तो वह इस साल के अंत तक हाल का निर्माण पूरा कर देंगे।

## आत्म संयम एवं सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को लेकर हुई कार्यशाला



**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। स्वर्णप्रस्थ पब्लिक** स्कूल में सीबीएसई की क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाली विषय पर कार्यशाला हुई। जिसमें मुख्य वक्ता भावना सहगल,वंदना सिंघल,अनुराधा भारद्वाज, टीनू भारती, आरती बत्रा,अर्जुन धामा रहे। स्कूल ने अध्यापकों को भाग-दौड़ भरी ज़िन्दगी में आत्म संयम एवं सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए यह कार्यशाला आयोजित की। जिसका उद्देश्य जीवन में खुशहाल वातावरण के निर्माण के साथ यह भी निर्धारित करना था कि एक स्वस्थ्य एवं खुशहाल मन से ही कक्षा शिक्षण को प्रभावी बनाया जा सकता है। यह छात्रों एवं अध्यापकों के बीच में समझ एवं दायित्वबोध के लिए भी आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित पंडा, मुख्याध्यापक एस.पी.सिंह, मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

# कैंप लगाकर सीनियर सिटीजन एट के बारे में नागरिकों को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के निदेर्शानुसार तथा उपमंडल विधिक सेवा समिति अध्यक्ष गौरव खटाना के तत्वाधान में वीरवार को गांव बुचौली में न्याय रक्षक अधिवक्ता सत्यवीर यादव और आधार मित्र विजय सिंह व जिला समाज कल्याण विभाग से लिपिक मनोज कुमार ने सीनियर सिटीजन एक्ट-2016 के बारे में कैंप लगाकर नागरिकों को जागरूक किया। अधिवक्ता ने बताया कि इस एक्ट के तहत सीनियर सिटीजन डाकखाने में एक हजार से लेकर तीन लाख रुपये पांच साल तक जमा करवा सकता है तथा इसे तीन साल बाद और भी बढ़ा सकता है और यदि उसे सीनियर सिटीजन को बहु बहु खाना में दवाई नहीं देते हो तो वह व्यक्ति इस एक्ट के तहत 10 हजार रुपये प्रति माह के हिसाब से अपना गुजारा कर सकता है। उन्होंने बताया कि सीनियर सिटीजन ने अपनी जमीन अपने बेटे या पोते के नाम कर दी है तो वह इस एक्ट के तहत वह जमीन वापस ले सकता है। इस मौके पर सरपंच अलका यादव व गांव के नागरिक मौजूद थे।

## संपादकीय

# ट्रंप की गणित, दुनिया भ्रमित

**दुनिया** तेजी से बदलती है...। और उससे भी ज्यादा तेजी से बदलते हैं वे देश, जो अपने हित के लिए पूरी व्यवस्था बदलने का माद्दा रखते हैं। अमेरिका इस मामले में अकेला देश है, जो खेल का नियम अपने लाभ के लिए बनाता है। राष्ट्रपति ट्रंप अकेले उदाहरण नहीं हैं। कुछ लोग भले ही उनको सनकी मान रहे हों, पर इसके पहले भी अमेरिका फर्स्ट के नारे को साधने के लिए नियमों के साथ खिलवाड़ अमेरिकी हुक्मरानों ने किया है। पिछले चार दशकों में अमेरिकी मनमानेपन के शिकार कई देश हुए हैं। इराक, अफगानिस्तान, ईरान जैसे देश कुछ तो अपने कारण, और बहुत कुछ वाशिंगटन नीति के कारण ही तबाह हुए। पिछली सदी के 90 के दशक में यह अमेरिका और उसके साथ जुड़े कुछ खास दोस्त ही थे, जिन्होंने डंकल प्रस्ताव लाकर पूरी दुनिया के व्यापार को एक साथ अपने इशारे पर चलने का कुचक्र रचने का सफल प्रस्ताव किया, कृषि पर ट्रिप्स और व्यापार पर ट्रिम्स लागू कर सभी देशों को अपने हिसाब से चलाने की कोशिश की गई। ट्रिप्स प्रावधानों में यहां तक ज्यादती की गई, कि इन समझौतों पर हस्ताक्षर करने वाला देश अपने गरीब किसानों को कोई सब्सिडी न देने पाए। एक तरफ अमेरिका और यूरोप अपने उत्पादों को दुनिया के बाजार में आसानी से उतारने के लिए अपने यहां भारी इनसेंटिव दे रहे थे और दूसरी तरफ भारत जैसे विकासशील देशों पर तरह के प्रतिबंध लगा रहे थे। जब देश में प्रधानमंत्री के रूप में भाजपा के सर्वशक्तिमान नेता अटल बिहारी वाजपेयी विराजमान थे, तब अमेरिका ने मात्रात्मक प्रतिबंध नियमों के बहाने कई वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। तब मदनलाल खुराना संसदीय कार्य मंत्री थे। उन्होंने मात्रात्मक प्रतिबंध का अमेरिकी फैसले का पुरजोर विरोध किया था, तब उनको अपना पोर्टफोलियो खोना पड़ा था। अमेरिका तब पाकिस्तान के प्रेम में था और अपना प्रभाव पाकिस्तान को भारतीय कोप से बचाने में भी करता था। तब जार्ज बुश ने पाकिस्तान को तो अपने हित साधने के लिए एफ 16 युद्धक विमान दे दिया, लेकिन भारत के लिए इनकार कर दिया। राष्ट्रपति ट्रंप व्यापार के नए नियम बनाना और चलाना चाहते हैं। उनके लिए कोई देश उनका अपना नहीं है, भारत भी नहीं। तमाम विशेषज्ञों ने ये दावे किए थे कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों को निभाते हुए ट्रंप भारत के खिलाफ कोई आक्रामक रुख अख्तियार नहीं करेंगे। पर ये सारे कयास धरे के धरे रह गए। जो व्यवहार ट्रंप ईर्ष्यावश मैक्सिको के साथ कर रहे हैं, वही व्यवहार वह भारत के साथ भी करते दिख रहे हैं। जिस तरह से अमानवीय व्यवहार भारत के गैरकानूनी प्रवासियों के साथ ट्रंप प्रशासन ने किया, उसके बाद यह अपेक्षा बेमानी है कि ट्रंप, मोदी सरकार को कोई विशेष छूट देने की सोच भी रहे हैं। वह कोई मौका नहीं चूक रहे हैं, जहां भारत को लेकर चेतावनी वाले लहजे की गुंजाइश बनती हो। वह प्रधानमंत्री मोदी को अपने से ज्यादा हार्ड बार्गेनर तो बताते हैं, लेकिन यह कहना भी नहीं चूकते कि वह जल्दी ही इंपोर्ट ड्यूटी नई दिल्ली के खिलाफ भी लगाने जा रहे है। ट्रंप की नजर में भारत का ऑटो सेक्टर, इंजीनियरिंग सेक्टर, केमिकल इंडस्ट्री और कपड़ा इंडस्ट्री चुभ रही है।

# आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण की कछुआ चाल

राजेश माहेश्वरी

> "यह पुरुष कब तीसरा विवाह कर लेगा कहा नहीं जा सकता है। पुरुष धनबल से एक से अधिक विवाह बनाता है जो महिलाओं को उपभोग की वस्तु समझते है। पुरुष प्रधानता वैसे अमूमन सभी समाजों में किंतु आधुनिकता के दौर में शहरी क्षेत्रों में कुछ समाजों ने महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करना आरंभ किया है। आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता सुमलीबाई जो महिलाओं की दशा सुधारने के लिए सतत संघर्षशील है ने बताया महिलाओं की समाज में कमजोर स्थिति का कारण महिलाओं का निर्णय प्रक्रिया में शामिल नहीं होना है। निर्णय की प्रक्रिया पहले पटेलों के पास थी, अब पंच सरपंचों और ग्राम पंचायत के पास है। अब भी आदिवासी समाज में प्रमुख निर्णय पुरुष समाज ही करता है। सरकार द्वारा महिलाओं को ग्राम पंचायतों में प्राप्त आरक्षण की व्यवस्था का महिलाओं की आड़ में पुरुष समाज ही इस्तेमाल करता है"

**समय** तेजी से भाग रहा है, गतिशील समय को पकड़ पाना नामुमकिन सा नजर आता है। इस दौर में जो स्क्रीन पर दिखता है, उसके पार हमारी समझ खत्म सी हो जाती है। असल में जीवन की वास्तविक सच्चाई को स्क्रीन पर लाना बड़ा कठिन होता है। हम अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर आदिवासी समाज की उन महिलाओं की बात कर रहे है जो वास्तविक प्रगति की दौड़ में अभी भी पीछे नजर आ रही है। आदिवासी समाज में महिलाओं की वास्तविक दशा जानने के लिए निष्पक्ष आकलन की जरूरत है, तभी हम आदिवासी समाज की महिलाओं की वास्तविक स्थिति को समझ पाएंगे। दरअसल महानगरों की ऊंची अट्टालिकाओं में निवास करती महानगरीय महिलाएं और सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अल्पतर सुविधाओं के मध्य अपना जीवन गुजार रही आदिवासी महिलाओं की जमीनी हकीकत जानने के उपरांत वास्तविक स्थिति को समझा जा सकता है। इन महिलाओं की जमीनी हकीकत देखने के पश्चात संविधान में उल्लेखित समानता के अधिकार के अमल की बहुत कुछ खामियां नजर आती है। ऐसा नहीं है कि आदिवासी समुदाय की इन महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार नहीं हो रहा है, यह सुधार कछुआ चाल की तरह बेहद धीमी गति से हो रहा है। अपनी आंखों देखी बताना चाहूंगा अब से 15झ20 वर्ष पूर्व का दृश्य है, जो उस समय आम हुआ करता था, अब भी मेरी आंखों के सामने घूमता दिखाई देता है, मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य बड़वानी जिले की सेंधवा तहसील में आदिवासी समुदाय की महिलाएं सुदूर जंगल से अपने सिर पर 40झ50 किलो लकड़ी का गट्ठा रखकर 15 से 20 किलोमीटर का रास्ता तयकर गली गली घूमती थी, सौदा पट जाने पर उन लकड़ियों को बेचती थी, इसे बेचकर एकत्रित राशि से अपने परिवार के लिए तेल, मसाला, आटा दाल की व्यवस्था करती थी। समय के बदलाव के साथ अब यह दृश्य बदल गया है, जिसका कारण ईंधन के साधनों में गैस की आमद का होना है। नहीं बदली तो मेहनतकश आदिवासी महिलाओं की दशा जो अब भी संपूर्ण आदिवासी क्षेत्रों में खासकर एमपी, छत्तीसगढ़ में चिंतनीय, सोचनीय और विचारणीय बनी हुई है। आदिवासी बाहुल्य जिलों में पलायन बढ़ा है, आदिवासी समाज मजदूरी करने परिवार संग महाराष्ट्र, गुजरात और देश के अन्य प्रांतों में जाने को अभिशप्त है। परिवार के पुरुषों के साथ गोदी में अपना दूधमुहा बच्चा और



जरूरी सामान को लादकर मजदूरी करने जाने वाली आदिवासी महिलाओं की स्थिति में बहुत से सुधारों की जरूरत है। अपना घर छोड़कर काम की तलाश में पुरुष के संग महिलाएं भी शामिल है, यह महिलाएं काम तो पुरुष के बराबर करती है, किंतु इनका मेहनताना पुरुषों की तुलना में कम होता है। इनमें नाबालिग बालिकाएं भी है जिनको होना तो स्कूल में चाहिए किन्तु परिवार के साथ मजदूरी के लिए इधर उधर भटकना जैसे नियति बन गई है। इस दौरान बालिकाओं के दैहिक शोषण के किस्से भी सुनने को आए दिनों मिलते है। जिसमें नाबालिक बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक, शोषण की घटनाएं शामिल है। आदिवासी महिलाओं की यह स्थिति भारत के किसी एक प्रांत की नहीं वरन संपूर्ण भारत में आदिवासी समाज की महिलाओं की स्थिति थोड़े बहुत अंतरों के साथ एक सी नजर आती है। भारत में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजाति वर्ग की संख्या 104 मिलियन है। यह भारत की कुल जनसंख्या का 8.6% है। भारत में लगभग 550 जनजातियां है। आदिवासी समाज का अधिकांश हिस्सा वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करता है। इस समाज की कुल आबादी में आधा हिस्सा महिलाओं का है। आजादी के 7 दशक बीतने के पश्चात आदिवासी समाज की महिलाओं की स्थिति में कोई गुणात्मक अंतर आया हो ऐसा दिखाई नहीं देता है। अब भी सुदूर ग्रामीण अंचल में आदिवासी समुदाय की महिलाओ की स्थिति दयनीय बनी हुई है। आदिवासी समाज में विवाह की प्रक्रिया में पनप रहे लालच और मनमानी के कारण अच्छे रिश्ते नहीं बन पाते। इस समुदाय में दैजा नामक प्रक्रिया ने बुराई का रूप धारण कर लिया है, विवाह से जुड़ी इस बुराई में वर पक्ष, वधु पक्ष को दैजा के रूप में धनराशि देता है। इस दैजा का निर्धारण भी पुरुष वर्ग द्वारा किया जाता है। इस प्रक्रिया ने समाज में बुराई का रूप धारण कर लिया है। यह एक तरह से लड़कियों के सौदे के रूप में सामने आने लगा है। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कनौजे ने इसे सामाजिक बुराई बताते हुए कहां की दैजा समाज में गैरबराबरी को जन्म दे रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार अपने बच्चों का विवाह नहीं करा पा रहे है। लालच में फंसे पुरुष परिजन लकड़ियों की इच्छा के विरुद्ध विवाह कर देते है। यह विवाह लम्बा नहीं चलता इससे उत्पन्न विवाद समाज में हिंसा का कारण बनते है,यह विवाद थानो और न्यायालय तक पहुंच जाते है।

बहु विवाह भी आदिवासी समाज में व्याप्त पुरुष प्रधानता का उदाहरण है। एक से अधिक पत्नी रखना समाज में शान समझा जाता है। सम्पन्न पुरुष एक से अधिक पत्नी रखता है। इस कारण महिलाओं को सामाजिक परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। बहु विवाह की यह बुराई महिलाओं के जीवन को नरक बना देती है। पुरुष वर्ग का एक पत्नी के बाद दूसरी पत्नी बनाना पहली पत्नी के महत्व को खत्म कर देता है। यह पुरुष कब तीसरा विवाह कर लेगा कहा नहीं जा सकता है। पुरुष धनबल से एक से अधिक विवाह बनाता है जो महिलाओं को उपभोग की वस्तु समझते है। पुरुष प्रधानता वैसे अमूमन सभी समाजों में किंतु आधुनिकता के दौर में शहरी क्षेत्रों में कुछ समाजों ने महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करना आरंभ किया है। आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता सुमलीबाई जो महिलाओं की दशा सुधारने के लिए सतत संघर्षशील है ने बताया महिलाओं की समाज में कमजोर स्थिति का कारण महिलाओं का निर्णय प्रक्रिया में शामिल नहीं होना है। निर्णय की प्रक्रिया पहले पटेलों के पास थी, अब पंच सरपंचों और ग्राम पंचायत के पास है। अब भी आदिवासी समाज में प्रमुख निर्णय पुरुष समाज ही करता है। सरकार द्वारा महिलाओं को ग्राम पंचायतों में प्राप्त आरक्षण की व्यवस्था का महिलाओं की आड़ में पुरुष समाज ही इस्तेमाल करता है। सुमलीबाई का कहना है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उनका निर्णय प्रक्रिया में भागीदार होना आवश्यक है। महिलाओं को घर के काम के अलावा रोजगार मूलक परीक्षण दिए जाने की आवश्यकता है। महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधारने के अनेकों कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाए जा रहे है। किंतु सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में लघु उद्योगों की स्थापना करना चाहिए जिससे आदिवासी समाज की महिलाओं को अपना घर छोड़कर अन्यत्र प्रांतों में मजदूरी के लिए नहीं जाने पढ़े, गांव में रोजगार होंगे तो पलायन रुकेगा, बालिकाओं की शिक्षा संभव हो सकेगी। शिक्षा का प्रसार बढ़ा है किंतु शहरी क्षेत्रों में, गांव अब भी सरकारी शिक्षा के भरोसे है। उस पर भी गांव में लड़कियों की शिक्षा पर कम ध्यान दिया जा रहा है। बालिकाओं को शिक्षित करने से महिलाओं की दशा में व्यापक बदलाव आने की उम्मीद की जा सकती हैं। इसकी शुरूवात हो गई है। किंतु देखा जा रहा है कि पढ़ लिख कर शहर गया वर्ग शहर में ही बस जा रहा है। अपने गांव संस्कृति और रीतिरिवाज से दूर होता जा रहा है। आदिवासी महिलाओं की स्थिति में व्यापक बदलाव के लिए सामाजिक कुरीतियों से सख्ती से निपटने की आवश्यकता के साथ बालिका शिक्षा को बढ़ाने की आवश्यकता है। शिक्षित महिला निर्णय में भागीदार होगी तो निश्चित ही महिलाओं की दशा में तेजी से सकारात्मक परिवर्तन होंगे। महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा तभी मिल सकेगा जब वह निर्णय प्रक्रिया में भागीदार होगी, यह प्रक्रिया चल रही है किन्तु इसकी कछुआ चाल है। महिलाएं समाज निर्माण की प्रमुख कारक है। महिला सशक्तिकरण समाज की अनिवार्य प्रकिया है।

## कविता

**प्रभु साथ दो मेरा'**

प्रभु साथ दो मेरा'
जहां भी हो अंधेरा
राह में सत्य की
सदैव साथ हो तेरा'

जहां लोभ का डेरा
पथ में न्याय के
चलूं मैं अकेला
प्रभु साथ दो मेरा'

वासना के प्रबल
आंधी तूफान मचल-मचल
सदैव करते मुझे निर्बल
प्रभु साथ दो मेरा।

रोता है मन मेरा
शिशु सा भोला, निर्मल
पानें को बार-बार
मां की ममता अपार।

प्रभु लगा दो पार
नाव पड़ी मझधार
हर सांस के संग मेरी
प्रभु कृपा हो तेरी।

संजीव

## तमिलनाडु में हिन्दी विरोध की राजनीति

**रोहित माहेश्वरी**

**त्रिभाषा** नीति को लेकर तमिलनाडु में फिर से हिंदी विरोध की राजनीति गरमा गई है। नई शिक्षा नीति के तीन भाषा फॉम्युर्ले के जरिए तमिलनाडु सरकार लगातार केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर हिंदी थोपने का आरोप लगा रही है। तमिलनाडु को केंद्र सरकार से सर्व शिक्षा अभियान के तहत फंड नहीं मिला। वहां के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि राज्य के 2,152 करोड़ रुपये जारी नहीं किए गए हैं। उन्होंने यह पैसा जारी करने की मांग की। दरअसल, फंड के लिए राज्यों को नई शिक्षा नीति के प्रावधान लागू करने हैं, जिनमें तीन भाषा नीति भी शामिल है। इतिहास के पन्ने पलटें तो तमिलनाडु में हिंदी विरोध का लंबा इतिहास है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने दक्षिण भारत में वर्ष 1918 में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की थी। वे हिंदी को भारतीयों को एकजुट करने वाली भाषा मानते थे। तब ही तमिलनाडु में हिंदी विरोध शुरू हो गया था। भाषा को लेकर संकीर्ण सोच से ऊपर उठने के बजाय राज्य के नेता इस मुद्दे पर राजनीति चमकाने में जुटे हैं। नई शिक्षा नीति को लेकर तमिलनाडु का कई मसलों पर विरोध है। लेकिन द्रविड अभिमान पर गठित हुए इस राज्य की मुख्य आपत्ति तीन-भाषा फॉमूर्ला को लेकर है। केंद्र सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति यानी एनईपी 2020 के तहत प्रस्तावित तीन-भाषा नीति एक शैक्षणिक ढांचा है। आसान शब्दों में कहें तो इसका अर्थ यह है कि बच्चों को तीन भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए। अगर पहली भाषा की बात करें तो यह आमतौर पर छात्र की मातृभाषा या राज्य की क्षेत्रीय भाषा होगी। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु में तमिल, महाराष्ट्र में मराठी। दूसरी भाषा में कोई अन्य भाषा हो सकती है। लेकिन केंद्र सरकार अक्सर हिंदी को इस संदर्भ में प्रोत्साहित करती है, खासकर गैर-हिंदी भाषी राज्यों में, ताकि राष्ट्रीय एकता मजबूत हो। हालांकि, यह अनिवार्य नहीं है और राज्य अपने हिसाब से दूसरी भाषा चुन सकते हैं। तमिलनाडु का सख्त विरोध इसी बिंदु पर है। असल बात यह है कि तमिलनाडु की राजनीति में पिछली सदी के साठ के दशक से ही स्थानीय द्रविड़ राजनीति का वर्चस्व बना हुआ है। कभी डीएमके तो कभी एआईएडीएमके जैसी स्थानीय पार्टियां ही सत्ता की मलाई खाती रही हैं।

सही मायने में देखें तो ये महज स्थानीय पार्टियां ही नहीं हैं, बल्कि अपने-अपने हिसाब से तमिल उपराष्ट्रीयता का ही प्रतिनिधित्व करती हैं। तमिल उपराष्ट्रीयता होना बुरी बात नहीं है, लेकिन वह राष्ट्रीयता पर हावी नहीं होनी चाहिए। लेकिन यह कड़वा सच है कि तमिल उपराष्ट्रीयता राष्ट्रीय मूल्यों पर हावी रहती रही है। तमिल उपराष्ट्रीयता के ही जरिए द्रविड़ राजनीति तमिलनाडु की सत्ता पर काबिज रही है।

## विचार

# सार्थक भागीदारी से एक्सीलरेट एक्शन के लिए काम करती प्रियंका

**कहते है न** कि बच्चों को जैसा माहौल घर में मिलता है, उनके भविष्य में उसकी छाप जरूर दिखती है। अगर परिवार में गायन का माहौल है तो बच्चें में गायन के गुण स्वतः आ जाते हैं। ऐसे ही अन्य कलाओं के बारें में भी है। साहित्यिक माहौल वाले परिवार में पली-बढ़ी हरियाणा के हिसार के गाँव आर्यनगर में जन्मी प्रियंका 'सौरभ' आज देश की चर्चित संपादकीय लेखिका, शिक्षिका, साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्त्ता है। वे कहती है- "मेरे मायके में मेरे दादा जी और पिता जी को किताबें पसंद थी और अब ससुराल में आने के बाद मेरे पति ने साहित्यिक माहौल दिया है।" इनके पति डॉ सत्यवान 'सौरभ' एक चर्चित कवि और लेखक है तो आये रोज घर में साहित्यिक चचाएँ और गतिविधियाँ चलती रहती है। बचपन में डायरी लिखने का अंकुर मन में पड़ चुका था। स्कूल और कॉलेज के दिनों में डायरी में कुछ न कुछ लिखने की आदत रही। राजनीति विज्ञान में मास्टर्स और एमफिल के दौरान समसामयिक विषयों की समझ बढ़ी तो समसामयिक लेख लिखने की आदत बनी। आज ये हिंदी और अंग्रेजी के 10,000 से अधिक समाचार पत्रों के लिए दैनिक संपादकीय लिख रही हैं जो विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होते हैं। कोरोना काल के दौरान ऑनलाइन गोष्ठियाँ शुरू हुई तो काव्य में रूचि के चलते कवितायेँ लिखने की शुरूआत हुई। इसी दौरान पहला काव्य संग्रह 'दीमक लगे गुलाब' नाम से छपा और काफी चर्चित हुआ। महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर लिखते रहने से दूसरी पुस्तक 'निर्भयाएं' निबंध संग्रह के रूप में आया और तीसरी पुस्तक अंग्रेजी में 'फीयरलेस' बनकर आई। हाल ही में चौथी पुस्तक 'समय की रेत पर' अहमदाबाद से प्रकशित हुई है और साथ ही 'दीमक लगे गुलाब' काव्य संग्रह का दूसरा संस्करण बाजार में आया है।

**कई क्षेत्रों में कार्य, सम्मान भी मिलें**

अपनी सार्थक भागीदारी का परिचय देते हुए प्रियंका सौरभ महिलाओं के लिए ह्लएक्सीलरेट एक्शनह्व का काम कर रही है। लेखिका होने के अलावा शिक्षिका और सामाजिक कार्यकर्त्ता भी है। महिला सशक्तिकरण, हिन्दी भाषा, भारतीय सभ्यता और विरासत, धर्म, संस्कृति और बच्चों और महिलाओं के लिए साहित्यिक और शैक्षिणिक गतिविधियाँ, सामाजिक सरोकारों को लेकर कार्य करती है। देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित मंचों पर साहित्यिक, सामाजिक,सांस्कृतिक, महिलाओं और बच्चों से जुड़े हुए कार्यक्रमों का सफल सञ्चालन किया है। खुद का एक शैक्षिणिक यू ट्यूब चैनल चलाकर फ्री कोचिंग भी देती है। साहित्यिक, शैक्षिणिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए कई सम्मान भी मिल चुके। इनमें आईपीएस मनुमुक्त 'मानव' पुरस्कार, नारी रत्न पुरस्कार, हरियाणा की शक्तिशाली महिला पुरस्कार (दैनिक भास्कर समूह) ज़िला प्रशासन भिवानी द्वारा पुरस्कृत, यूके, फिलीपींस और बांग्लादेश से डॉक्टरेट की मानद उपाधि, विश्व हिन्दी साहित्य रत्न पुरस्कार, सुपर वुमन अवार्ड, ग्लोबल सुपर वुमन अवार्ड, महिला रत्न सम्मान, विद्यावाचस्पति मानद पीएच.डी. (साहित्य) स्वतन्त्र पत्रकारिता और साहित्य में उत्कृष्ट लेखन के लिए महात्मा गांधी अवॉर्ड प्रमुख है।

आत्म कथ्यः -जीवन में सफल होना है तो हमेशा बेहतरी के लिए प्रयास करते रहें। जो भी काम करें किसी खास उद्देश्य के लिए समाज के हित में हो। जो भी करें यह सोचे कि इस से और बेहतर क्या कर सकते है। हमेशा अपना बेस्ट दें।

लेखिका होने के अलावा शिक्षिका और सामाजिक कार्यकर्त्ता भी है प्रियंका सौरभ। महिला सशक्तिकरण, हिन्दी भाषा, भारतीय सभ्यता और विरासत, धर्म, संस्कृति और बच्चों और महिलाओं के लिए साहित्यिक और शैक्षिणिक गतिविधियाँ, सामाजिक सरोकारों को लेकर कार्य करती है। देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित मंचों पर साहित्यिक, सामाजिक,सांस्कृतिक, महिलाओं और बच्चों से जुड़े हुए कार्यक्रमों का सफल सञ्चालन किया है। खुद का एक शैक्षिणिक यू ट्यूब चैनल चलाकर फ्री कोचिंग भी देती है।)


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# गड़े मुर्दों पर बवाल ,बुरा है देश का हाल

**राकेश अचल**

**देश में इन** दिनों कोई समस्या नहीं है। ' मोदी राज बैठे त्रेलोका ,हर्षित भये,गए सब शोका ' वाली स्थिति है। देश में अगर कोई मसला है तो वो है गड़े हुए मुर्दे ,को अचानक बाहर निकल आये हैं। कुछ मुर्दे हंगामा मचाये हुए हैं और कुछ पंचभूत में विलीन होने के बाद भी जेरे बहस हैं। इन गड़े मुर्दों पर अभी डबल इंजन की सरकारों वाले सूबों की विधानसभाओं में बहस हो रही है और कुछ के बारे में विधानसभाओं के बाहर बहस जारी है। मुर्दे खुश हैं ,लेकिन हम जैसे अमन पसंद लोगों की नींद हराम है। भाजपा के अखंड भारत के सपने को 1658 में ही अमली जामा पहनाने वाले मुगल सम्राट औरंगजेब का मुर्दा कब्र से बाहर निकलकर महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश विधानसभा में बहस करा रहा है। समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब के राज की तारीफ की तो भाजपा के तमाम छावा अचानक दहाड़ने लगे। सबने मिलकर अबू आजमी को विधानसभा के मौजूदा सत्र से निलंबन की मांग कर डाली और विधानसभा अध्यक्ष ने अबू आजमी को निलंबित भी कर दिया,लेकिन अबू आजमी के साथ महाराष्ट्र विकास अगाडी वाले शिवसेना [उद्धव ठाकरे का जी इससे भी नहीं जुडाया । उन्होंने आजमी की सदस्यता ही समाप्त करने की मान कर डाली। और तो और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तो विधानसभा में ही समाजवादी पार्टी से अबू को पार्टी से निकलने की मांग करते हुए कहा की उस कमबख्त को यूपी भेज दो हम उसका इलाज कर देंगे।

देश की दो विधानसभाओं में कभी चुनाव न लड़ने वाले औरंगजेब पर गर्मागर्म बहस देख-सुनकर मजा भी आया और क्षोभ भी हुआ। मजा इसलिए आया कि हमारी विधानसभाएं असल काम छोड़कर छाया युद्ध करती नजर आ रहीं हैं और क्षोभ इसलिए हुआ कि औरंगजेब के नाम और उनके काम का जिक्र करना भी इस देश में बिना कानून बनाये जुर्म मान लिया गया। इस मामले में भाजपा के छावाओं से सवाल किया जा सकता है कि क्या वे पिछले दस साल से सो रहे थे ?

# एक सपना खरीदो, दो नारे मुफ्त पाओ!

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

**पांच साल। ये** किसी मेले से कम नहीं था—एक ऐसा तमाशा जहाँ बाजीगर वादों के करतब दिखा रहे थे, जादूगर हवा में से नारे निकाल रहे थे, और जोकर जनता की उम्मीदों पर नाच रहे थे। इस आयोजन का नाम था "उम्मीदों का बाजार," एक भव्य मेला जहाँ सपने सब्जियों की तरह बिक रहे थे, नारे सोने से भी ज्यादा चमक रहे थे, और हकीकत को दरवाजे पर ही छोड़ दिया गया था। कहानी शुरू होती है एक गुमनाम से गाँव सुखापुर से, जहाँ खेतों में निराशा लहलहा रही थी और कुएँ पानी की बजाय वादों से भरे हुए थे। गाँववाले, जिनके चेहरे पर पुरानी उम्मीदों की धूल जमी हुई थी, चौपाल में इकट्ठा हुए थे। वे इंतजार कर रहे थे उम्मीदों के सबसे बड़े सौदागरों का—इलेक्शनियर। इलेक्शनियर एक अजीब प्रजाति के लोग थे। ये ध्यान पर पलते, तालियों पर जीते, और नारों के सहारे बढ़ते। इनके चमचमाते काफिले गाँव में दाखिल हुए, बैनरों के साथ जिन पर लिखा थाः "अच्छे दिनः एक सपना खरीदो, दो नारे मुफ्त पाओ!"

"क्रांतिकारी योजनाएँः नियम और शर्तें लागू (छोटे अक्षरों में छुपी हुई)।"

"बदलाव यहाँ हैः बस आँख मूँदकर भरोसा करो!"

गाँववाले, हमेशा की तरह भोले, इनसे मंत्रमुग्ध हो गए। उनमें था मुन्ना, गाँव का चायवाला, जिसने अपने जीवन में ऐसे पाँच बाजार देखे थे। ये चमचमाते नारे लाते हैं और हमें फीकी सच्चाई में छोड़ जाते हैं, मुन्ना बड़बड़ाया, लेकिन किसी ने सुना नहीं।

सबसे आगे थे विजनरी राजा, सपनों के सबसे बड़े विक्रेता। उनकी आवाज में ऐसा जादू था कि सांप भी जहर छोड़ दे। वो एक अस्थायी मंच पर चढ़े और बोलेः भाइयों और बहनों! उनकी आवाज सूखी धरती पर गूँज उठी। मैं तुम्हारे लिए सबसे सस्ते दाम पर सबसे बेहतरीन सपने लेकर आया हूँ। भूखे पेट, टूटे हुए रास्ते, और मरते हुए मवेशियों को भूल जाओ—क्योंकि मैं तुम्हें उम्मीद लाया हूँ!

भीड़ ने हुंकार भरी। उम्मीद उनके लिए लग्जरी थी—जो उनके बस में नहीं थी, पर जिसकी उन्हें बेहद जरूरत थी।

## न्यूज फ्लैश

### स्वास्थ्य बेहतर रखने के लिए नियमित योग करना जरूरी: दिनेश गुलाटी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। प्रसिद्ध योग** गुरु दिनेश गुलाटी जो पिछले 20 सालों से करनाल और भारत को स्वस्थ करने की दिशा में अग्रसर है, उन्होंने अपने गोवा प्रवास के दौरान खुद भी योग किया और दूसरों को भी योग करने के लिए प्रेरित किया। हार्ड रॉक होटल गोवा में आए हुए पर्यटकों को योग करवाते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य बेहतर रखने के लिए नियमित योग करना जरूरी है। यदि इसे दिनचर्या में शामिल कर लिया जाए तो यह फिट रहने के लिए तो मदद करता ही है, साथ ही कई तरह की बीमारियों पर नियंत्रण रखता है। योग से हम छोटे-छोटे ऐसे कई रोगों का इलाज कर सकते हैं, जिनके लिए हम दवाइयां और डॉक्टर पर निर्भर हैं। उन्होंने बताया कि अब लोग योग के महत्व को समझने लगे हैं और स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न तरीके अपना रहे हैं, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण और असर कारक योग है। आज योग ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से लोगों तक पहुंच रहा है। उनके मिशन के तहत यह काम बखूबी तरीके से हो रहा है।

### अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सजग: निरंजन लाल

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। खनन अधिकारी** निरंजन लाल ने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है और ऐसे लोगों पर कड़ी नजर बनाए हुए है और अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। प्रशासन का प्रयास है कि जिला में अवैध खनन करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार गत दिवस खनन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम में शामिल एएसआई नवीन, एएसआई संदीप, एएसआई देवेंद्र, खनन रक्षक रोहताश व हेड कांस्टेबल सुरेंद्र ने माइनिंग चेकिंग के दौरान मेरठ रोड शेखपुरा में ट्रैक्टर-ट्रॉली को रुकवाकर चालकों के ई-रवाना बिल को चेक किया। एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के पास ई-रवाना बिल नहीं पाया गया। वाहन की मौके पर जीपीएस फोटो लेकर एचएसईएनबी के थाने में लाकर खनन विभाग द्वारा सीज किया गया। उन्होंने बताया कि एसआई जितेंद्र, एएसआई देवेंद्र, एएसआई राजिंद्र, खनन रक्षक रोहताश व हेड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह की संयुक्त माइनिंग ड्यूटी चेकिंग के दौरान नमस्ते चौक पर चालकों के ई-रवाना बिल चेक किए गए। चेकिंग के दौरान एक टाटा ट्रक चालक के पास ई-रवाना बिल न पाए जाने के कारण इस वाहन को जीपीएस फोटो लेकर पुलिस लाईन में खनन विभाग द्वारा सीज कर दिया गया।

### शहीदी स्मारक के प्रतीक चिन्ह के लिए सरकार ने इच्छुक कलाकारों से मांगे आवेदन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। शहीद स्मारक** अंबाला के निदेशक डा.कुलदीप सैनी ने कहा कि हरियाणा के जिला अंबाला में शहीदी स्मारक में प्रतीक चिह्न को बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने इच्छुक कलाकारों-डिजाइनरों और लोगों से आवेदन मांगे हैं। जिस भी व्यक्ति का सबसे बेहतर प्रतीक चिह्न होगा, उस व्यक्ति को सरकार द्वारा एक लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आजादी की पहली लड़ाई 1857 की क्रांति के दौरान शहीद हुए वीर जवानों की याद में 22 एकड़ में राज्य सरकार शहीदी स्मारक का निर्माण कर रही है, जो अंतिम चरण में है। सरकार इस स्मारक को भव्य बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। आगामी दिनों में लोग इस स्मारक के जरिए ना सिर्फ आजादी के इतिहास के बारे में जान पाएंगे, बल्कि प्रेरणा भी लेंगे। इस स्मारक को और भव्य बनाने और इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए इस स्मारक में एक खास प्रतीक चिह्न (लोगो) लगाया जाएगा। इस प्रतीक चिह्न को बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने इच्छुक कलाकारों-डिजाइनरों और लोगों से आवेदन मांगे हैं। ऐसे में जो भी व्यक्ति इच्छुक है वो एक अप्रैल शाम पांच बजे तक डायरेक्टरशहीदीस्मारकएटदरेटजीमेलडॉटकॉम पर अपनी प्रविष्टियां भेज सकते हैं।

# मतगणना के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार-डीसी

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बालाः जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि 12 मार्च को निकाय चुनाव के तहत प्रातः 8 बजे मतगणना का कार्य शुरू किया जाएगा। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से काउंटिंग स्टॉफ की रैण्डमाईजेशन करते हुए आरओ वाईज उन्हें अलॉट किया गया। इस मौके पर रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अम्बाला छावनी विनेश कुमार, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम बराड़ा अमित भारद्वाज, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम पूजा कुमारी, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार मौजूद रहें। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने कहा कि चुनाव से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों ने जिले में निकाय चुनाव को शान्तिपूर्वक व पूरी पारदर्शिता के साथ करवाने में बेहतर सफलता हासिल की हैं, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार वह मतगणना के कार्य को भी पूरी पारदर्शिता के साथ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत मतगणना से जुड़े कार्यों को करना हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 12 मार्च दिन बुधवार को निकाय चुनाव के दृष्टिगत मेयर पद के उप चुनाव के लिए मतगणना का कार्य ओपीएस विद्या मंदिर सैक्टर 9 स्कूल अम्बाला शहर में मतगणना केन्द्र मे, नगर परिषद् अम्बाला छावनी के तहत अध्यक्ष व पार्षद पद के तहत एसडी कालेज अम्बाला छावनी में बने मतगणना केन्द्र में तथा बराड़ा नगरपालिका के तहत चेयरमैन व पार्षद पदों के तहत डीएवी स्कूल बराड़ा में बने मतगणना केन्द्र में सुबह 8 बजे मतगणना का कार्य शुरू हो जाएगा।

उन्होंने संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि मतगणना से पहले सभी आवश्यक प्रबंधं एवं तैयारियां सुनिश्चित हो जानी चाहिए। इसके साथ-साथ मतगणना के कार्य में काउंटिंग स्टॉफ को किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए इसके लिए 10 मार्च को मतगणना से जुड़े कर्मचारियों व अधिकारियों की रिहर्सल भी करवाई जाए। इस मौके पर नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, एआरओ एवं तहसीलदार प्रियंका, एआरओ एवं तहसीलदार आदित्य, एआरओ एवं नायब तहसीलदार सुनील कुमार के साथ-साथ सम्बधिंत मौजूद रहें।



### मेडिटेशन पर आयोजित कार्यशाला में सीखी नई टेक्निक



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल में आइक्यूएसी व मैत्री क्लब के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय मेडिटेशन कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। जिसका विषय एलाइनमेंट ऑफ माइंड बॉडी एंड सौल रहा कॉलेज की प्राचार्य डॉ गगनदीप कौर ने दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात उन्होंने मुख्य अतिथि को गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि आज के सूचना व तकनीक के युग में हम बहुत तनाव में जीवन व्यतीत करते हैं। इसे बचने के लिए हमें योग ध्यान व अध्यात्म से अवश्य जुड़ना चाहिए। कार्यशाला में मुख्य वक्ता व विषय विशेषज्ञ के बतौर वैदिक लाइफ फाउंडेशन के संस्थापक स्वामी शैलेंद्र सरस्वती ने शिरकत की। उन्होंने ध्यान के स्वरुप व परिभाषा को विस्तृत ढंग से परिभाषित किया। इसके साथ ही शिक्षकों व विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण मेडिटेशन टेक्निक का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर कार्यशाला के संयोजक सचिव प्रोफेसर सतबीर जी ने बताया कि मानसिक शांति के लिए ध्यान बहुत महत्वपूर्ण है।

### तीन दिवसीय साइबर कोर्स का हुआ आगाज

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। हरियाणा** राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, प्रमुख-पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के कुशल मार्ग निर्देशन, दिशा निर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के कुशल नेतृत्व में विभाग को अत्याधुनिक बनाने के लिए तीन दिवसीय साइबर कोर्स की शुरूआत ब्युरो के मुख्यालय पर हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा द्वारा की गई। कार्यक्रम में साइबर सेल मुख्यालय के नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक रोहतक एवं कोर्स डायरेक्टर सतेन्द्र कुमार, उप पुलिस अधीक्षक अम्बाला जगबीर सिंह भी उपस्थित रहे।

# स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरण की

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, कमाल हुसैन)

इंडियन ऑयल की पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत 05 मार्च, 2025 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बहोली में स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरण की। इसी उपक्रम मे, पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा इसके पहले सीठना गाँव की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राऔ एवं खोरा खेड़ी गाव की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राऔ को साइकिल वितरण की गई थी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख थे तथा ओम प्रकाश , मुख्य महाप्रबंधक पी आर पीसी, विवेक नारायन, महाप्रबंधक पी आर पीसी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंजु देवी , सरपंच, एवं रमेश, सरपंच प्रतिनिधि, बहोली एवं गाँव के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री एम एल डहरिया ने अपने संबोधन में कहा कि पीआर पीसी इंडियन ऑयल के मूल मूल्य "राष्ट्र- प्रथम" की अवधारणा के तहत यह काम किया है। इंडियन ऑयल अपने अथक प्रयासों से न केवल देश को स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा प्रदान कर रहा है बल्कि अपने मूल मूल्यों के तहत कई तरह के समाज कल्याण के कार्य भी आगे बढ़कर कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पीआर पीसी की इस निस्वार्थ सेवा के जरिए इन स्कूली छात्राओं को जो साइकिले दे रहा है, उनसे इनके स्कूल मे आने जाने मे सुविधा होगी और इन छात्राओं का समय बचेगा साथ ही इनके स्कूल मे उपस्थिति के दिनों मे भी इजाफा होगा और छात्राएं अपने अध्ययन मे ज्यादा समय दे पायेंगी। डॉ मीनाक्षी शर्मा , प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सीठना ने भी अपने संबोंधन मे पीआर पीसी इंडियन ऑयल के इस सहयोग की सराहना की। इससे पहले विवेक शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक, ने अपने स्वागत भाषण के अंतर्गत पीआर पीसी प्रबंधन वर्ग की ओर से आसपास के गांवों के सरकारी विद्यालयों में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व तथा कॉर्पोरेट पर्यावरण दायित्व के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों से अवगत करवाया।



### गुरुकुल में हुआ विशेष गाइडेंस सैशन



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्रः गुरुकुल** के एन.डी.ए ब्लॉक में छात्रों के लिए विशेष ह्यगाइडेंस सैशनह्व हुआ जिसमें ब्रिगेडियर विकास कुमार, ग्रुप कमांडर एन.सी.सी. अम्बाला और कर्नल हरप्रीत सिंह, कमांडिंग ऑफिसर 10हरियाणा बटालियन, कुरुक्षेत्र विशेष रूप से पधारे। गुरुकुल पहुंचने पर दोनों अतिथियों का निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार के साथ एन.सी.सी. इंचार्ज कैप्टन श्रवण कुमार ने स्वागत किया। विशेष सत्र में एन.डी.ए. के छात्रों को सम्बोधित करते हुए ब्रिगेडियर विकास कुमार ने कहा कि जीवन में अनुशासन का विशेष महत्त्व है, जो विद्यार्थी अनुशासन का पालन करते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। इस दौरान उन्होंने छात्रों को एनडीए में एसएसबी में सफलता हेतु महत्त्वपूर्ण टिप्स दिये। एनडीए में लिखित परीक्षा के बाद एसएसबी इन्टरव्यू में कैसे सफल हों, इसकी तैयारी कैसे करें, इस पर विस्तार से चर्चा हुई।

# एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में एनुएल एथलेटिक मीट का भव्य आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )

**एसडी पीजी कॉलेज** पानीपत में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता 2025 का भव्य आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । आज की प्रतियोगिता का उदघाटन किसी और ने नहीं बल्कि कॉलेज की ही एक खिलाड़ी भतेरी ने किया जिन्होंने राष्ट्रीय खेलों में योगा में अपनी धाक बना रखी है । अतिविशिष्ट उपस्थिति में कॉलेज प्रधान प्रधान दिनेश गोयल, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल और कोषाध्यक्ष विशाल गोयल ने एथलेटिक मीट में शिरकत की । मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो सुशीला बेनीवाल ने पुष्प रोपित गमले और शाल भेंट कर किया । इस अवसर पर टीचिंग और नान टीचिंग के लगभग सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे जिन्होंने विभिन्न खेलों में जूरी एवं मार्शल आदि की भूमिका अदा की । प्रतियोगिता के प्रारम्भ में खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट में भाग लिया जिसकी सलामी भतेरी और प्रबंधन ने ली । तत्पश्चात मुख्य अतिथि और मेहमानों ने ध्वज फहराया और खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की शपथ दिलाई । दीप प्रज्वलन के साथ वार्षिक खेलों के विधिवत प्रांरभ की घोषणा की गई । एथलेटिक मीट 2025 में ओवर आल प्रदर्शन के आधार पर छात्र अंकुश और छात्रा सुनीता बेस्ट एथलीट बने । मंच संचालन डॉ सुशीला बेनीवाल और डॉ संतोष कुमारी ने किया । विजेताओं को मैडल के साथ सम्मानित किया गया । महिला वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में प्रो निधि, प्रो साक्षी एवं प्रो भारती ने और पुरुष वर्ग में प्रो मनीष, प्रो कमल एवं प्रो आशीष ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया ।

विदित रहे कि ऊंटला ग्राम की रहने वाली बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा भतेरी ने 12 वर्ष की आयु में योग साधना को अपनाया और गोवा में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में दो पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।



# विज ने सिविल अस्पताल के समक्ष एस्केलेटर की कार्यप्रणाली जांची

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बालाः हरियाणा के** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने सिविल अस्पताल अम्बाला छावनी के समक्ष लगाए गए फुट ओवर ब्रिज युक्त एस्केलेटर की कार्यप्रणाली को चैक किया और एस्केलेटर नियमित रूप से चले इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। विज अम्बाला छावनी सिविल अस्पताल में उपचाराधीन भाजपा नेता सुरेंद्र तिवारी का हालचाल जानने के लिए पहुंचे थे। इसके उपरांत उन्होंने सिविल अस्पताल के बाहर लोगों की सुविधा के लिए अम्बाला-साहा रोड पर लगाए गए एस्केलेटर की कार्यप्रणाली को चैक किया। उन्होंने मौके पर मौजूद सिविल अस्पताल के अधिकारियों से बातचीत की और कहा कि वे एस्केलेटर की कार्यप्रणाली को नियमित तौर पर वे चैक करें।



### श्री श्याम परिवार सेवा समिति द्वारा होगा विशाल कार्यक्रम

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। होली अवसर** पर श्री श्याम परिवार सेवा समिति द्वारा एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 14 मार्च को दोपहर 1:15 बजे गोशाला रोड पर स्थित राजा मैरिज पैलेस में आयोजित किया जाएगा।

श्याम भगत सत्यवीर यादव मालड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में निज मंदिर पुजारी खाटू श्याम मानवेंद्र चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे, जो भगतों के साथ सेठ सांवरिया दरबार में फूलों की होली खेलेंगे। इसके अलावा पटियाला से विशाल शैली और अलवर से विजय पंजवानी बाबा का गुणगान करेंगे।

# अनाधिकृत कॉलोनियों के तेजी से बढ़ने पर दिखाई सख्ती

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत:

मण्डलायुक्त राजीव रत्न ने पानीपत में सरकारी भूमि पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण और अनाधिकृत कॉलोनियों के तेजी से बढ़ने के दृष्टिगत कड़े निर्देश दिए हैं और कहा है कि ये अवैध गतिविधियाँ जिले के नियोजित विकास के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा हैं और समुदाय के विभिन्न पहलुओं पर दूरगामी हानिकारक प्रभाव डालती हैं। इसलिए सभी सम्बंधित अधिकारी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटवाने और अनाधिकृत कॉलोनियों को बढ़ने से रोकने के लिए उपाय करें। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का शहरी नियोजन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। यह



निर्धारित भूमि उपयोग को बाधित करता है, बुनियादी ढांचे के विकास में बाधा डालता है, और अव्यवस्थित और अस्थिर शहरी फैलाव पैदा करता है। नियोजित सडकें, सार्वजनिक स्थान और आवश्यक सुविधाएँ लागू करना असंभव हो जाता है, जिससे दीर्घकालिक विकास संबंधी बाधाएँ पैदा होती हैं। मण्डलायुक्त राजीव रत्न ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों की बढ़ती संख्या इन समस्याओं को और बढ़ा देती है। इन कॉलोनियों में आमतौर पर बुनियादी ढांचे का अभाव होता है, जिसमें उचित स्वच्छता प्रणाली, स्वच्छ पानी तक पहुंच और विश्वसनीय बिजली आपूर्ति शामिल है। आवश्यक सेवाओं की यह अनुपस्थिति इन कॉलोनियों और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा जोखिम पैदा करती है। उचित स्वच्छता की कमी से जलजनित बीमारियाँ फैल सकती हैं, जबकि विनियमित निर्माण प्रथाओं की अनुपस्थिति खतरनाक रहने वाले वातावरण का निर्माण कर सकती है। इसके अलावा, इन कॉलोनियों में अक्सर अग्निशमन विभाग और एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं तक पहुँच की कमी होती है, जिससे उनके निवासियों की सुरक्षा और भी खतरे में पड़ जाती है। यही नहीं इन अतिक्रमणों के कारण हरित क्षेत्रों और प्राकृतिक आवासों का विनाश स्थानीय जैव विविधता पर व्यापक प्रभाव डालता है और हमारे पर्यावरण के समग्र क्षरण में योगदान देता है। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण से सरकार को राजस्व का भी बड़ा नुकसान होता है। सरकारी भूमि के एक बड़े हिस्से पर अतिक्रमण किया गया है, जो चिंता का विषय है।

# केन्द्रीय कारागार मे जेल लोक अदालत का किया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बालाः** सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण की अध्यक्षता में केन्द्रीय कारागार, अम्बाला मे जेल लोक अदालत का आयोजन किया। इस जेल लोक अदालत मे 27 मुकदमे रखे गए थे जिनमे नियमानुसार 5 मुकदमों का निपटारा किया गया और 8 बंदियों को निर्धारित शर्तों पर रिहा किए गया। सीजेएम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री कंचन माही के मार्गदर्शन मे प्रतिमाह जेल लोक अदालत का आयोजन पहले बुधवार व तीसरे बुधवार को किया जाता है। इसके अलावा बिजली, पानी इत्यादि संबधित प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमे स्थायी लोक अदालत मे लगाकर निपटाए जा सकते है। स्थायी लोक अदालत, जिला ए डी आर सैंटर, अम्बाला मे स्थापित है और किसी भी कार्यदिवस पर इसके मुकदमे लगा सकते है।

उन्होंने यह भी बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, अम्बाला व सब डिवीजन, नारायणगढ़ की अदालतों मे 08 मार्च 2025 को किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थाई लोक अदालत व उपभोक्ता अदालत मे नैशनल लोक अदालत का आयोजन 07 मार्च 2025 को किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए हैल्पलाइन नं. 0171-2532142 व 9991112660 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने जनसाधारण से अपील की कि वे अदालत मे लम्बित मुकदमे व प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमे इस लोक अदालत मे रख कर उनका निपटारा करवा सकते है जिससे आपसी समझौते से मुकदमे का निपटारा होने पर भाईचारे की भावना बढ़ती है और लोक अदालत मे समझौता हुए मुकदमों की अपील भी नही होती जिससे समय व धन की बचत होती है। प्राधिकरण सचिव ने आह्वान किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को एक उत्सव की तरह मनाना चाहिए और इसमें अधिक से अधिक मामलों का निपटारा करवाने के लिए सभी को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।



**निपटारा**

**इस जेल लोक अदालत मे 27 मुकदमे रखे गए थे जिनमे नियमानुसार 5 मुकदमों का निपटारा किया गया**

# जिला पुलिस की टीम ने ऑप्रेशन स्माईल के तहत 2 बच्चों को किया रेस्क्यू

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : जानकारी देते** हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस महानिदेशक राज्य अपराध ब्यूरो के आदेशानुसार हरियाणा पुलिस द्वारा मार्च माह में गुमशुदा बच्चों व व्यक्तियों की तलाश के लिए एक माह का स्पैशल अभियान ह्यआप्रेशन स्माईलह्न चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला के कुशल मार्गदर्शन में जिला पुलिस की टीम द्वारा कारवाई की जा रही है। वीरवार को पुलिस टीम ने कारवाई करते हुए ब्रह्मसरोवर के पास भीख मांग रहे तथा बाल मजदूरी कर रहे 2 छोटे बच्चों को रेस्क्यू करने का सराहनीय कार्य किया है। विस्तृत जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 6 मार्च को आप्रेशन स्माईल टीम प्रभारी उप निरीक्षक जगमिन्द्र सिंह के नेतृत्व मे उप निरीक्षक रणबीर सिंह व अजय की टीम ने ब्रह्मसरोवर के पास भीख मांग रहे तथा बाल मजदूरी कर रहे 2 बच्चों को रेस्क्यू किया है। दोनों बच्चों को बाल कल्याण समिति के सम्मुख पेश करके काउंसलिंग करवाई गई। बच्चों के परिवार को ढूंढकर उनकी भी काउंसलिंग करवाकर दोनों बच्चों को उनके माता-पिता के हवाले किया गया।



## न्यूज फ्लैश

### पेपर दिलाने गए भाइयों पर हमला कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत:** राई थाना क्षेत्र के गांव जाखौली में स्थित स्कूल में छात्र के साथ पेपर दिलाने गए चचेरे भाइयों पर हमला कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपित उसके घर पर तेजधार हथियार लेकर पहुंचे गए। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव पतला निवासी हिमांशु ने बताया कि वह सोमवार को अपने चचेरे भाई आर्यन का पेपर दिलाने के लिए जाखौली गए हुए थे। उसका भाई आर्यन पेपर देने परीक्षा केंद्र में चला गया। जबकि वह अपने दूसरे चचेरे भाई अंगद के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठे थे। इसी दौरान पतला गांव का अमित और कर्ण वहां आए। दोनों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर अमित ने अंगद की गर्दन दबा दी। हिमांशु का कहना है कि उसने घटना के बारे में अपने चाचा को जानकारी दी। उनके चाचा देवेंद्र वहां आए और उनको लेकर गांव पतला की तरफ जाने लगे तो अमित, कर्ण और नितिन ने रास्ते में रोक लिया। अमित और कर्ण उनको लात-घूंसों से पीटा। इस दौरान नितिन उसके सिर पर वार कर घायल कर दिया। इसके बाद आरोपित चले गए। वह इलाज के लिए अस्पताल चले गए। इसके बाद अमित, उसका भाई अंकुर, विकास, कर्ण और नितिन फरसे लेकर उनके घर पहुंचे गए। आरोपितों ने उनको जान से मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर आरोपित मौके से भाग गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एचसी अमित कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### दो घरों से तीन मोबाइल और 20 हजार रुपये ले गए चोर

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में अलग-अलग दो घरों से हजारों रुपये की राशि व मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। पटेल नगर निवासी चिरजी ने बताया कि वह रात एक बजे के बाद परिवार के सदस्य सोए हुए थे। रात को कोई चोर छत के रास्ते घर के कमरे में घुसकर दो मोबाइल फोन व 17 हजार रुपये की राशि, चोरी करके ले गए। जानकारी मिली कि उसके पड़ोस से एक मोबाइल फोन व तीन हजार रुपये की राशि के बारे में चोरी होने के बारे में पता चला। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी प्रदीप सिंह ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### ट्रेन में चढ़ते समय यात्री का मोबाइल फोन चोरी, मुकदमा दर्ज


**सोनीपत: सोनीपत** रेलवे स्टेशन में ट्रेन में चढ़ते समय यात्री के मोबाइल फोन के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के बाद मामले की शिकायत राजकीय रेलवे पुलिस को दी। घटना स्थल सोनीपत का होने के चलते मामले की शिकायत सोनीपत भेजी गई। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मालवी जिला उदयपुर राज्य राजस्थान निवासी राहुल ने बताया कि वह गत तीन मार्च को सोनीपत रेलवे स्टेशन से दिल्ली जाने के लिए पश्चिम एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ा था। उसी दौरान किसी ने उसकी जेब से मोबाइल फोन चोरी कर लिया।

# डिजिटल तकनीक और प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी होना आवश्यक: प्रो. सोमनाथ

## प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि जब हम उच्च शिक्षा के परिवर्तन के चौराहे पर खड़े हैं

**विमोचन**

**रिसर्च जनरल के एनईपी 2020 के संदर्भ में दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा विषय पर विशेष अंक का विमोचन किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि जब हम उच्च शिक्षा के परिवर्तन के चौराहे पर खड़े हैं, इसलिए विभिन्न डिजीटल तकनीको की जानकारी और प्रौद्योगिकी के बारे जानकारी होना आवश्यक है। वे गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र तथा विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, हरियाणा के सहयोग से उच्च शिक्षा में नियमित, ऑनलाइन एवं ओडीएल विधियों के अभिसरण तथा प्रौद्योगिकी एकीकरण पर आईसीएसआर द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया व अतिथियों द्वारा सीडीओई की स्मारिका तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय रिसर्च जनरल के एनईपी 2020 के संदर्भ में दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा विषय पर विशेष अंक का विमोचन किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का लक्ष्य सभी के लिए शिक्षा सुलभ बनाना और 2035 तक सकल नामांकन अनुपात 50 प्रतिशत हासिल करना है और यह लक्ष्य केवल मिश्रित और संकर शिक्षा के प्रभावी उपयोग से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने यूजी व पीजी पाठ्यक्रम में एनईपी-2020 को देश में सबसे पहले लागू किया है। यह नीति छात्रों को समग्र वातावरण प्रदान करती है। छात्र किसी भी कठिन विषय को डिजिटल माध्यम के द्वारा सरल तरीके से समझ सकते हैं। हमें ऐसी शिक्षा प्रदान करनी चाहिए जो सस्ती हो जिसे किसी भी समाज का वर्ग शिक्षा का खर्च वहन कर सके ताकि शिक्षा विश्व के हर कोने तक पहुंचे और छात्र को शिक्षा का हक मिले।

संगोष्ठी के मुख्यातिथि हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि छात्रों को उभरती हुई आधुनिक तकनीकों को और अधिक जानने की आवश्यकता है। भारत देश के युवाओं को इसे अपनाने के लिए तैयार रहना चाहिए। भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी है। सभी हितधारकों को कौशल विकास और उन्नयन के लिए उभरती हुई प्रौद्योगिकियों को सीखने के लिए तैयार रहना चाहिए। शिक्षा के विकास में प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रौद्योगिकी ने शिक्षा के लोकतंत्रीकरण को जन्म दिया है जो सभी बाधाओं से मुक्त है। दुनिया में कोविड के बाद आनलाइन शिक्षा की महत्ता सामने आई।

# माँ का कर्ज कोई बेटा नही चुका सकता: जगपाल जौरासी



**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा:** समालखा के प्रमुख कॉलोनाइजर एवं समाजसेवी जगपाल जौरासी ने अपनी स्वर्गवासी माँ चंद्रो देवी की पुण्यतिथि पर मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में भंडारा लगाया जहां सैकड़ों लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर जगपाल जौरासी ने भरे हुए मन से माताजी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जननी मां का कर्ज कोई भी बेटा चुका नहीं सकता। माँ की कमी हमें जिंदगी भर महसूस होगी।

उन्होंने कहा कि समाज सेवा के संस्कार उन्हें माँ से मिले है। वह सदा उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलने की कोशिश कर रहे है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि जितना भी हो सके हमें मां-बाप की सेवा बढ़ चढ़कर करनी चाहिए क्योंकि मां-बाप ही हमारे लिए भगवान है। बताने योग्य है कि कोई भी सामाजिक व धार्मिक कार्य हो जगपाल जौरासी तन मन धन से उसमें अपना योगदान देते हैं।

**भंडारा**

**मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में भंडारा लगाया जहां सैकड़ों लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया**

# कृषि विभाग ने दुकानों पर की छापेमारी, अलग-अलग स्थानों से लिए 24 सैंपल

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिला** कृषि विभाग की टीम ने गोहाना व सोनीपत क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से बीज, दवाइयां व खाद के सैंपल लिए है। विभाग की टीमों ने दुकानों से कुल 24 सैंपल लिए है। कृषि उपनिदेशक डा. पवन शर्मा के नेतृत्व में टीम द्वारा लिए गए सौंपलों को जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद विभाग की तरफ से आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। बता दें कि मौजूदा समय में रबी सीजन अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। किसानों ने रबी सीजन में 1 लाख 45 हजार हेक्टेयर भूमि में गेहूं उगाया है। इसके अतिरिक्त करीब 30 हजार एकड़ भूमि में विभिन्न प्रकार की सब्जियां भी उगाई गई है। मौजूदा समय में खाद और दवाइयों की डिमांड अधिक रहती है।

**लैब भेजा**

**गोहाना व सोनीपत क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से बीज, दवाइयां व खाद के सैंपल लिए हैं**

# इंस्पायर मानक योजना के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के 43 विद्यार्थियों का चयन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत द्वारा संचालित इंस्पायर मानक योजना के अंतर्गत जिला कुरुक्षेत्र के 43 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि इस शैक्षिक सत्र 2024-2025 में जिला कुरुक्षेत्र से कुल 1430 विद्यार्थियों ने योजना के लिए पंजीकरण कराया था जिसमें से 43 विद्यार्थियों का चयन किया गया है तथा सभी चयनित विद्यार्थियों को ?10,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी ताकि वे अपने आइडिया को मूर्त रूप दे सकें। पुरस्कार राशि को सीधे विद्यार्थियों के खातों में भेजा जाता है। डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड मानक योजना भारतीय युवाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति प्रेरित करने और उन्हें नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस योजना के तहत कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थी अपने नवाचारों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विद्यार्थियों से इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने और विज्ञान के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करने का आह्वान किया। संतोष शर्मा ने कहा कि सभी चयनित छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा ताकि वे अपने विचारों को साकार रूप दे सकें। प्रोजेक्ट तैयार करने के उपरांत चयनित विद्यार्थी विभिन्न स्तरों पर प्रदर्शनी और प्रोजेक्ट कॉम्पिटिशन में भाग लेंगे, जिससे उनका चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है और सर्वश्रेष्ठ 60 विद्यार्थियों को राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनशीलता और कल्पनाशीलता को बढ़ावा देना है जिससे वे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान कर सकें। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि जिला कुरुक्षेत्र से ऐके डीएवी स्कूल इस्माईलाबाद से खुशी तथा अवनी राजपाल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मलिकपुर से यशप्रीत, गीता निकेतन आवासीय विद्यालय से एंजेल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरौंदा से मनीषा देवी शामिल हैं।



**पंजीकरण**

**कुरुक्षेत्र से कुल 1430 विद्यार्थियों ने योजना के लिए पंजीकरण कराया था**

# समालखा की बेटी कृति बैनीवाल ने ग्रीस मे जीती वुशु चैंपियनशिप

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा: समालखा** की बेटी कीर्ति बैनीवाल ने ग्रीस मे आयोजित अंतरराष्ट्रीय वुशू चैम्पियनशिप मे गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। स्विटजरलैंड को पराजित कर गोल्ड झटकने वाली चाँद स्पोर्ट्स अकादमी की प्लेयर्स कृति बैनीवाल ब को समालखा रेलवे-स्टेशन पर पहुंची तो यहा परिजनो के साथ साथ विधायक मनमोहन भडाना के प्रतिनिधि मेनपाल भड़ाना व निजी सचिव धर्मेन्द्र ने उन्हे उज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशिर्वाद दिया। उसके बाद गोल्ड मेडलिस्ट बेटी कीर्ति बैनीवाल को खुली कार मे बैठाकर रेलवे-स्टेशन से डीजे के साथ जुलूस के रूप मे अकादमी तक ले जाया गया।

चांद स्पोर्ट्स अकादमी के कौच राजीव कुमार ओर रजनी देवी ने बताया की ग्रीस के रेसलिंग स्टेडियम मे विगत 28 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित इंटरनेशनल वुशु चैंपियनशिप 26 देशो के खिलाडियो ने भाग लिया। इंडिया टीम मे 22 खिलाडियो ने भाग लिया ओर अच्छा प्रदर्शन किया। इंडिया टीम की ओर से खेलते हुए फाइनल मुकाबले मे स्विट्जरलैंड को हरा कर गोल्ड मेडल हासिल किया। समालखा पहुंचने पर विधायक प्रतिनिधिमंडल के अलावा समालखा सब्जी मंडी ऐसोसियेशन प्रधान संजय बैनीवाल,पार्षद पति विपिन छाबडा,भीम सिंह बैनीवाल, आजाद सिंह बैनीवाल,राजेश बैनीवाल व नंद लाल ने खिलाडी कीर्ति बैनीवाल को फूल मालाओ से स्वागत किया।



**नाम रोशन किया**

**अंतरराष्ट्रीय वुशू चैम्पियनशिप मे गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है**

# जिले में बदमाशों का आतंक, कार सवार से सोने की चेन छीनी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** में बदमाशों के हौसले बुलंद है। बदमाशों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार सवार से सोने की चेन व कंपनी कर्मचारी से दो-पहिया वाहन के छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। संबंधित थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच की जा रही है। सेक्टर-2 निवासी राकेश ने बताया कि वह अपनी कार को लेकर देर शाम गांव कुराड़ में दूध लेने के लिए गया था। जब वह दूध लेकर वापस लौट रहा था। वह बहालगढ़ रोड पर ट्रक यूनियन के पास पहुंचा। जहां उसकी गाड़ी के आगे एक कार अड़ा दी। गाड़ी से कुछ युवक हाथों में डंडे लेकर उतरे। उसके साथ मारपीट की। एक युवक के हाथ में पिस्तौल होने का आरोप भी पीड़ित ने लगाया है। उन्होंने उसके गले से सोने की चेन झपट ली। किसी तरह वहां से बचकर अपनी गाड़ी में आकर बैठा।

उसके बाद खुद को बचाया। हमलावर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। मामले को लेकर सेक्टर-27 शहर थाना पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**कंपनी कर्मचारी से मारपीट कर दो-पहिया वाहन छीना**

गांव हमोदाबाद बागपत उत्तर प्रदेश निवासी विक्की ने बताया कि वह कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी करता है। वह ड्यूटी खत्म करके वापस अपने घर बाइक पर सवार होकर जा रहा था। जब टीडीआई के पास पहुंचा। उसी दौरान तो पीछे से आई कार सवार चार युवकों ने उसे रोक लिया। आरोपित मारपीट कर उससे बाइक छीन ले गए। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई।

**जांच**

**गाड़ी से कुछ युवक हाथों में डंडे लेकर उतरे। उसके साथ मारपीट की, मामले में गहन जांच जारी**

## महिला सरपंच के खिलाफ केस दर्ज

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव सलीमपुर ट्राली की महिला सरपंच पर निलंबन के बाद रिकॉर्ड जमा न करवाने का मामला सामने आया है। खंड एवं पंचायत अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत भेजी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित महिला सरपंच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। खंड एवं पंचायत अधिकारी ने मोहाना थाने में शिकायत देकर बताया कि विभाग की तरफ से 22 अगस्त 2024 को प्रियंका मलिक सरपंच गांव सलीमपुर ट्राली को निलंबित कर दिया था। इस संबंध में सरपंच से ग्राम पंचायत का रिकॉर्ड जमा करवाने के लिए कहा गया।

# स्त्री पुरूष समानता में नागरिक दायित्व विषय पर कार्यशाला का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना (बलराम)**

**महिला** एवं बाल विकास विभाग द्वारा भगत फूलसिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में गुरूवार को स्त्री पुरूष समानता में नागरिक दायित्व विषय पर राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने किया। उन्होंने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि बेटी के जन्म से पहले हमारे भीतर जो सोच होती है, सबसे पहले उस सोच को बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज भी महिला और पुरूष को समानता की दृष्टि से नहीं देखा जाता, यदि महिलाओं को बराबरी का अवसर मिलेगा तो अवश्य ही प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति करेंगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान ने बेटियों के प्रति समाज की सोच को बदला है जहां पहले लोग बच्चों को पढ़ाने व खेलों में भेजने का परहेज करते थे लेकिन आज हर परिवार अपने बेटी को बेटों के समान अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि लोगों की बेटियों के प्रति जो सोच में परिवर्तन आया है उसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं आज हमारी बेटियां खेल हो या शिक्षा हर क्षेत्र में फतेह कर रही है और अपने माता-पिता का नाम रोशन कर रही है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक चन्द्रभूषण ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों की समझ होना अति आवश्यक है जब वो अपने अधिकारों को समझेगी और निर्भय होकर अपनी बात कहेगी तभी उनके साथ न्याय होगा। उन्होंने कहा कि चुप रहना किसी समस्या का समाधान नहीं है। बल्कि अपने हक के लिए आवाज उठाना प्रत्येक स्त्री का कर्तव्य है। इस अवसर पर वरिष्ठद्द पत्रकार इंदिरा राठौर ने कहा कि आज महिला प्रत्येक क्षेत्र में अपने को साबित कर रही है। आज के समय में जब स्त्री स्वयं निर्णय लेने में सक्षम होगी तभी स्त्री सशक्तिकरण की परिभाषा को चरितार्थ करेंगी। इस मौके पर गीता गहलावत ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में संचालित आंतरिक शिकायत समितियों की हिस्सेदारी से सभी शैक्षणिक परिसरों में विद्यार्थियों से आंतरिक संवाद करना है ताकि सार्वजनिक स्थानों पर स्त्री के साथ किसी भी तरह का दुराचार ना हो एवं इसके लिए सख्त नियंत्रण के लिए उपाय किया जाए।

**दृष्टिकोण**

**बेटी के जन्म से पहले हमारे भीतर जो सोच होती है, सबसे पहले उस सोच को बदलने की जरूरत**

# गलियों में कूड़ा फेंकने वाले लोगों पर रहेगी अब नजर:सतेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि शहर की गलियों और चौराहों में कूड़ा फैंकने वाले लोगों पर अब सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से नजर रखी जाएगी। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन की तरफ से कुछ जगह निर्धारित की है जहां लोग कूड़ा डालने से नहीं हट रहे। ऐसी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से नजर रखने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए है। इतना ही नहीं सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा डालने वाले लोगों के चालान कर जुमार्ना किया जाएगा।

डीएमसी सतेन्द्र सिवाच वीरवार को देर सांय नए लघु सचिवालय डीएमसी कार्यालय में अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने थानेसर नगर परिषद को स्वच्छता सर्वेक्षण की टॉप रैंकिंग में लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में और तेजी लाने के कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इतना ही नहीं डीएमसी ने शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नए सिरे से योजना तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि शहर के नागरिकों की मानसिकता में बदलाव लाने के लिए स्वच्छता अभियान को एक जन आंदोलन का रूप देना है। यह तभी संभव होगा जब अधिकारी और कर्मचारी घर-घर जाकर थानेसर को स्वच्छ शहर बनाने के प्रति जागरूक करेंगे और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का संदेश पहुंचाएंगे।

उन्होंने कहा कि उपायुक्त नेहा सिंह के नेतृत्व में शहर को स्वच्छ बनाने में अथक प्रयास शुरू किए जा चुके है और इसके सार्थक परिणाम भी नजर आ रहे है। लेकिन शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण की टॉप रैंकिंग में शुमार करने के लिए और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों को कार्य का आबंटन कर दिया गया है।

यह अधिकारी, कर्मचारी विद्यालयों, होटल संचालकों को जागरूक करेंगे, पार्कों, शौचालयों, बस स्टैंड और कार्यालयों की सफाई की तरफ विशेष ध्यान देंगे। इस बैठक में नप ईओ राजेश कुमार, नप अधिकारी के एल बठला, मुख्य सफाई निरिक्षक जीतेन्द्र नरवाल, विकास, अभिषेक एवं आई ई सी एक्पर्ट बीरेंद्र कुमार भारद्वाज उपस्थित थे।

डीएमसी ने अधिकारियों को सख्त आदेश दिए कि थानेसर शहर में अधिकारी,कर्मचारी आम नागरिक की फीडबैक लेंगे और ऑनलाइन प्रणाली से रिपोर्ट को अपडेट भी करेंगे।



**अथक प्रयास**

**चौराहों में कूड़ा फेंकने वाले लोगों पर अब सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से नजर रखी जाएगी: जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच**

# व्यायामशाला - भादी में सिखाए गए आत्मरक्षा के गुर: करन आर्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: योग** शिक्षक जीत राम द्वारा चलाई गई योगकक्षा व्यायामशाला - भादी, में योग क्रियाओं के साथ-साथ आत्मरक्षा सिखाने के लिए आर्य वीर दल सोनीपत के व्यायाम शिक्षक करन सिंह आर्य द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें लाठी चलाना, नैनचक चलाना और बिना अस्त्र-शस्त्र के स्वयं की रक्षा करने के विभिन्न गुर सिखाये। इसके अलावा विद्यार्थी जीवन में उपयोगी अच्छे संस्कारो की भी शिक्षा दी गई। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों का मानसिक विकास तो होता ही है दूसरी ओर व्यायाम द्वारा शारीरिक विकास भी अनिवार्य है। इस कार्यक्रम का आयोजन बच्चों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करना था। कार्यक्रम के दौरान योग शिक्षक जीत राम के साथ गाँव के बुजुर्ग शेर सिंह, रोहतास नैन के अलावा युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जिनमें संदीप कुमार, अनूप कुमार, कुलदीप और दीपक के साथ कनक, नीतू, तनीषा, वंश, हंस, हन्नी और रितेश आदि बच्चों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



# देश की तरक्की के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव की पॉलिसी को करना होगा अडॉप्ट: सुशील

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : भारतीय जनता** पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने कहा कि देश की तरक्की के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव की पॉलिसी को अपनाना होगा। इस अहम विषय को लेकर पूरे प्रदेश और देश में एक मत को तैयार करने का प्रयास करना होगा। इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को एक राष्ट्र एक चुनाव की मुहिम के साथ जोड ?ा होगा। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल गत देर रात्रि सेक्टर 8 में 48 कोस तीर्थ निगरानी



कमेटी के चेयरमैन एवं एक राष्ट्र एक चुनाव समिति के सह संयोजक मदन मोहन छाबड़ा के निवास पर समिति की अहम बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता,एक राष्ट्र एक चुनाव के हरियाणा संयोजक एडवोकेट विजय पाल, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने कहा कि देश में अलग-अलग समय पर चुनाव होने पर बहुत ज्यादा खर्चा होता है। इससे देश की आर्थिक स्थिति पर सीधा प्रभाव पड़ता है और समय की बबादी के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों पर काम का भार ज्यादा हो जाता है। इन चुनावों में जब अधिकारी, कर्मचारी व्यस्त रहते है तो आम व्यक्ति के कार्य भी रूक जाते है। इतना ही नहीं विकास की गति भी एक दम रुक जाती है। इस देश में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने एक कानून लाने का काम किया और इसके लिए पूरे देश का जनमत तैयार करने के लिए अब तेज गति के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर पूरे समाज का एक मत बने इसके लिए अब किसानों, युवाओं, महिलाओं, बुद्धिजीवियों के साथ-साथ हर वर्ग और आम नागरिक के साथ चर्चा और बैठकों का दौर चल रहा है। यह पॉलिसी देश के हित के लिए है, इसलिए इस विषय पर पूरी गंभीरता के साथ कार्य किया जा रहा है।

# होलिका दहन का उचित समय

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: ज्योतिषाचार्य मीनाक्षी** शर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष होली पर्व पर भद्रा के कारण होलिका दहन के सही समय को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी रहती है। सर्वप्रथम लोगों को भद्रा के बारे में मालूम होना चाहिए कि भद्रा होती क्या है? पंचांग के पांच अंग होते हैं :-तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण । तिथि के आधे भाग को करण कहते हैं। एक तिथि में दो करण होते हैं।करण की कुल संख्या 11 हैं। बव, बालव, कौलव, तैतिल,गर,वणिज, विष्टि ये 7 चर करण हैं जो एक मास में 8 बार आते हैं। नाग, शकुनि, चतुष्पद, किंस्तुघ्न ये 4 स्थिर करण हैं जो एक मास में केवल एक बार आते हैं। प्रथम 6 करण ( बव



से वणिज तक) शुभ माने जाते हैं। विष्टि से किंस्तुघ्न तक 5 करण अशुभ माने जाते हैं। भद्रा - विष्टि करण को ही भद्रा कहते हैं। यह एक मास में 8 बार आती है। 4 बार कृष्ण पक्ष में और 4 बार शुक्ल पक्ष में। प्रत्येक पूर्णिमा के पूर्वार्द्ध में भद्रा ( विष्टि करण) होती है। भद्रा में कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किया जाता। पौराणिक कथा अनुसार भद्रा की उत्पत्ति देवासुर संग्राम में देवताओं को पराजित हुआ देखा तो भगवान शिव ने क्रोध में आकर अपने वक्षस्थल पर दृष्टिपात किया तो उससे गर्दभ के समान मुखाकृति से युक्त तथा पूंछ वाली, 7 भुजाओं से युक्त, तीन पैरों वाली, प्रेत वाहन वाली शक्ति की उत्पत्ति हुई जिसे लोक में भद्रा ( विष्टि) के नाम से जाना जाता है। इसने आते ही राक्षसों का विनाश प्रारम्भ कर दिया।

**होलिका दहन का शुभ मुहूर्त:-**

इस वर्ष होली पर भद्रा प्रातः 10:36 से रात्रि 11:31 तक रहेगी। अतः होलिका दहन का उचित समय रात्रि 11:31 से 12:37 तक है। अति आवश्यक परिस्थिति में भद्रा पुच्छ काल में जो कि सांय 07:00 बजे से रात्रि 08:17 तक रहेगा, उस समय किया जा सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### पानीपत की छात्रा देविका बडेरा ने आत्म-धारित आकर्षक और रिश्तो की पसंद पर किया शोध

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) पानीपत** की छात्रा देविका वडेरा ने आत्म-धारित आकर्षक और रिश्तो की पसंद पर शोध किया है। हालिया अध्ययन में यह जांचा कि 18-25 आयु वर्ग के युवाओं में आत्म-धारित आकर्षण साथी चयन और सहमति आधारित गैर-एकपत्नीवाद को कैसे प्रभावित करता है। परिणामों से पता चला कि आत्म-धारित आकर्षण और गैर-एकपत्नीवाद के प्रति झुकाव के बीच कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं है। हालांकि, जो लोग खुद को अधिक आकर्षक मानते हैं, वे साथी चयन में अधिक चयनशील पाए गए। ये निष्कर्ष पारंपरिक धारणाओं को चुनौती देते हैं और संबंध निर्णयों को समझने में सामाजिक मानदंडों और लगाव शैलियों जैसे अन्य कारकों की भूमिका को उजागर करते हैं।

### गीता विद्यालय के पूर्व छात्र डॉक्टर राजकुमार मित्तल बने कुलपति

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : आज श्रीमद्भागवद** गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में खुशी का माहौल है क्योंकिआज गीता विद्यालय के 1978 बैच के पूर्व छात्र प्रो. राजकुमार मित्तल को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर सेंट्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के कुलपति नियुक्त होने पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान अध्यक्ष महेंद्र सिंगला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक रोशा, प्रबंधक वीरेंद्र वालिया, कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी,जंग बहादुर व प्रबंध समिति के अन्य सदस्यों ने डॉक्टर राजकुमार मित्तल को हार्दिक बधाई दी । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान ने कर्मचारियों व अध्यापकों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

### शिक्षकों ने बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिल करवाने का किया आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :राजकीय मॉडल** संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हथीरा के स्टाफ सदस्यों इंचार्ज सूबे सिंह व सत्यवान ढांडा ने आज गांव में मुनादी के साथ साथ सरकारी मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में दाखिल करवाने के लिए अभिभावकों को सकारात्मक रूप से प्रचार करते हुए काउंसिल किया है,और समाज को सरकारी विद्यालय में दाखिल करने को तैयार किया है। सरकारी मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छ स्वस्थ वातावरण और उच्च आदर्श शिक्षा पद्धति लागू है।

### समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों का जल्द हो निपटान- एडीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: जिला स्तर** पर आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत ने यहां पहुंचे प्राथियों की समस्याओं को विस्तार पूर्वक सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायत मार्क कर उनका निवारण करने बारे निर्देश दिए। समाधान शिविर में 4 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन शिकायतों का मौके पर ही निपटान कर दिया तथा शेष बची एक शिकायत को भी सम्बधिंत को मार्क करते हुए जल्द से जल्द निपटान करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने इस मौके पर बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लोगों कि समस्याओं के जल्द समाधान हेतु समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर लगाने का उद्देश्य हर प्रार्थी की समस्या का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में आकर अपनी समस्या को रख सकता है।

# शिविर में हो रही अधिकारियों की काबलियत की परख

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: हरियाणा के मुख्यमंत्री** नायब सिंह की कुशलता से लोगों के कई-कई वर्ष पूराने कार्य तीव्र गति से बन रहे है। यह सब विकसित हरियाणा की तरफ ठोस कदम है। मुख्यमंत्री के ठोस प्रयास से प्रदेश के हर व्यक्ति का जीवन खुशहाल बन रहा है। गुरूवार को जिला सचिवालय में समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि हर मुश्किल के पीछे सफलता का सवेरा है। हर कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलने से ही हमारी काबलियत की परख होती है। हमें समाधान शिविर में समस्या लेकर पहुंचने वाले नागरिकों के कार्य को



अपने कल का ध्यान रखकर करना चाहिये। इस समाधान शिविर में अधिकारियों की काबलियत का भी आंकलन हो रहा है। अधिकारियों को इसकी समझा होनी चाहिये। ज्यादा तीव्र गति से समस्याओं का समधान अधिकारियों को करना चाहिये। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये की वे कृतज्ञता का सहारा लेकर समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान करके इस समाधान शिविर को सफल बनाये। हमें आम जन की समस्याओं के समाधान करने का अवसर मिला है। इस मौके को गवाना नहीं चाहिये व लागों की समस्याओं का समाधान करके दुआए कमानी चाहिये। उपायुक्त ने कहा कि हम जितने ज्यादा लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे उतना ही हर व्यक्ति की यादों में रहेंगे। लोगों की समस्याओं का समाधान करके देखें हमें अलग से खुशी का अहसास होगा। यह खुशी सिर्फ लागों की समस्याओं का समाधान करके ही हासिल होगी।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज ने कहा कि विश्वास व ईमानदारी से किया गया कार्य हमेशा जीवन को आगे ले जाता है। अधिकारियों को मन में ठानकर अपने पर विश्वास करके जन समस्याओं का निपटान करना चाहिये। जहां विश्वास है वहां हर समस्या का समाधान है। विश्वास में सब कुछ संभव है।

# नहरों में जहरीला पानी डालने वालों के खिलाफ प्रशासन करेगा कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**प्रशासन ने जहरीला पानी** ड्रेनों में डालने वाले ट्रैक्टर टैंकरों के संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का बीड़ा उठाया है। प्रशासन ने ऐसी फैक्ट्री संचालकों के नाम की सूची तैयार करनी प्रारंभ कर दी है जो फैक्ट्री का जहरीला पानी ट्रैक्टर टैंकरों के जरिए नदियों में डलवा रहे हैं। बहुत जल्द ही उन लोगों को चेहरा जनता के सामने लाया जाएगा जो इस घिनौने कार्य को अंजाम दे रहे हैं। उपायुक्त ने आरटीओ को ट्रैक्टर टैंकर बंद करने के भी सख्त निर्देश दिए। उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने गुरुवार को जिला सचिवालय के सभागार में प्रदूषण विभाग, पुलिस विभाग,सिंचाई विभाग आरटीओ व कई अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि शिकायत मिली है कि ट्रेन नंबर दो में इंडस्ट्री का जहरीला पानी रात्रि के वक्त कुछ टैक्टर टैंकरों द्वारा डाला जा रहा है। ज्यादातर कार्य ट्रैक्टर टैंकरों द्वारा रात्रि के वक्त होता है। प्रशासन इसको लेकर मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। उन ट्रैक्टर टैंकरों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे हैं जो ड्रेन नंबर दो में रात्रि के वक्त इंडस्ट्री के जहरीले पानी को व कचरे को डालने का कार्य कर रहे हैं।

# जीएसटी एम्निस्टी योजना से कारोबारियों को मिलेगी राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**वित्तीय वर्ष 2017-18,** 2018-19 और 2019-20 के दौरान नोटिस/आदेश प्राप्त कारोबारियों के लिए जीएसटी विभाग द्वारा संचालित जीएसटी एम्निस्टी योजना बड़ी राहत लेकर आई है। इस योजना के अंतर्गत कारोबारियों को 31 मार्च 2025 तक केवल बकाया टैक्स जमा करना होगा। इस योजना के तहत आवेदन आवेदन करने की अवधि 30 जून 2025 तक रहेगी और ब्याज और जुमार्ने से पूरी तरह छूट मिलेगी। डीईटीसी पुनीत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इसका उदेश्य व्यापारिक जगत को वित्तीय दबाव से राहत देना है।

**योजना की मुख्य विशेषताएं**

31 मार्च 2025 तक (बकाया टैक्स जमा करवाने की तारीख) 30 जून 2025 तक (आवेदन करने की तारीख)। वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 के नोटिस/आदेश प्राप्त कर दाता को ब्याज और जुमार्ने में छूट रहेगी तथा आवेदन प्रक्रिया जीएसटी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन रहेगी।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त योजना की अधिक जानकारी के लिए सप्ताह के किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय में आकर अपने वार्ड से संबंधित अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है ।

# बाबा सवारनाथ नाथ डेरा गांव बाहरी में वार्षिक उत्सव का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : बाबा सवारनाथ** डेरा बाहरी में फागुन मास की नवमी के अवसर हर वर्ष तीन दिन का सॉन्ग और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी बाबा सवारनाथ चेला मोहरू नाथ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 6 मार्च से 8 मार्च तक सॉन्ग और 8 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। पवित्र सॉन्ग के माध्यम से डेरे का गुणगान करने के लिए सुप्रसिद्ध सांगी सूरज बेदी और उनकी पूरी टीम द्वारा किया जा रहा है ।



आज 6 मार्च को सांग के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि चौधरी धर्मवीर जोगना खेड़ा जी के कर कमलों द्वारा पवित्र सांग का शुभारंभ रिबन काट कर किया गया। ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा चौधरी धर्मवीर का फूल माला और सिरोपा पहनाकर हार्दिक स्वागत। ट्रस्ट द्वारा विशेष आमंत्रित गिरी नाथ जी महाराज जी को सिरोपा और माला पहनाकर हार्दिक अभिनंदन किया गया ।चौधरी धर्मवीर ने कहा कि

# जौरासी ने भोजन प्रसाद की सेवा दी

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) स्वर्गीय श्रीमती चंद्रो** देवी की पुण्यतिथि पर उनके बेटे जगपाल जौरासी ने भोजन प्रसाद की सेवा दी । समालखा स्वर्गीय श्रीमती चंद्रो देवी की पुण्यतिथि पर उनके बेटे सुप्रसिद्ध समाजसेवी जगपाल जौरासी ने मां गोदावरी आनंद वृद्धाआश्रम ग्राम गोमची रायपुर में आवासियों को भोजन महाप्रसाद की सेवा दी सैकड़ो लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया । इस मौके पर जगपाल जौरासी ने भरे हुए मन से कहां आज माताजी की पुण्यतिथि पर भोजन प्रसाद की सेवा दी है मां का कर्ज.कोई भी बेटा चुका नहीं सकता माता जी की कमी हमें जिंदगी भर महसूस होगी जो उन्होंने मुझे संस्कार दिए हैं मैं उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलने की कोशिश कर रहा हूं।

# कोर्स की बची हुई सीटों के लिए दाखिला 13 मार्च तक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सरबत दा** भला चैरिटेबल ट्रस्ट रजिस्टर्ड की जिला कुरुक्षेत्र इकाई एवं जिला रेड क्रॉस समिति, कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में रेड क्रॉस भवन, कुरुक्षेत्र में जरूरतमंद महिलाओं के लिए संचालित निशुल्क सिलाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में दाखिले के लिए रजिस्ट्रेशन 21 फरवरी से आरंभ हो चुका है और कुछ ही सीट शेष बची हैं । ट्रस्ट के जिला प्रधान गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि मैनेजिंग ट्रस्ट्री डॉ एसपी सिंह ओबेरॉय (दुबई) के उद्यम एवं कुशल नेतृत्व, राष्ट्रीय प्रधान स. जस्सा सिंह के मार्गदर्शन एवं शिक्षा निदेशक डॉ



इंद्रजीत कौर गिल के सुयोग्य निर्देशन में संचालित यह दोनों कोर्स छह-छह महीने के हैं । सिलाई प्रशिक्षण कोर्स में वे महिलाएं दाखिला ले सकती हैं जो थोड़ा बहुत हिंदी पढ़ना लिखना जानती हैं । कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए महिला को 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है । दोनों कोर्सों के लिए कक्षाएं शनिवार, 15 मार्च से आरंभ होंगी । जिला महासचिव सूबेदार रविंद्र कौशिक ने बताया कि प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रशिक्षणार्थियों को ट्रस्ट की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे । जिला वरिष्ठ उप प्रधान कैप्टन गुरमेल सिंह ने बताया कि ट्रस्ट आइ ऐस ओ सर्टिफाइड है और इसका प्रशिक्षण सर्टिफिकेट सरकारी व प्राइवेट नौकरियों में पूर्णतया मान्य है । जिला प्रशिक्षण सलाहकार समाजसेविका अन्नपूर्णा शर्मा ने बताया कि दोनों कोर्स पूर्णतया निशुल्क हैं और सुयोग्य महिला प्रशिक्षकों द्वारा सिलाई व कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाता है । सिलाई कोर्स का समय प्रातः 9:00 से दोपहर 1:00 बजे तक तथा कंप्यूटर कोर्स का समय दोपहर 1:00 से 5:00 बजे तक है । दोनों कोर्सों में 2-2 घंटे के दो बैच चलते हैं । ट्रस्ट के अंबाला जोन प्रभारी लखविंदर पाल सिंह ग्रेवाल ने बताया कि मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ एसपी सिंह ओबेरॉय (दुबई) द्वारा पूरे विश्व में समाज सेवा के अनेक कार्य किये जा रहे हैं।

# सेना भर्ती कार्यालय में पानीपत के युवाओं के लिए किया गया आउटरीच कार्यक्रम

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**सेना भर्ती कार्यालय,** रोहतक के तत्वावधान में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। आर्मी रिकूटिंग ऑफिस की ओर से आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आर्मी को ज्वाइन क्यों करना चाहिए। आर्मी को ज्वाइन कैसे करना चाहिए, इन चीजों पर फोकस किया। आर्मी रिकूटिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आर्मी भर्ती कार्यालय की ओर से पानीपत,रोहतक,झज्जर और सोनीपत के विद्यार्थियों को अग्निवीर योजना के बारे में विस्तार से बताया गया है। इसके अतिरिक्त, अलग-अलग ट्रेंडस में भर्ती के लिए आयु शैक्षणिक योग्यता, शारीरिक मापदंड, फिजिकल टेस्ट आदि पर विशेष फोकस रहा। विद्यार्थियों को भर्ती संबंधित पैम्फलेट दिए और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए गए।

लेफ्टिनेंट भूपेंद्र सिंह ने बताया कि युवाओं को भर्ती पर फॉक्स रखते हुए समय समय पर जारी हिदायतों के बारे में ध्यान रखना चाहिए। यह हिदायत आर्मी रिक्रूटिंग केंद्र की ओर से विभिन्न समाचार पत्रों और टेलीविजन के माध्यम से समय-समय पर दी जाती है ताकि युवा उन दिशा निदेर्शों का पालन अच्छी तरह से कर सके और भर्ती के लिए अपनी तैयारी कर सकें।

# शहीदी स्मारक के प्रतीक चिन्ह के लिए सरकार ने इच्छुक कलाकारों से मांगे आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : शहीद स्मारक** अंबाला के निदेशक डा. कुलदीप सैनी ने कहा कि हरियाणा के जिला अंबाला में शहीदी स्मारक में प्रतीक चिन्ह को बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने इच्छुक कलाकारों/ डिजाइनरों और लोगों से आवेदन मांगे है। जिस भी व्यक्ति का सबसे बेहतर प्रतीक चिन्ह होगा उस व्यक्ति को सरकार द्वारा एक लाख रुपए का ईनाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आजादी की पहली लड़ाई 1857 की क्रांति के दौरान शहीद हुए वीर जवानों की याद में



22 एकड़ में राज्य सरकार शहीदी स्मारक का निर्माण कर रही है जो अंतिम चरण में है। सरकार इस स्मारक को भव्य बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। आगामी दिनों में लोग इस स्मारक के जरिए ना सिर्फ आजादी के इतिहास के बारे में जान पाएंगे बल्कि प्रेरणा भी लेंगे। इस स्मारक को और भव्य बनाने और इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए इस स्मारक में एक खास प्रतीक चिन्ह (लॉगो) लगाया जाएगा। इस प्रतीक चिन्ह को बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने इच्छुक कलाकारों/ डिजाइनरों और लोगों से आवेदन मांगे है। ऐसे में जो भी व्यक्ति इच्छुक है वो एक अप्रैल शाम पांच बजे तक डायरैक्टर शहीदी स्मारएटदॉरट जीमेल डॉटकॉम पर अपनी प्रविष्टिया भेज सकते है।

# 12 ज्योतिर्लिंग -चार धाम-12 शक्तिपीठ की यात्रा सम्पन्न हुई

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) इस दौरान अन्तरराष्ट्रीय मंदिर** प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि इतिहास में पहली बार देवों के देव महादेव के आशीर्वाद से 21 दिन में "12 ज्योतिर्लिंग -चार धाम-12 शक्तिपीठ " की महासंगम यात्रा को सम्पन्न हो गई। डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अब यह यात्रा 8 मार्च से हरियाणा में प्रवेश कर रही है जोकि 8 मार्च को यमुनानगर से पंचकूला होकर चण्डीगढ़ पहुंचेगी तत्पश्चात 9 मार्च को चण्डीगढ़ से अम्बाला होते हुए कुरुक्षेत्र पहुंचेगी उसके बाद 10 मार्च को कुरुक्षेत्र से करनाल होते हुए बड़ोता-गगसीना-मुनक-रेर



कलां-धर्मगढ-कवि-मडलौडा होते हुए गंगा हेचरी भालसी (पानीपत) पहुंचेगी। उसके बाद 11 मार्च को पानीपत से सोनीपत-गोहाना होते हुए जीन्द पहुंचेगी उसके बाद 12 मार्च को जीन्द से सिसाय (नारनौंद) हिसार पहुंचेगी। उसके बाद झज्जर होते हुए पटौदी-नलहढ महादेव होते हुए गुरुग्राम यात्रा पहुंचेगी। उसके बाद 25 मार्च को भारतवर्ष की राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में विशाल प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद द्वारा आयोजित महासंगम त्रिशूल यात्रा श्रद्धा, शक्ति और सनातन संस्कृति का अद्भुत संगम है। अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद (क्टढउ) के राष्ट्रीय महामंत्री एवं अश्ढछ क्ल्ल३ी१ल्लं३्रङ्मल्लं' के चेयरमैन श्री दीप सिहाग सिसाय ने बताया कि यह यात्रा महज धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के जागरण और युवाओं को आध्यात्मिक शक्ति से जोड़ने का संकल्प बताया है। वे यात्रा के हर पड़ाव पर उपस्थित रहकर इसे सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनका लक्ष्य मंदिरों के आधुनिकीकरण, डिजिटल बुकिंग, लाइव दर्शन, धार्मिक पर्यटन और प्राचीन धरोहरों के संरक्षण को बढ़ावा देना है, जिससे सनातन परंपरा को नई दिशा मिले व "भगवा त्रिशूल यात्रा केवल शिवालयों की यात्रा नहीं, बल्कि यह भारत की सनातन आत्मा को जागृत करने की एक पुनीत पहल है। यह यात्रा हमें हमारे गौरवशाली अतीत से जोड़ती है और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत आध्यात्मिक नींव तैयार करती है। हमारा संकल्प है कि शिवालय केवल आस्था का केंद्र न रहकर, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक ऊर्जा के केंद्र बनें, जहां से एक नए भारत की चेतना जागे।" इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद (क्टढउ) की राष्ट्रिय प्रवक्ता दामिनी वशिष्ठ ने बताया कि यह यात्रा 120 पवित्र त्रिशूलों को प्रतिष्ठित करने का एक ऐतिहासिक अभियान है, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के शिवालयों को एक सूत्र में पिरोया जा रहा है।

# दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का किया धन्यवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने उत्तराखंड में स्थित गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब के लिए 2700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजना के लिए मंजूरी देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का धन्यवाद किया है। ,
यहां जारी किए गए एक बयान में सरदार कालका और सरदार काहलों ने कहा कि दशमेश पिता साहिब श्री गुरु गोबिंद



सिंह साहिब जी ने जिस स्थान पर बैठकर तप किया, वह स्थान आज समुचे सिख समुदाय के लिए श्री हेमकुंट साहिब के नाम से सबसे पवित्र स्थानों में से एक है। उन्होंने कहा कि इस स्थान के दर्शन के लिए हर साल गर्मियों के मौसम में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं।
उन्होंने कहा कि ऊँचा पहाड़ी रास्ता होने के कारण श्रद्धालुओं को गुरुद्वारा साहिब तक पहुंचने में बहुत कठिनाई होती है।
सरदार कालका और सरदार काहलों ने कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की अगुवाई में केंद्र सरकार द्वारा इस स्थान के लिए 2700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से रोपवे परियोजना को मंजूरी देने से श्रद्धालुओं को बड़ा लाभ मिलेगा।
उन्होंने कहा कि रोजाना 11 हजार से अधिक श्रद्धालु इस परियोजना के माध्यम से पवित्र स्थान श्री हेमकुंट साहिब के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा बहुत से श्रद्वालु जो दर्शनों की इच्छा तो रखते थे मगर बर्जुग या अपहंग होने के कारण दर्शन नहीं कर सकते थे उन्हें इस प्रोजेक्ट से काफी आसानी होगी और वह भी दर्शन आराम से कर सकेंगे।
उन्होंने कहा कि करतारपुर साहिब गलियारे के माध्यम से गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब श्री करतारपुर साहिब के दर्शन के लिए मार्ग प्रशस्त करने के बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब के दर्शन के लिए मार्ग प्रशस्त किया है, जिसके लिए समुचा सिख समुदाय प्रधानमंत्री श्री मोदी का हमेशा आभारी रहेगा।

# डीयू ने होली पर महिला सुरक्षा को लेकर स्थापित किया नियंत्रण कक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विश्वविद्यालय (डीयू) ने होली के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था और विशेषकर महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। इसके अलावा 24 घंटे चलने वाली 'वामिका' पुलिस वैन भी तैनात रहेगी। डीयू कुलसचिव ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 14 मार्च को रंगों का त्योहार मनाया जाएगा। होली से जुड़े उत्सव पूरे सप्ताह चलते हैं और लोग होली मूड में दिखाई देते हैं। विश्वविद्यालय होली खेलने के खिलाफ नहीं है, लेकिन होली को सुरक्षित तरीके से खेलने पर जोर दिया जाता है। दिल्ली विश्वविद्यालय इस अवधि के दौरान परिसर में सभी की



सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए होली के नाम पर किसी भी संभावित गुंडागर्दी या उपद्रवी आचरण, विशेष रूप से महिला छात्रों को निशाना बनाने वालों से निपटने के लिए परिसर, छात्रावासों और कॉलेजों में विस्तृत आंतरिक और बाह्य सुरक्षा व्यवस्था की दिशा में कदम उठाए जा चुके हैं। कानून और व्यवस्था अधिकारियों, प्रॉक्टोरियल बोर्ड, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर ऑफिस और सुरक्षाकर्मियों के साथ समन्वय में विश्वविद्यालय कड़ी निगरानी रखने और अनुशासन लागू करने के लिए दृढ़ संकल्प है ताकि उत्सव की आड़ में कुछ भी अप्रिय न हो।

# दिल्ली सरकार के बजट पर सुझाव मांगने पर धन्यवाद: थान सिंह यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली पंचायत** संघ ने दिल्ली सरकार द्वारा बजट पर सुझाव मांगने की पहल का स्वागत करते हुए पंचायत प्रमुखों की बैठक बुलाई। जिसमें सर्वसम्मति से दिल्ली सरकार एवं मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया और दिल्ली देहात, गांव, गरीब, ग्रामीण किसानों, वन क्षेत्र एवं वन्यजीवों के हित में बजट में प्रावधान रखने से जुड़े विभिन्न सुझाव तय किए गए। साथ ही, दिल्ली सरकार के आमंत्रण का इंतजार करने का निर्णय लिया गया। दिल्ली पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने दिल्ली सरकार से आग्रह किया कि वह इसी तरह



दिल्ली देहात के गांवों, गरीबों, किसानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार कार्य करती रहे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को कम करने, यमुना नदी को अविरल एवं निर्मल बनाने, साहिबी नदी को अतिक्रमण मुक्त व स्वच्छ करने, वन क्षेत्र विकसित करने, वन्यजीवों एवं पक्षियों के लिए जल स्त्रोत तैयार करने तथा सड़कों पर विचरण कर रही गायों के लिए गौशालाओं के विस्तार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बजट में समुचित प्रावधान किया जाना चाहिए। इस संबंध में पंचायत में प्रस्ताव पारित किया गया है। दिल्ली पंचायत संघ के सह-प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा कि संघ अपने सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर बजट में प्रावधान के सुझाव देने के लिए दिल्ली सरकार के आधिकारिक आमंत्रण का इंतजार करेगा।

# मार्केट सुरक्षा के लिए पुख्ता कदम उठाएंगे व्यापारी: परमजीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: सदर बाजार की** बारी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें मार्केट की विभिन्न समस्याओं व सफाई, सुरक्षा के ऊपर चर्चा की गई। इस अवसर पर मार्केट के अध्यक्ष व फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा ने बताया मार्केट के कार्यकारिणी बैठक में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसमें सभी दुकानदारों को अपनी दुकान के बाहर अपनी फॉर्म का नाम जीएसटी नंबर एड्रेस के साथ-साथ अपना मोबाइल नंबर जरूर लिखें जिससे कभी भी कोई दिक्कत आने पर सुरक्षा गार्ड या





मार्केट के सदस्य उन्हें तुरंत सूचना दे सके। इसके साथ-साथ मार्केट में फायर सुरक्षा सिस्टम और स्पीकर भी लगाए जाएंगे। परमजीत सिंह पम्मा ने बताया कि सभी व्यापारियों से अपील भी की गई है वह मार्केट की सफाई का खासकर ध्यान रखें और कोई भी रस्सी को गली में ना फैंक क्योंकि इससे कई बार गिर जाते हैं जिसे काफी भयानक चोट लग जाती है। साथ ही गर्मियां आ रही है सभी अपनी एसी चलने से पहले उसकी सर्विस व वायरिंग को जांच जरुर करें। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा के साथ मार्केट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वरिंदर आर्य, कुलदीप सिंह, उपाध्यक्ष सुनील पुरी, संदीप खन्ना, राजेश कुमार, प्रदीप सचदेवा कोषाध्यक्ष राजीव सोहर, सचिव अतुल आनंद. तरुण सोनी, जितिन, अभय सभरवाल सहित अनेक व्यापारी नेता उपस्थित थे।

# भारत के सतत और समावेशी विकास के विभिन्न पहलुओं पर हुआ विचार-विमर्श

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: शिवाजी कॉलेज** के वाणिज्य विभाग ने दिल्ली विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग, इंडियन कॉमर्स एसोसिएशन (दिल्ली एनसीआर चैप्टर) और सेंट जोसेफ कॉलेज ऑफ कॉमर्स, बैंगलोर के सहयोग से कॉलेज परिसर में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'विकसित भारत 2047: समावेशी और सतत विकास के लिए रणनीतियाँ वैश्विक परिप्रेक्ष्य में का आयोजन किया। विक्रम सहाय, प्रधान आयुक्त, आयकर, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, इस कार्यक्रम के अतिथि सम्माननीय थे, और प्रो. राज कुमार मित्तल, पूर्व कुलपति, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, मुख्य अतिथि थे।






सम्मेलन में प्रतिष्ठित शिक्षाविदों की उपस्थिति रही। जिन्होंने विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण और भारत के सतत और समावेशी विकास के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। वक्ताओं में वरिष्ठ प्रो. अजय कुमार सिंह, प्रमुख एवं डीन, वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं व्यवसाय संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय प्रो. मदन लाल, अध्यक्ष, इंडियन कॉमर्स एसोसिएशन, दिल्ली एनसीआर चैप्टर; प्रो. डोगन गुसाँय, रीजेंट्स प्रोफेसर और टैको बेल डिस्टिंग्विश्ड प्रोफेसर, वाशिंगटन स्टेट यूनिवर्सिटी (मुख्य वक्ता); और प्रो. रॉबिन नुनकू, प्रोफेसर, विधि और प्रबंधन विभाग, मॉरीशस विश्वविद्यालय (ऑनलाइन अतिथि वक्ता) शामिल थे। प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज, प्राचार्य, शिवाजी कॉलेज ने स्वागत भाषण दिया और सम्मेलन के उद्देश्य को स्पष्ट किया। प्रो. सुमन खरबंदा, सम्मेलन की संयोजक, ने भारत की आर्थिक वृद्धि और विजन 2047 के लिए रणनीतिक प्रगति पर प्रभावशाली चर्चाओं का नेतृत्व किया। सम्मेलन के वक्ताओं ने विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण पर गहन चर्चा की। जिसमें सतत विकास पर जोर दिया गया, साथ ही समान आर्थिक वृद्धि, नवाचार समाधान और समावेशी नीतियों की आवश्यकता पर बल दिया गया। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बुनियादी ढांचे और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक समृद्ध और सशक्त राष्ट्र बनाने की परिकल्पना की गई। जहाँ प्रत्येक व्यक्ति एक जीवंत और समावेशी समाज में उन्नति कर सके। इसके अलावा, युवाओं की क्षमता को पहचानने और उन्हें राष्ट्र को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनाने की ज़िम्मेदारी सौंपने पर जोर दिया गया। साथ ही भारत की पारंपरिक ज्ञान प्रणाली, संस्कृति और मूल्यों के संरक्षण की आवश्यकता को भी रेखांकित किया गया। छह समानांतर आयोजित किए गए सत्रों में विभिन्न विषयों पर केंद्रित शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शोधकर्ताओं, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों द्वारा लगभग चालीस शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

# मॉडल टाउन में अब होगा विकास, विधायक देवराहा विकास के लिए है चिंतित: असडी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मॉडल टाउन** विधानसभा क्षेत्र पिछले दस सालों से आम आदमी पार्टी के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी की उपेक्षा का शिकार रहा है, जिन्होने क्षेत्र में विकास के नाम एक कोरी ईंट तक नहीं रखी थी। विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी और केजरीवाल सरकार पूरे दस सालों तक अपनी ही जेबें भरने में लगे हुए थे, नतीजन केजरीवाल सरकार को दिल्ली की जनता ने नकारते हुए दिल्ली की सत्ता से उखाड़ फेंका। उक्त बातें जिला चांदनी चौक विधानसभा संयोजक हरीश असडी ने कही। असडी ने कहा कि



चुनाव के दौरान जिन वादों को भाजपा सरकार ने करने के लिए दिल्ली की जनता से वादा किया था उन सभी वादों को धीरे-धीरे दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पूरा करने में जुटी गई है। इसके साथ ही हरीश असडी ने कहा कि मॉडल टाउन से विधायक अशोक गोयल देवराहा मॉडल टाउन क्षेत्र में विकास को लेकर काफी चिंतित है और उन्होंने विधानसभा सत्र के पहले दिन ही क्षेत्र में होने वाली समस्याओं को सदन में उठाया। इसके लिए मॉडल टाउन क्षेत्र की जनता उनका आभार व्यक्त करती है। असडी ने बताया कि पूर्व की केजरीवाल सरकार ने अपने शासन काल में इतने ज्यादा भ्रष्टाचार किए की दिल्ली का सारा सरकारी खजाना बिना डकार लिए हजम कर गए। जिसकी भरपाई करने में थोडा समय तो जरूर लगेगा, लेकिन दिल्ली का विकास नहीं रूकेगा।

# भारत के युवा देश की प्रगति और समृद्धि के ध्वजवाहक हैं: ओम बिरला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित बिजनेस कॉन्क्लेव में कहा कि भारत के युवा देश की प्रगति और समृद्धि के ध्वजवाहक हैं। उन्होंने युवाओं से जीवन में लक्ष्य को लेकर स्पष्टता रखने का आह्वान करते हुए कहा कि वे दिशा तय करें और विशाल दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ें। ओम बिरला ने कहा कि नवाचार और उमंग से भरे नौजवान ही नव भारत का निर्माण करेंगे। उन्होंने छात्रों से कहा कि जीवन में लक्ष्यों को लेकर हमेशा स्पष्टता रखें, दिशा तय करें, विशाल दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि दुनिया में जितने भी सफल लोग हुए हैं, कभी ना कभी उन्होंने असफलता भी देखी है लेकिन उससे सीख लेकर वो आगे बढ़े हैं। उन्होंने चुनौतियों को अवसर में बदला, सकारात्मक ध्येय के लिए ज़िद की। यह स्पिरिट देश के नौजवानों में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने सपनों को पूरा करने के लिए केवल महत्वाकांक्षा काफी नहीं है, इसके लिए एकाग्रचित्त ध्यान और अटूट दृढ़ता आवश्यक है। बिरला ने जोर देकर कहा कि भारत के गतिशील और दूरदर्शी युवा क्रांतिकारी नवाचारों का नेतृत्व करेंगे और दुनिया भर में शोध में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। अध्यक्ष ने भारतीय महिलाओं की अद्वितीय शक्ति और लचीलेपन की भी सराहना की और कहा कि देश के विकास और विकसित भारत की ओर इसकी यात्रा में महिलाएं सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं व्यापक अवसरों का लाभ उठा रही हैं और विविध क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।
उन्हें उम्मीद है कि वे जल्द ही देश के भविष्य की सच्ची पथप्रदर्शक बनकर उभरेंगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के युवा और महिलाएं ही हैं जो अपनी बुद्धि और समर्पण से भविष्य को आकार देते हुए दुनिया भर में परिवर्तनकारी बदलाव लाएंगे।

## महिलाओं के बैंक खाते में पच्चीस सौ रुपये कब आयेगें : मिश्रा

# भाजपा दिल्ली की जनता से किये सभी वादे करे पूरे: अंबिका मिश्रा

**टीम एक्शन इंडिया/ महेंद्र सिंह**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की सत्ता से 27 साल तक बाहर रहने के बावजूद भी भाजपा को सबक नहीं मिला, भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से गुडागर्दी पर उतारू हो गई है, इसका जीता जागता उदाहरण दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद पहले सत्र के दूसरे दिन ही आम आदमी पार्टी के सभी विधायकों को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था। उक्त सभी बातें आम आदमी पार्टी से बुराडी विधानसभा क्षेत्र के उपाध्यक्ष अंबिका मिश्रा ने कही। इसके साथ ही अंबिका मिश्रा ने कहा कि भाजपा हमेशा से ही पूंजीपतियों की पार्टी रही है व उनके लिए ही काम करती आई है, देश की आम जनता के हित में भाजपा ने कोई भी फैंसला नहीं लिया है और जो फैंसले लिए भी है उसमें विफल ही साबित रही है।

**भाजपा के राजनीति स्टंट थे सभी चुनावी वादे:** अंबिका मिश्रा ने कहा कि दिल्ली की सत्ता को किसी भी तरह से हांसिल करके आसिन होना, इसी मंशा के साथ ही दिल्ली में भाजपा काम कर रही थी। जिसके लिए भाजपा ने चुनावी मैनिफेस्टों में झूठे-झूठे वादे करके दिल्ली की जनता को बर्गलाना शुरू कर दिया और दिल्ली की जनता को गुमराह करके दिल्ली में सरकार बना ली गई। मिश्रा ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बने पंद्रस दिन का समय बीत चुका है और जैसा कि भाजपा ने चुनाव ने दौरान मोदी की गारंटी का नारा देते हुए कहा था कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनते ही दिल्ली की प्रत्येक महिलाओं के बैंक खाते में पच्चीस सौ रूपऐ डाले जाएंगे, तो अभी तक क्यों नहीं डाले पैसे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जैसे नोटबंदी के दौरान मोदी ने गारंटी की थी देश की सभी को नोटबंदी से काफी फायदा मिलेगा और सभी के बैंक अकाउंट में पंद्रह लाख रूपऐ आएंगे, ठीक उसी वादे की तरह दिल्ली में महिलाओं को पच्चीस सौ रूपए मिलना भी भाजपा का एक जूमला था।

**विधायक संजीव झा क्षेत्र के लिए विकास पुरूष हुए साबित:** अंबिका मिश्रा ने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने से पूर्व और विधायक संजीव झा के आने से पहले बुराडी विधानसभा क्षेत्र किसी बिहड जंगल से कम नहीं लगता था, उस समय सडको का तो मानों वो हाल था जैसे बुराडी में पता नहीं कितनी सदियों से पक्की सडके ही न बनी हो। तो वहीं दिल्ली में जब से आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तभी से ही दिल्ली को विकास के पंख लगे थे और बुराडी विधानसभा क्षेत्र में भी विकास की नीव रखनी शुरू हो गई थी। मिश्रा ने कहा कि बुराडी में आज चारों ओर खुशहाली है और पक्की नलियां, पक्की सडकें, हर समय बिजली और फ्री पीने का पानी जो मिल रहा है वह सब केजरीवाल सरकार और विधायक संजीव झा की बदौलत ही मुमकिन हुआ है। इसके साथ ही अंबिका मिश्रा ने कहा कि अगर हम बुराडी क्षेत्र में विकास की बात करें तो हमारे विधायक संजीव झा क्षेत्र के लिए किसी विकास पुरूष से कम साबित नहीं हुए है।



**प्रवासियों का विधायक संजीव झा ने खूब रखा ख्याल:** उल्लेखनीय है कि बुराडी विधानसभा क्षेत्र की सीट वैसे तो पूर्वांचली सीट घोषित हो चुकी है और बुराडी क्षेत्र में लगभग साठ प्रतिशत वोटर्स प्रवासी है। जिसमें से कोई बिहार से आकर बुराडी में बस गया तो कोई उत्तर प्रदेश से आकर रह रहा है तो कोई हरियाणा से आकर रह रहा है। लेकिन विधायक संजीव झा ने इस सभी प्रवासियों का अच्छे से ख्याल रखा है।



मिश्रा ने कहा कि पहले सार्वजनिक घाटों पर छठ मनाने के लिए आपस में चंदा जमा करके मनाना पडता था लेकिन दिल्ली में जब से केजरीवाल सरकार आई तो छठ घाटों पर पूजा व अन्य बंदोस्त सरकारी पैसे से किए जाने लगे। बुराडी की बात करें तो बुराडी में भी पूर्वांचलियों के सबसे बड़े पर्व को विधायक द्वारा मनाया जाता रहा है और अब चंदे के पैसे से नहीं विधायक खुद आयोजन करवाते है।

# 'सरकारी योजनाओं का लाभ चाहिए, भाजपा कार्यालय आईये'

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः केंद्र** एवं प्रदेश सरकार जनता को किन किन योजनाओं के माध्यम से लाभ दे रही है ? कौन सी योजना से रोजगार सृजन के लिए फंड मिलेगा और किसानों के लिए कौन कौन सी योजनाएं संचालित हैं ? ऐसे तमाम सवालों के जवाब अब भाजपा कार्यालय पर मिल सकेंगे। लाभार्थी वहां से योजना के लिए आवेदन भी करा सकेंगे। इसके लिए भाजपा द्वारा मवस्सल पेच में कैंप कार्यालय का शुभारम्भ किया है। सुविधा लेने के लिए बस आपको कार्यालय पहुंचना होगा। जिसके बाद



कार्यालय के माध्यम से आपकी बात सुनकर समाधान किया जाएगा। इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी, जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, चेयरमेन धर्मवीर अग्रवाल, कमल किशोर वार्ष्णेय ने हवन में आहूति डालकर शुभारम्भ किया। इस मौके पर नरदेव चौधरी ने कहा कि आज से कार्यालय जनता को समर्पित है। कहा कि संस्कारवान व अनुशासित कार्यकताओं की जो ताकत भाजपा के पास है। उसी के दम पर अब जनता को सरकार की सुविधाओं का लाभ देने के लिए कार्यालय हमेशा तैयार रहेंगे। जनता सीधे यहां पहुंचकर योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। कमल किशोर वार्ष्णेय ने बताया कि क्षेत्र के लिए निजी तौर पर किया गया यह प्रयास मील का पत्थर साबित होगा। लोगों को यहां सभी सुविधाओं का निःशुल्क लाभ दिया जाएगा। इस मौके पर तरूण सेठ, कन्हैया लाल गोयल, तेजवंत मुन्ना जेन , भानू प्रताप सिह, सैलू जायसवाल, गोपाल शर्मा, अजय गोइंका, सौरभ जैन, दीपक बडगूजर्र, विनय उपाध्याय, ललित एडवोकेट, विष्णु सैनी, धर्मेंद्र सैनी, अनिल भातू , बच्चू तंवर आदि मौजूद रहे।

# बरसाना में हुई भगवान परशुराम के विग्रह की स्थापना

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः बरसाना** में विप्र समाज ने भगवान परशुराम का मंदिर बनवा कर परशुराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की। बरसाना में सुदामा चौक के पास सारादेवी धर्मशाला में भागवताचार्य हरिमोहन गोस्वामी नन्दगांव वालो की प्रेरणा से रमेश गुप्ता के माध्यम से एक भव्य मन्दिर का निर्माण कराया गया। प्राण-प्रतिष्ठा से एक दिन पहले बुधवार को बैण्ड बाजे के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई । इसके दुसरे दिन गुरुवार को मंदिर में भगवान परशुराम के श्रीविग्रह की प्राण प्रतिष्ठा वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ हवन पूजा कर की गयी। वही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण



के साथ प्रतिनिधि नरदेव चौधरी भी पहुंचे। उन्होंने भगवान परशुराम को लेकर कहा कि परशुरामजी भगवान विष्णु के अंश अवतार है। राधारानी के धाम में भगवान परशुराम का मंदिर लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा मंच से मंत्री ने कहा कि बरसाना में योगी सरकार अच्छा काम कर रही है । लठामार होली को रंगोत्सव का नाम दे विश्व पटल पर एक नयी पहचान दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### महिलाओं के नेतृत्व वाले ग्रीन हर्मिटेज ब्रांड ने अमेजन के साथ बनाई अपनी विशिष्ट पहचान

**नोएडा।** अमेजन इस साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उन महिला उद्यमियों की प्रेरणादायक कहानियां पेश कर रही है जो समाज और व्यवसाय में बदलाव ला रही हैं। ग्रीन हर्मिटेज की संस्थापक, गायत्री ऐसी ही एक कहानी की प्रमुख पात्र हैं। ग्रीन हर्मिटेज ब्रांड की स्थापना फैशन उद्योग में नैतिक और पर्यावरणीय मुद्दों, विशेष रूप से पारंपरिक चमड़े के उपयोग पर केंद्रित बहस के जवाब में वहनीयता के विचार को आगे बढ़ाने के लिए की गई थी ।



गायत्री की यात्रा अफ्रीका में जलवायु संबंधी मुद्दों पर काम करते हुए शुरू हुई, जहां उन्होंने देखा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली प्रथाओं का प्रकृति और समुदायों पर कैसा विनाशकारी असर होता है। भारत लौटने पर, वह कुछ अलग किस्म के उत्पाद के विनिर्माण और पारिस्थितिकी तंत्र को उसकी मूल स्थिति – स्वच्छ, संतुलित और सुंदर झ में वापस लाने में मदद करने की यात्रा पर निकल पड़ीं। वह अपने ग्रीन हर्मिटेज के जरिये वहनीयता के आधार पर फैशन उद्योग में बदलाव लाने का सपना देखती हैं। उनके उत्पाद पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों से तैयार किये जाते हैं और यह सार्थक सामाजिक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ब्रांड की शुरूआती चुनौतियों में सिर्फ. उत्पाद बेचना ही नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं को शिक्षित करना भी शामिल था। अमेजन की व्यापक पहुंच के जरिए, ब्रांड अपने उत्पादों के पीछे की शिल्पकला, नवाचार और नैतिक मूल्यों को प्रदर्शित कर इन संदेहों का समाधान कर सका। इसने वहनीयता के के संबंध में एक आकर्षक कहानी बनाने के लिए अमेजन के टूल का इस्तेमाल किया, जिससे अंततः दुनिया भर के ग्राहकों का विश्वास और वफादारी हासिल हुई। अमेजन ने ग्रीन हर्मिटेज की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने ब्रांड को भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़े बाजार में प्रवेश करने में मदद की। ग्रीन हर्मिटेज ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, अमेरिका, जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात और दक्षिण पूर्व एशिया जैसे देशों में जागरूक उपभोक्ताओं तक पहुंच बनाने में कामयाब रहा। मार्केटप्लेस ने न केवल इसकी दृश्यता (विजिबिलिटी) बढ़ाई बल्कि ग्राहकों की प्राथमिकताओं के बारे में अमूल्य जानकारी भी प्रदान की, जिससे इसे अपने उत्पादों और संदेशों को बेहतर बनाने में मदद मिली।

### रोड ट्रिपिंग विथ रॉकी सीजन 12 देखिये 7 मार्च से हिस्ट्री टीवी 18 पर

**नई दिल्ली। जब वसंत विदा** हो रहा हो और गर्मी दस्तक दे रही हो, हिस्ट्री टीवी 18 और रॉकी सिंह बिहार और उत्तर प्रदेश की एक रोमांचक यात्रा के लिए तैयार हैं। इस रोड ट्रिप में बेहतरीन नजारे, स्वादिष्ट व्यंजन और दिलचस्प अनुभव शामिल होंगे, जो 6 दिनों तक चलेंगे पहले दिन पटना में पारंपरिक और आधुनिक व्यंजनों का आनंद लेने के बाद, रॉकी वाराणसी की ओर बढ़ेंगे, जहां गंगा घाटों और मंदिरों के बीच वे स्वादिष्ट




कचौड़ियों और प्रसिद्ध पान का स्वाद चखेंगे। वाराणसी के बाद वे प्रयागराज पहुंचेंगे, जहां कुंभ मेले के बाद के माहौल का अनुभव करेंगे। लखनऊ जाते समय वे सुल्तानपुर में भी रुकेंगे और वहां के इतिहास और जायकों का आनंद लेंगे। अंत में, रोड ट्रिपिंग विथ रॉकी सीजन 12 नवाबों के शहर लखनऊ में पहुंचेगा, जहां मशहूर भोजनालयों के साथ-साथ गलियों में मिलने वाला स्ट्रीट फूड भी शाही स्वाद से भरपूर होगा

## शहर के सबसे बडे कारोबारी के प्रतिष्ठान पर छापेमारी

**मथुरा।** कोसीकलां के मवस्सल पेच में संचालित लोहा व्यापारी के प्रतिष्ठान पर सेल टैक्स विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई की। टीम की कार्रवाई से वहां खलबली मच गई। टीमें देर शाम तक जांच पड़ताल में जुटी थी। टीम अधिकारियों ने व्यापारी पर जांच में सहयोग न करने का भी आरोप लगाया है। घटनाक्रम के अनुसार बुधवार की सुबह अचानक सेल टैक्स विभाग के एक बडे दस्ते ने मवस्सल पेच स्थित ब्रज इंटरप्राइजेज पर छापामार कार्रवाई की। टीम ने वहां पहुंचकर कार्यालय को अपने कब्जे में ले लिया। सभी तरह की खरीद

# बरसाना आ रहे हैं तो ब्रज होली डॉट कॉम इन बनेगा आपका सारथी

**टीम एक्श इंडिया**
**मथुरा। डीआईजी** व डीएम ने ब्रज होली 2025 में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधाओं हेतु क्यू.आर. कोड एवं ठतंरभ्वसप.बव.पद साइट का विमोचन किया। इससे श्रद्धालु पार्किंग व दर्शनीय स्थलों तक सुगमता से पहुंच सकेंगे। बुधवार को देर शाम जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में क्यू.आर. (फत) कोड एवं साइट का विमोचन किया। जिसमे जिलाधिकारी ने कहा कि ब्रज में होली का त्योहार एक भव्य उत्सव है, जिसमें देश और विदेश से लाखों श्रद्धालु भाग



लेते हैं। इस दौरान सड़कों पर भारी भीड़ और यातायात की समस्या हो सकती है। यात्रियों की सुविधा के लिए ब्रज की होली के दौरान मार्ग, पार्किंग, डाइवर्जन आदि सहायता प्राप्त करने के लिए फत को स्कैन कर सकते है या ठतंरभ्वसप.बव.पद को अपने मोबाइल फोन पर ओपन कर जानकारी प्राप्त कर सकते है। श्रद्धालु एवं पर्यटक गूगल में कैमरा बटन पर क्लिक करें और फत स्कैन करके ब्रज दर्शन के बारे में रूट मैप, पार्किंग मैप, डाइवर्जन और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।वहीं जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से अपील की है बरसाना की होली में तीन दिन सहयोग प्रदान करें जिससे देश विदेश से आने वाले लाखों भक्तों को अच्छी से अच्छी व्यवस्था दे सकें। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि इस एप के माध्यम से श्रद्धालु अपनी पार्किंग व दर्शनीय स्थलों के साथ प्रतिबंधित मार्गो की जानकारी सुगमता से प्राप्त कर सकते हैं। इससे किसी भी श्रद्धालु को पार्किंग स्थल को ढूंढने में दिक्कत नहीं होगी। एप के माध्यम से सभी रास्तों की डिटेल मिलती रहेगी कहाँ कितनी भीड़ एकत्र है। सभी डिटेल उपलब्ध रहेगी। सभी स्थानीय लोग सकुशल होली को सम्पन्न कराने के लिए सहयोग प्रदान करें। वही सभी अपनी सोशल साइट पर क्यूआर कोड को शेयर करके श्रद्धालुओं की मदद करें।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बिल्कुल नए मैनुअल ट्रांसमिशन (एमटी) ग्रेड में लेजेंडर 44 पेश किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**अंबाला/कुरुक्षेत्रः** शानदार प्रदर्शन, रोमांचकारी और स्टाइलिश एसयूवी की बढ़ती मांग की पूर्ति के लिए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज टोयोटा लेजेंडर 44 का मैनुअल ट्रांसमिशन (एमटी) वैरिएंट (रूपांतर) पेश किया। रोमांच चाहने वाले ड्राइविंग के उत्साहियों के लिए डिजाइन किया गया यह नया वैरिएंट पावर, लग्जरी और अत्याधुनिक तकनीक का एक बेहतरीन मिश्रण प्रदान करते हुए जुड़ाव और नियंत्रण को बेहतर करता है। किसी भी इलाके में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार, लेजेंडर ने 2021 में भारत में अपनी शुरूआत की, जिसमें उन्नत 44 क्षमता हैं, जो इसे ऑफ-रोड रोमांच के लिए आदर्श साथी बनाती हैं। लेजेंडर 44 एमटी के केंद्र में जाना-माना 2.8लीटर डीजल इंजन है, जिसे बेजोड़ पावर डिलीवरी के लिए इंजीनियर किया गया है। 204 पीएस की पावर और 420 एनएम का टॉर्क पैदा करने वाला यह पावरट्रेन उन लोगों के लिए बनाया गया है जो अपनी ड्राइव पर पूर्ण नियंत्रण पसंद करते हैं। लेजेंडर 44 एमटी की पेशकश पर अपने विचार रखते हुए, सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के उपाध्यक्ष, श्री वरिंदर वाधवा ने कहा, "हम टोयोटा लेजेंडर के नए ग्रेड का अनावरण करते हुए रोमांचित हैं। इसे हमारे मूल्यवान ग्राहकों की बढ़ती मांगों और प्राथमिकताओं के जवाब में विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। एमटी वैरिएंट में इसे नया शामिल किया जाना न सिर्फ लेजेंडर की अपील को और बढ़ाएगा, बल्कि आज के ग्राहक की गतिशील जरूरतों को पूरा करने वाले बहुमुखी समाधान प्रदान करने की टोयोटा की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करेगा।

## चोरी की दो घटनाओं का खुलासा, दो पकड़े

**मथुरा। थाना** हाइवे पुलिस ने चोरी से सम्बन्धित अभियोगों में वांछित चल रहें दो लोगों को पकडा है। इनके पास से चोरी के 50 हजार रुपए भी बरामद किये हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे आनन्द कुमार शाही के मुताबिक चोरी की घटना के खुलासा के लिए आलाधिकारियों द्वारा थाना हाईवे पर एक टीम गठित की गई थी। टीम ने रोहित कुरैशी पुत्र स्व. अहमद निवासी नई बस्ती बद्रीनगर थाना गोविन्दनगर जनपद मथुरा व इरशाद पहलवान पुत्र चाँद सैफी निवासी सौख रोड सुखदेव नगर थाना कोतवाली जनपद मथुरा को आयुष बिल्डिग मैटेरियल एण्ड सप्लायर के बराबर में खाली पडा मैदान थाना हाईवे से गिरफ्तार किया।

# अग्रणी बैंक ने तैयारी की जिला वार्षिक ऋण योजना



**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा। कलेक्ट्रेट** सभागार में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला अग्रणी कार्यालय की जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने समस्त बैंको के शाखा प्रबंधक को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों द्वारा ऋण के लिए दिए गए आवेदनों पर नियमानुसार समयबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा है कि उन्हें बेहद खुशी हो रही है कि मथुरा जिले के अग्रणी बैंक केनरा बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिला वार्षिक ऋण योजना तैयार की है। बैंक ऋण आर्थिक परिवर्तन और जिले में विकास योजना की रीढ़ के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है। योजना का मुख्य जोर अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में ऋण का उपयोग करके और उन लोगों को लाकर समावेशी विकास हासिल करना है, जिन्हें औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से बाहर रखा गया है। रोजगार के अवसर पैदा करने और नई उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को 6200.00 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। 2025-26 के लिए कुल परिव्यय 13170.06 करोड़ रुपये है, जिसमें से 10945.06 करोड़ रुपये प्राथमिकता क्षेत्र के लिए निर्धारित हैं। जिला ऋण योजना बीएलबीसी बैठकों और अन्य हितधारकों के साथ चर्चा के बाद तैयार की गई है। इस योजना को सही तरीके से लागू किया जाना चाहिए ताकि समावेशी विकास हासिल किया जा सके और समाज के वंचित वर्गों के जीवन स्तर में सुधार हो सके। विभिन्न क्षेत्रों के तहत निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में काम करें, जिससे जिले की प्रगति और अधिक ऊंचाइयों पर पहुंचेगी।

# चाहते हैं कठिन न हो डगर बरसाना की तो जान लें पूरा रूट प्लान

## कहीं पूर्णतः यातायात प्रतिबंधित किया गया है तो कहीं रूट डायवर्ट किया गया है

## छह मार्च की मध्यरात्रि से आठ के कार्यक्रम की समाप्ति तक लागू रहेगा प्लान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा। बरसाना** में शुक्रवार को लड्डू और शनिवार को लठामार होली खेली जाएगी। गुरुवार की रात्रि दो बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक कस्बा बरसाना के लिए डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। जिसके तहत छाता बरसाना रोड (बरसाना चौराहा) पर छाता से बरसाना की ओर जाने वाली कमर्शियल एवं भारी वाहनों को बरसाना चौराहा से कस्बा बरसाना की ओर पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। नंदगांव बरसाना तिराहे से होकर नंदगांव कोसी से

**डायवर्जन**

**▶▶ गुरुवार की रात्रि दो बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक कस्बा बरसाना के लिए डायवर्जन प्लान लागू किया**

बरसाना की ओर जाने वाले इस तरह के सभी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। गोवर्धन बरसाना रोड पर नीमगांव तिराहे से बरसाना की ओर जाने वाले वाहनों को भी रोक दिया गया है। जो श्रद्धालु रोडवेज और नगर निगम की बसों से गोवर्धन होकर बरसाना पहुचेंगे, उनकी बसें जुनसुटी पार्किंग तक ही जा पाएंगी और यहीं वापस लोटेंगे। इसके अलावा राणा की प्याऊ से बरसाना की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। गोवर्धन रोड नाला से बरसाना की ओर किसी तरह का वाहन नहीं जा पाएगा। इसी प्रकार राधा बिहारी इंटर कॉलेज के साहारे नाले से होकर भी वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया है। कामा रोड से बरसाना की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन प्रिया कुंड पुल के पास सुदामा चौक से पीली कोठी की ओर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। मुख्य मार्गो पर वाहना का रूट डायवर्ट किया गया है। कोसी से बरसाना होते हुए गोवर्धन की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन गोवर्धन से चलकर नीमगांव चौराहे तक पहुंचेंगे और यहां से छाता होते हुए कोसी की ओर जाएंगे।

वाहनों को पार्क करने के लिए गोवर्धन रोड पर 19 पार्किंग बनाई गई हैं। करहल रोड पर पांच पार्किंग हैं।

# खेतिहर मजदूरों का पशुपालन बनेगा सहारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा। आई.सी.ए.आर. के** एस.सी. सब प्लान के अन्तर्गत मथुरा जनपद के गोवर्धन ब्लाक के अन्तर्गत आने वाले गांव सौंसा साहयपुर में वेटरनरी विश्वविद्यालय के परजीवी विज्ञान विभाग द्वारा पशुपालकों ने बीच फ्रन्ट लाइन डिमोंस्ट्रेशन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति के पशुपालक को जागरूक कर उनका पशु पालन सम्बन्धी ज्ञान को बढ़ाना एवं पशुओं में होने वाले रक्त परजीवियों के संक्रमण से कैसे बचा जाये एवं संक्रमण होने पर सही इलाज कैसे किया जाये इसके बारे में पशु पालकों को




जागरूक करना था। यह फ्रन्ट लाइन डिमोंस्ट्रेशन वेटरनरी विश्वविद्यालय के परजीवी विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित की गई थी। इस ट्रेनिंग के मुख्य समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने बातचीत में बताया कि यह डिमोंस्ट्रेशन आई.सी.ए.आर. के एस.सी. सब प्लान की परियोजना के अन्तर्गत था। जिसकी जिम्मेदारी वेटरनरी विश्वविद्यालय के परजीवी विज्ञान विभाग को दी

**डिमोंस्ट्रेशन**

**▶▶ वेटरनरी विश्वविद्यालय के परजीवी विज्ञान विभाग द्वारा पशुपालकों ने बीच फ्रन्ट लाइन डिमोंस्ट्रेशन किया**

गई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति के पशुपालक भाइयों को जागरूक कर उनका पशु पालन सम्बन्धी ज्ञान को बढ़ाना था। इसी क्रम में परियोजना के अन्तर्गत पशु स्वास्थ्य सम्बन्धी दवाएं (पेट के कीड़ों के लिए, भूख बढ़ाने के लिए, मिन्नल मिक्कर इत्यादि), आये हुए पशुपालक भाईओं के लिए भोजन व्यवस्था, पशु वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किये गए आलेख आदि भी वितरित किये गए। इस योजना का लाभ 40 से अधिक पशुपालको ने लिया। इस अवसर पर वेटरनरी विश्वविद्यालय से आये हुए डॉ. आलोक कुमार चौधरी आदि ने पशु पालक सम्बन्धी वैज्ञानिक जानकारी भी पशु पालकों को दी। डॉ. प्रदीप कुमार (सहायक आचार्य), प्रमोद कुमार (परजीवी विज्ञान विभाग) तथा गांव के प्रधान तेज सिंह, विजय सिंह, रमेश सिंह एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सेंसोडाइन ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे 2025 कैंपेन की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार । सेंसोडाइन ने** 24 घंटे में सबसे ज्यादा ऑनलाइन डेंटल स्क्रीनिंग टेस्ट पूरे कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। महाकुंभ 2025 में आयोजित इस पहल में लगभग 27,000 से ज्यादा लोगों ने डेंटल चेकअप कराया। यह भारत में ओरल केयर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक बहुत बड़ी कामयाब कोशिश रही। इस पहल में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए सेंसोडाइन ने अपने नए 20 रुपए के छोटे टूथपेस्ट पैक बाँटे, जो सेंसिटिविटी से सुरक्षा अब कम दाम में उपलब्ध कराएगा। यह रिकॉर्ड सेंसोडाइन, के वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे कैंपेन की शुरूआत भी करता है, जिसका लक्ष्य लोगों को बेहतर ओरल हेल्थ की ओर कदम बढ़ाने के लिए जागरूक करना है। सेंसोडाइन, पिछले 10 सालों से भी ज्यादा समय से लोगों को दांतों की सेंसिटिविटी पहचानने और सही समय पर उसके लिए कदम लेने के लिए जागरूक कर रहा है। इस दौरान, ब्रांड ने पूरे भारत में "चिल टेस्ट" किए हैं, जिससे लाखों लोगों को उनकी समस्या को समझ कर उसके लिए कदम लेने और फिर से अपने पसंदीदा खाने का लुत्फ उठाने में मदद मिली है। यह पहल लोगों की जीवन की खुशहाली लौटने की दिशा में एक बड़ा कदम है।किशले सेठ, कैटेगरी लीड, ओरल हेल्थ, हेलियोन इंडिया सबकॉन्टिनेंट ने बताया कि, सेंसोडाइन, में हमारा लक्ष्य लोगों को उनकी ओरल हेल्थ की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। महाकुंभ 2025 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि यह हजारों लोगों तक पहुंचने, जागरूकता बढ़ाने और हर दिन बेहतर ओरल हेल्थ को प्रोत्साहित करने की हमारी कोशिशों का हिस्सा है। हम इस पहल को आगे बढ़ा रहे हैं और वर्ल्ड ओरल हेल्थ मंथ के दौरान ओरल हेल्थ की शिक्षा को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही, फ्री डिजिटल डेंटल चेक-अप की सुविधा भी दे रहे हैं। ओरल केयर की शिक्षा, जागरूकता और सही इलाज सभी के लिए सुलभ करने की इन लगातार कोशिशों के जरिए सेंसोडाइन, भारत में ओरल हेल्थ को बेहतर बनाने में लगा है।

# 10 लाख नए युवा उद्यमी तैयार करेगी सरकार: सीएम

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत गोरखपुर व बस्ती मंडल के 2500 लाभार्थियों को किया 100 करोड़ रुपये का ऋण

**देश की ऊर्जा**

**मोदी कहते हैं कि युवा देश की ऊर्जा हैं। इन्हें सही राह दिखाकर उचित अवसर प्रदान किए जाने की आवश्यकता**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि युवा देश की ऊर्जा हैं। इन्हें सही राह दिखाकर उचित अवसर प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। पीएम मोदी की प्रेरणा से डबल इंजन की भाजपा सरकार ने प्रदेश के अंदर 10 लाख नए युवा उद्यमी को तैयार करने के अभियान को अपने हाथ में लिया है। सीएम योगी ने बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत गोरखपुर व बस्ती मंडल के 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ रुपये का ऋण तथा ओडीओपी के अंतर्गत दोनों मंडलों के 2100 प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरण किया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। एमएसएमई विभाग की तरफ से लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। सीएम ने कहा कि होली के पहले प्रदेश के युवाओं को दिए जा रहे सौगात का लाभ नए युवा उद्यमी बनने में मदद करेगा।

**2.54 लाख से अधिक आवेदन आ चुके**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना 24 जनवरी 2025 को प्रारंभ की। अभी लगभग सवा महीने हुए हैं। इससे पूरे वर्ष भर में एक लाख नए उद्यमियों को जोड़ना था, लेकिन अभी तक ही 2लाख 54 हजार 794 आवेदन आ चुके हैं। यही स्कीम की लोकप्रियता है। इसमें से एक लाख आवेदन बैंकों को भेज दिए गए हैं। 24 हजार लाभार्थियों को 931 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हो गया है और 10,500 लाभार्थियों को 410 करोड़ रुपये वितरण भी किया जा चुका है। गोरखपुर व बस्ती मंडल के 1440 लाभार्थियों को 67.14 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत करते हुए 575 लाभार्थियों को 25.80 करोड़ का ऋण पहले वितरित किया जा चुका है। आज 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ ऋण वितरण की व्यवस्था की गई है।

**एससी-एसटी, महिला व अतिपिछड़ी जाति के लिए अतिरिक्त सुविधा का प्रावधान**

**सीएम** ने कहा कि उपराष्ट्रपति के हाथों मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्कीम का पोर्टल प्रारंभ कराया। इसमें हमने व्यवस्था दी कि एक वर्ष में एक लाख नए उद्यमी, पांच लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराएंगे। 10 प्रतिशत तक मार्जिन मनी भी सरकार उपलब्ध कराएगी। अनुसूचित जाति-जनजाति, महिला व अतिपिछड़ी जाति के लिए अतिरिक्त सुविधा का प्रावधान किया गया है। यह लोग भी आज इस कार्यक्रम के साथ जुड़े हैं।

**हौसला से उड़ान का रास्ता तय करेगा युवा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं में ऊर्जा है और वे कुछ नया कर सकते हैं। जिन सीएम युवा उद्यमियों को पहले यह सुविधा मिली है, मैंने उनके स्टॉल पर जाकर उनके द्वारा किए गए कार्यों को देखा है। युवाओं ने रेडिमेड गारमेंट्स, फूड प्रोडक्ट समेत कई कारोबार प्रारंभ किया है। आज काम की कमी नहीं है, बस हौसला चाहिए। हौसला है तो युवा उड़ान का रास्ता तय कर लेगा।

**सामर्थ्य व ऊर्जा से दुनिया को अपना अनुगामी बनाता है भारत**

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत नई दिशा में चला है। पिछले 10 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन किया जा रहा है। नया भारत ऊर्जा व सामर्थ्य से दुनिया को अपना अनुगामी बनाता है। इस ऊर्जा के प्रतीक हैं युवा, जिन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया। अगले दो वर्ष में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने में सबसे बड़ी भूमिका नए युवा उद्यमियों की होगी। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप, स्टैंडअप, मेक इन इंडिया की संस्कृति को आगे बढ़ाया गया, जो युवाओं को बढ़ाकर आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार कर रहा है।

**युवाओं के विजन को धरातल पर उतारेंगे**

सीएम ने कहा कि आज गोरखपुर व बस्ती के सातों जनपद (गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर) के युवाओं को ऋण वितरित किया गया। सीएम ने कहा कि जब हम यह स्कीम बना रहे थे, तभी आपकी ऊर्जा पर विश्वास था।

# आतंकी तहव्वुर राणा ने की प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**वॉशिंगटन: 2008 मुंबई** आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने एक बार फिर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। राणा ने अपनी अपील में भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की है। राणा ने कहा है कि उसे भारत में प्रताड़ित किया जा सकता है। क्योंकि वह पाकिस्तान मूल का है। हाल ही में पीएम मोदी के अमेरिका दौरे के दौरान ट्रंप प्रशासन ने तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण की आखिरी मंजूरी दे दी थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया था कि उनके प्रशासन ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों में अपनी भूमिका के लिए भारतीय जांच एजेंसियों की ओर से वांछित तहव्वुर राणा को भारत में न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने की मंजूरी दे दी है। राणा ने अपने आवेदन में कहा है कि वह कई बीमारियों से पीड़ित है। वह हृदय धमनी विकार, पार्किंसंस और यूरिनल कैंसर का रोगी है। राणा के वकीलों का तर्क है कि वह मुकदमे का सामना करने के लिए लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकता है।

**कौन है तहव्वुर राणा**

तहव्वुर हुसैन राणा (63 वर्षीय) पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है। राणा, पाकिस्तानी सेना में भी काम कर चुका है और सेना में डॉक्टर रहा। हालांकि 90 के दशक में राणा कनाडा चला गया और फिर उसने वहीं की नागरिकता ले ली थी। कनाडा से तहव्वुर राणा अमेरिका पहुंचा और वहां उसने शिकागो में एक इमिग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म खोली। मुंबई हमले का दोषी डेविड हेडली, तहव्वुर राणा का दोस्त था। दावा है कि तहव्वुर राणा ने ही डेविड हेडली को अपराध की दुनिया में धकेला। हेडली ने ही 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के लिए रेकी की। हेडली को बाद में अमेरिका से गिरफ्तार किया गया था। हेडली से पूछताछ में ही तहव्वुर राणा की मुंबई हमले में संलिप्तता का खुलासा हुआ था।

मुंबई हमले से पहले डेविड हेडली ने मुंबई में ताज महल होटल और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसी प्रमुख जगहों की रेकी की थी।

**सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी थी**

**जनवरी** में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी थी, क्योंकि कोर्ट ने मामले में उसकी समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया था। भारत ने पिछले महीने कहा था कि वह तहव्वुर राणा के जल्द प्रत्यर्पण के लिए अमेरिकी अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। 26 नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकियों के एक समूह ने अरब सागर में समुद्री मार्ग के जरिए भारत की वित्तीय राजधानी में घुसने के बाद एक रेलवे स्टेशन, दो होटलों और एक यहूदी केंद्र पर हमला किया था।

# हिमाचल: विद्यार्थियों को नशा मुक्ति शपथ पत्र भरना अनिवार्य




**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला। हिमा**चल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में प्रवेश लेने वाले नए विद्यार्थियों को अब नशा न करने का शपथ पत्र भरना अनिवार्य होगा। इसके अलावा विश्वविद्यालय प्रशासन अभिभावकों को भी पत्र या ई-मेल के माध्यम से जागरूक करेगा। यह निर्णय मंगलवार को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कोर्ट की 35वीं बैठक में लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति शिव प्रताप शुक्ल ने की। बैठक में राज्यपाल ने वर्ष 2021-22 तथा 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट को अनुमोदित किया तथा वर्ष 2018-19 का वार्षिक लेखा को भी अनुमोदित किया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के विकास और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर विस्तृत चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि नशाखोरी एक गंभीर समस्या है और इससे निपटने के लिए कॉलेज स्तर पर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को पुनर्प्रतिष्ठित करने के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया और कहा कि शिक्षण संस्थानों को केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए।

**सदस्यों की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी**

**राज्यपाल** ने बैठक के दौरान विश्वविद्यालय कोर्ट के सदस्यों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि अनुपस्थित सदस्यों को इस बारे में अवगत कराया जाए। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय कोर्ट का मुख्य दायित्व संस्थान की नीतियों और कार्यक्रमों को समय-समय पर निर्धारित करना है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। बैठक में राज्यपाल ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों खेल-कूद जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

# लोक कल्याण की भावना से कार्य करें:मोहन भागवत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना/सुपौल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गुरुवार को बिहार के सुपौल जिले के वीरपुर में सरस्वती विद्या मंदिर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमें लोक कल्याण की भावना को लेकर कार्य करना चाहिए। कार्य की सफलता के लिए पुरुषार्थ करना होगा। डॉ. भागवत ने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता के लिए विविध प्रयास करने पड़ते हैं। भाग्य को अनुकूल बनाने के लिए हमें योग्य कर्ता बनाना होगा। विद्या भारती समाज की सहायता से देशभर में 21 हजार विद्यालय संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं सबका पेट भर सकूं इस भावना से विद्या भारती के विद्यालयों में छात्र तैयार किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में शिक्षा को पैसे से गिनने की परंपरा नहीं है। मनुष्य सृष्टि का सबसे बुद्धिमान प्राणी है इसलिए शिक्षा पाने का अधिकार सबको है। शिक्षा मनुष्य को मनुष्य बनाता है। मनुष्य ने काफी प्रगति कर लिया है, मनुष्य सुखी रहे पर्यावरण की हानि ना हो ऐसा कार्य होना चाहिए। इस अवसर पर संघ उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र कार्यवाह डॉ. मोहन सिंह, लोकशिक्षा समिति बिहार के प्रदेश मंत्री डॉ सुबोध कुमार, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव डॉ. ललन प्रसाद सिंह, भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम, संघ के क्षेत्र प्रचारक रामनवमी जी क्षेत्र सह कार्यवाह दिनेश प्रसाद, क्षेत्र शारीरिक शिक्षण प्रमुख मनोज कुमार मौजूद रहे।




**विविध प्रयास**

**डॉ. भागवत ने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता के लिए विविध प्रयास करने पड़ते हैं।**

# ट्रक-कार में टक्कर, पांच की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर: छत्तीसगढ़** की राजधानी रायपुर से भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के तहत नेशनल हाइवे 53 पर ट्रक और कार के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई। इस हादसे में कुल पांच लोगों की मौत हो गई है। घटना उमरिया के मयूर कॉलेज के पास हुआ। यह घटना मंदिर हसौद थाने क्षेत्र की है। मृतकों में महिलाएं भी शामिल हैं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की सहायता से शवों को बाहर निकाला गया। इस भीषण सड़क हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। शव के क्षत-विक्षत होने से अभी तक मृतकों की शिनाख्ती नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि कार के टायर फटने से यह घटना घटी। हादसे के बाद हाइवे पर जाम लग गया। जानकारी होने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाला।

**दुर्घटना**

**नेशनल हाइवे 53 पर ट्रक और कार के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई, कार का टायर फटा**

# योगी सरकार ने मिल्कीपुर के विकास के लिए खोला खजाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्या।** वादों पर खरा उतरने वाली प्रदेश की योगी सरकार ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए खजाना खोल दिया है। पर्यटन व सांस्कृतिक दृष्टि से भी मिल्कीपुर को सजाया और संवारा जाने लगा है। इसी क्रम में 106.60 लाख रुपये से विकास खण्ड अमानीगंज के राम पट्टी में स्थित गहनाग बाबा धाम का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। राम मंदिर निर्माण के बाद जिले के सभी पौराणिक स्थलों को विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। मिल्कीपुर में विधानसभा के उपचुनाव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं यह घोषणा की थी कि गहनाग बाबा धाम का जल्द ही सौंदर्यीकरण कराया जायेगा। इस क्रम में कार्य शुरू हो चुका है। बता दें कि मिल्कीपुर में सड़कों के निर्माण व कुछ विद्यालयों के निर्माण की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। वह सब निमार्णाधीन हैं।

गहनाग बाबा धाम आस्था का केंद्र है। यहां लगने वाले मेले के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को देखते हुए इसका पर्यटन विकास करने का प्लान बनाया गया है।

**सम्मान**

**अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर विजय के बाद विरासत को मिलने लगा सम्मान**

# जदयू एमएलसी को विधायक ने पाकिस्तान जाने की दी सलाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक अबू आजमी के बयान का समर्थन करते हुए बिहार में जदयू के एमएलसी खालिद अनवर ने औरंगजेब को अच्छा शासक बताया। इस पर बिहार भाजपा के फायर ब्रांड विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने आज विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में खालिद अनवर को पाकिस्तान जाने की सलाह दे दी।

**हंगामा**

## मौलवी बोले- रोजा न रखकर गुनाह किया, शरीयत की नजर में वह अपराधी

# रोहित के बाद अब मोहम्मद शमी पर बवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई: भारतीय** क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को लेकर जुबानी जंग छिड़ गई है। दरअसल, चैंपियंस ट्रॉफी के मैच के दौरान खेलते वक्त शमी पानी पीते नजर आए थे। तब से ही वे कुछ मौलवियों के निशाने पर हैं। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने शमी के एनर्जी ड्रिंक पीने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि रमजान के दौरान रोजा न रखना गुनाह है। इस पर एआईआईए के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने पलटवार किया और रोजा रखने या न रखने को निजी मामला बताया। अब इस पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) विधायक रोहित पवार की भी प्रतिक्रिया आई है।



**शरीयत की नजर में वह अपराधी: मौलवी**

इससे पहले ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने शमी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा, 'अनिवार्य कर्तव्यों में से एक है रोजा (उपवास)। अगर कोई स्वस्थ पुरुष या महिला रोजा नहीं रखता है, तो वह बड़ा अपराधी है। भारत के एक प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद शमी ने मैच के दौरान पानी या कोई अन्य पेय पदार्थ पी लिया। लोग उन्हें देख रहे थे। अगर वह खेल रहे हैं, तो इसका मतलब है कि वह स्वस्थ हैं। ऐसी हालत में उन्होंने रोजा नहीं रखा और पानी भी पी लिया। इससे लोगों में गलत संदेश जाता है। रोजा न रखकर उन्होंने गुनाह किया है। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। शरीयत की नजर में वह अपराधी हैं। उन्हें खुदा को जवाब देना होगा।' मामले में रोहित पवार ने कहा, 'देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अगर मोहम्मद शमी को लगता है कि रोजे की वजह से उनके प्रदर्शन पर थोड़ा भी असर पड़ेगा या कुछ हो गया तो वह कभी सो नहीं पाएंगे। वह एक कट्टर भारतीय हैं, जिन्होंने कई बार टीम को जीत दिलाई है। खेलों में धर्म को नहीं लाना चाहिए।

